खबरें जो सोच बदल दे

शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 16 नवंबर, 2025 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु.| वर्ष-7 | अंक-313

जम्मू-कश्मीर के नौगाम में हुआ बड़ा दुर्घटनाग्रस्त धमाका, 9 की मौत

गृह मंत्रालय कर रहा जाँच

नई दिल्ली/श्रीनगर, 15 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर के नौगाम पुलिस स्टेशन में हुए एक बड़े दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटनाग्रस्त विस्फोट में नौ लोगों की मौत हो गई है, जबकि 32 अन्य घायल हुए हैं।गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव, प्रशांत लोखंडे ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि इस घटना के कारणों की जाँच की जा रही है और धमाके के कारण को लेकर कोई भी अन्य अटकलें लगाना अनावश्यक है।

उन्होंने बताया कि श्रीनगर के बाहरी इलाके में स्थित नौगाम पुलिस स्टेशन के परिसर में एक आतंकवादी मॉड्यूल की जाँच के दौरान भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ और रसायन बरामद किए गए थे, जिन्हें खुले क्षेत्र में सुरक्षित रखा गया था।

लोखंडे ने कहा कि मानक और निर्धारित प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, बरामद विस्फोटकों को फोरेंसिक और रासायनिक जाँच के लिए भेजा गया था। उन्होंने बताया कि बरामदगी की भारी मात्रा के कारण यह प्रक्रिया पिछले दो दिनों से लगातार जारी थी। संयुक्त सचिव ने कहा कि बरामद सामग्री की अस्थिर और संवेदनशील प्रकृति के कारण, इसे विशेषज्ञ पर्यवेक्षण में बहुत सावधानी से संभाला जा रहा था।

लोखंडे ने कहा, हालांकि, इसी प्रक्रिया के दौरान, 14 नवंबर की रात लगभग 11:20 बजे एक दुर्घटनाग्रस्त विस्फोट हुआ। इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में नौ लोगों की जान चली गई, जबकि 27 पुलिसकर्मी, ▶10पर

स्वतंत्रता आंदोलन में ट्राइबल समाज के योगदान को भुला नहीं सकते : मोदी

नर्मदा, 15 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के नर्मदा में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित मजनजातीय गौरव दिवसफ कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव हजारों वर्षों से हमारे भारत की चेतना का अभिन्न हिस्सा रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन में ट्राइबल समाज के योगदान को हम भुला नहीं सकते हैं। नर्मदा में भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मां नर्मदा की ये पावन धरती आज एक और ऐतिहासिक आयोजन की साक्षी बन रही है। अभी 31 अक्टूबर को हमने यहां सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनाई। हमारी एकता और विविधता को सेलिब्रेट करने के लिए भारत पर्व शुरू हुआ है। आज भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के इस भव्य आयोजन के साथ हम भारत पर्व की पूर्णता के साक्षी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2021 में हमने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की शुरुआत की थी। जनजातीय गौरव हजारों वर्षों से हमारे भारत की चेतना का अभिन्न हिस्सा रहा है। पीएम मोदी ने कहा, जब-जब देश के सम्मान, स्वाभिमान और स्वराज की बात आई, तो हमारा आदिवासी समाज सबसे आगे खड़ा हुआ। हमारा स्वतंत्रता संग्राम इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। स्वतंत्रता आंदोलन में ट्राइबल समाज के योगदान को हम भुला नहीं सकते। विकास और जनजातीय कल्याण से जुड़े कई प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि स्वास्थ्य, सड़क और यातायात से जुड़े कई और प्रोजेक्ट्स शुरू हुए हैं। मैं इन सभी विकास कार्यों के लिए, सेवा कार्यों के लिए, कल्याण योजनाओं के लिए ▶10पर

मोदी ने देवमोगरा धाम में किये पांडोरी माता के दर्शन

नर्मदा, 15 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के नर्मदा जिले की अपनी यात्रा के दौरान प्रसिद्ध याहामोगी देवमोगरा धाम में पांडोरी माता के दर्शन किये। श्री मोदी ने देवमोगरा धाम मंदिर में पांडोरी माताजी के दर्शन, विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती की। इससे पहले सड़क के दोनों ओर खड़े लोगों ने लोकनृत्य के माध्यम से हाथों में तिरंगा लिए उनका भव्य स्वागत किया। सतपुड़ा पर्वतमाला में प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थित यह मनमोहक धाम आदिवासी समाज के लोगों की आस्था का केन्द्र है, जिसकी महिमा अनूठी है। सतपुड़ा की पर्वतमाला के बीच स्थित पौराणि मंदिर देवमोगरा धाम बाहर से नेपाल के पशुपतिनाथ जैसा दिखायी देता है। नर्मदा जिले की सागबारा तहसील के देवमोगरा में आदिवासियों की कुलदेवी पांडोरी माता (याहमोगी) का मंदिर है। सतपुड़ा की पर्वतमालाओं में प्रकृति की गोद में बसे इस धाम में स्वयंभू याहा पांडोरी देवमोगरा माता आदि-अनादि ▶10पर

श्रीनगर के नौगाम थाने में विस्फोट दुर्घटनावश हुआ, इसे लेकर अनावश्यक अटकलें न लगाई जाएं : गृह मंत्रालय

नयी दिल्ली/श्रीनगर, 15 नवंबर (एजेंसियां)। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर के नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात हुए विस्फोट को दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना बताते हुए कहा है कि यह जब्त किये गये विस्फोटक पदार्थों और रसायनों को परीक्षण के लिए भेजे जाने से पहले हुआ जिसके कारणों की जांच की जा रही है और इसे लेकर अनावश्यक अटकलें नहीं लगायी जानी चाहिए।इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में नौ लोगों की मृत्यु हो गई और 27 पुलिस कर्मी, दो राजस्व अधिकारी और तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव (जम्मू कश्मीर) प्रशांत लोहखंडे ने शनिवार को नयी दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि शुक्रवार रात को 11 बजकर 20 मिनट पर दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जम्मू और कश्मीर के नौगाम पुलिस स्टेशन के अंदर एक बड़ा विस्फोट हुआ। उन्होंने कहा कि नौगाम पुलिस स्टेशन के पुलिसकर्मियों ने वहां हाल ही में लगाये गये एक पोस्टर से मिली जानकारी ▶10पर

नौगाम विस्फोट : विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश

जम्म/श्रीनगर, 15 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने नौगाम में हुए आकस्मिक विस्फोट की जांच के आदेश दिए हैं।

श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में हुए दुखद आकस्मिक विस्फोट में हुई कई लोगों की मौत पर दुःख व्यक्त करते हुए उप-राज्यपाल सिन्हा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्रीनगर के नौगाम पुलिस स्टेशन में हुए अत्यंत दुखद आकस्मिक विस्फोट में बहुमूल्य जानें जाने से मुझे गहरा दुःख हुआ है।

उन्होंने पोस्ट किया, शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ।

उन्होंने आगे पोस्ट किया, सरकार दिवंगत लोगों के परिवारों, मित्रों और प्रियजनों के साथ एकजुटता से खड़ी है। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। मैंने आकस्मिक विस्फोट के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए हैं।

बिहार विधानसभा में धनकुबेरों का दबदबा 90 प्रतिशत विजयी प्रत्याशी करोड़पति

पटना, 15 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद उम्मीदवारों की आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक प्रोफ़ाइल पर एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, इस बार चुनकर आये 243 में से 90 प्रतिशत विजयी प्रत्याशी करोड़पति हैं, जिनकी औसत संपत्ति 9.02 करोड़ रुपये आंकी गई है।

इससे स्पष्ट है कि बिहार की राजनीति में धनबल की भूमिका लगातार बढ़ती जा रही है। रिपोर्ट बताती है कि अधिकांश दलों के उम्मीदवारों की संपत्ति करोड़ों में है। करोड़पति विजयी प्रत्याशियों की इतनी बड़ी संख्या यह दर्शाती है कि आर्थिक रूप से सशक्त उम्मीदवारों की चुनावी राजनीति में पकड़ मजबूत होती जा रही है।

उधर विजयी प्रत्याशियों की शैक्षिक योग्यता भी दिलचस्प तस्वीर पेश करती है। कुल विजयी प्रत्याशियों में से 35 प्रतिशत 5वीं से 12वीं तक शिक्षित हैं। स्नातक और उससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले 60 प्रतिशत उम्मीदवार हैं। वहीं डिप्लोमा धारक विजयी प्रत्याशियों की संख्या पांच है और केवल साक्षर विजयी उम्मीदवारों की संख्या सात है।

यह आंकड़ा दर्शाता है कि उच्च शिक्षित उम्मीदवारों का दबदबा तो है, लेकिन सीमित शिक्षा वाले प्रत्याशी भी पर्याप्त संख्या में जीत दर्ज कर रहे हैं।

वहीं उम्मीदवारों की आयु सीमा के आधार पर विधानसभा की तस्वीर कुछ इस प्रकार है। 25 से 40 वर्ष आयुवर्ग के विजयी प्रत्याशियों की संख्या 38 (16 प्रतिशत) है। 41 से 60 वर्ष के बीच आयुवर्ग के कुल 143 (59 प्रतिशत) विजयी उम्मीदवार हैं और 61 से 80 वर्ष के बीच आयु वर्ग वाले विजयी प्रत्याशियों की संख्या 62 (26 प्रतिशत) है।

आंकड़ों से जाहिर होता है कि बिहार विधानसभा में सबसे ज़्यादा प्रतिनिधित्व मध्यम आयु वर्ग के नेताओं का है, जबकि युवा नेतृत्व की हिस्सेदारी अपेक्षाकृत कम है।

वहीं, 243 विजेताओं में से 12 प्रतिशत यानी 29 महिलायें इस बार विधानसभा पहुंची हैं। पिछली बार यह आंकड़ा 11 प्रतिशत था। हालांकि, इस बार महिला प्रतिनिधित्व में वृद्धि मामूली है, लेकिन महिलाओं की उपस्थिति में निरंतर वृद्धि उम्मीद की किरण दिखाती है।

आतंकी धमकी देने वालों का पता लगायेगा ट्रिपल आईटी का एआई बेस्ड साफ्टवेयर

प्रयागराज, 15 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज का ट्रिपल आईटी संस्थान एक ऐसा सिस्टम तैयार करने जा रहा है, जो आतंकी धमकी देने वालों की तह तक जाएगा। इसके लिए यहां के एक्सपर्ट एआई बेस्ड साफ्टवेयर बनाने जा रहे हैं। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से करीब 4.73 करोड़ का बजट भी स्वीकृत कर दिया गया है। इस तरह का यह देश का पहला सिस्टम होगा।

इससे पलक झपकते ही साइबर टेररिज्म को आसानी से नाकाम किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि दुनिया के किसी भी कोने से बैठ कर कोई भी यदि भारत पर बुरी नजर रखता है तो वह बच नहीं पाएगा। धमकी देने वाला व्यक्ति कहां पर छिपा बैठा हुआ है। उसकी जानकारी तत्काल यह सिस्टम आसानी से पता लगा सकेगा, कि यह धमकी कहां से आई है। ट्रिपल आईटी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. बृजेंद्र सिंह की देखरेख में इस पर काम शुरू कर दिया गया है। प्रो. वृजेंद्र सिंह ने बताया कि मिनिस्ट्री आफ इलेक्ट्रानिक एंड टेक्नोलॉजी एंड इंफार्मेशन की तरफ से यह प्रोजेक्ट संस्थान को दिया गया है। देखा जा रहा है कि आजकल साइबर सिस्टम का दुरुपयोग बहुत किया जाता है। बहुत सारी असामाजिक गतिविधियां होती रहती हैं।कहीं बम से उड़ाने की धमकी दी जाती है तो कहीं अन्य तरह की धमकियां मिलती रहती है।

इसका पता लगाने के लिए सरकार को तमाम एजेंसियों को लगाना पड़ता है। समय के साथ काफी पैसे भी खर्च होते हैं। बाद में यह पता चलता है कि फेक काल्स थी या फर्जी सूचनाएं हैं। इससे लोगों में डर का माहौल भी पैदा हो जाता है।

प्रो. सिंह ने बताया कि जो एजेंटिक एआई बेस्ड सिस्टम तैयार किया जा रहा है। इसमें तत्काल आसानी से धमकी देने वालों को लोकेट किया जा सकता है। इतना ही नहीं लोकेट करने के बाद सुरक्षा एजेंसियों को रियल टाइम में अलर्ट भेजा जाएगा।

उन्होने बताया कि इसमें हम वीपीएन-एलएलएम (लार्ज लैंग्वेज मॉडल) टाइप का सिस्टम डेवलप कर रहे हैं। यह पूरी कुंडली बता देगा आपराधिक व आतंकी गतिविधियों की। इसमें हम नार्मल ट्रैफिक के साथ साथ डार्कवेब की भी मानिटरिंग करेंगे।दरअसल, इस हाइटेक साफ्टवेयर को तैयार करने में करीब तीन साल का समय दिया गया है। इसके लिए ट्रिपल आईटी प्रयागराज में अलग से हाइटेक लैब भी बनाया जा रहा है। ▶10पर

लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने छोड़ी राजनीति

मैं अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हूं: रोहिणी आचार्य

पटना, 15 नवंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पुत्री रोहिनी आचार्या ने राजनीति छोड़ने का एलान कर दिया है। इतना ही नहीं उन्होंने अपने परिवार से दूरी बनाने की भी घोषणा कर दी है। रोहिणी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं राजनीति छोड़ रही हू और अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हूं। यह वही बात है जो संजय यादव और रमीज ने मुझसे कहने को कहा था। राजद की हार की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि मैं सारी जिम्मेदारी ले रही हूं। दरअसल, रोहिणी आचार्य, तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव की राजद में दखल से नाराज चल रही हैं। 18 सितंबर को भी उन्होंने किसी अन्य के सोशल मीडिया पोस्ट को शेयर करते हुए तेजस्वी यादव के साये बने राज्यसभा सांसद संजय यादव को निशाने पर लिया था। उन्होंने अपने भाई तेजस्वी यादव के करीबी सांसद संजय यादव को निशाना साधते हुए लिखा था कि लालू-तेजस्वी की जगह लेने की कोशिश करने वालों को देखना पसंद नहीं करती हैं। रोहिणी आचार्य ने जो शेयर किया था, उसमें लिखा था किफ्रंट सीट सदैव शीर्ष के नेता, नेतृत्वकर्ता के लिए चिन्हित होती है और उनकी अनुपस्थिति में भी किसी को उस सीट पर नहीं बैठना चाहिए। वैसे अगर कोई अपने आप को शीर्ष नेतृत्व से भी ऊपर समझ रहा है, तो अलग बात है। इसके बाद फिर से रोहिणी ने अपने पिता लालू प्रसाद यादव को जीवनदान देने वाला फोटो-वीडियो शेयर करते हुए लिखा है जो जान हथेली पर रखते हुए बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने का जज्बा रखते हैं, बेखौफी-बेबाकी-खुद्दारी तो उनके लहू में बहती है। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी लिखा था कि मैंने एक बेटी व बहन के तौर पर अपना कर्त्तव्य एवं धर्म निभाया है और आगे भी निभाती रहूंगी। मुझे किसी पद की लालसा नहीं है, न मेरी कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा है। मेरे लिए मेरा आत्म-सम्मान सर्वोपरि है। अब रोहिणी की यह दोनों पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। रोहिणी के समर्थकों ने लिखा कि बिहार एक बेटी की यह कुर्बानी कभी नहीं भूलेगा। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के लिए आपने जो किया उसे भूला नहीं जा सकता। ▶10पर

कार्टून कॉर्नर

साथ उड़े सुखोई और फ्रेंच लड़ाकू विमान

युद्धाभ्यास से भारतीय वायुसेना को मिलेगी नई मजबूती

पेरिस, 15 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय वायुसेना ने फ्रांस में शुरू हो रहे द्विपक्षीय वायु युद्धाभ्यास गरुड़-25 में अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज करा दी है। रविवार से 27 नवंबर 2025 तक चलने वाले इस संयुक्त अभ्यास में भारतीय वायुसेना के सुखोई-30 एमकेआई फ्रांस की एयर एंड स्पेस फोर्स के उन्नत मल्टीरोल लड़ाकू विमानों के साथ कई जटिल युद्ध स्थितियों का अभ्यास करेंगे। यह अभ्यास दोनों देशों की वायु क्षमताओं और सैन्य साझेदारी को नई मजबूती देने वाला माना जा रहा है। इस 8वें संस्करण का मुख्य उद्देश्य वास्तविक युद्ध स्थितियों जैसे एयर-टू-एयर कॉम्बैट, एयर डिफेंस मिशन और संयुक्त स्ट्राइक ऑपरेशंस में समन्वय और तालमेल को मजबूत करना है। भारतीय वायुसेना ने बताया कि ऐसे अभ्यासों से न सिर्फ रणनीति और संचालन तकनीक में सुधार होता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दोनों सेनाओं की इंटरऑपरेबिलिटी भी बढ़ती है। गरुड़-25 में भारत और फ्रांस अपने पायलटों, तकनीकी स्टाफ और संचालन विशेषज्ञों के बीच पेशेवर समन्वय को और बेहतर बनाएंगे। भारतीय वायुसेना का दल 10 नवंबर को फ्रांस पहुंच चुका है। अभ्यास के लिए सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान मुख्य भूमिका में रहेंगे। उनकी लॉजिस्टिक और परिचालन जरूरतों के लिए सी-17 ग्लोबमास्टर-III एयरलिफ्ट विमान का इस्तेमाल इंडक्शन और डी-इंडक्शन चरणों में किया जा रहा है। वहीं, आईएल-78 एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग टैंकर सुखोई विमानों की रेंज बढ़ाने और लंबे समय तक मिशन को जारी रखने में मदद करेंगे। अभ्यास के दौरान भारतीय सुखोई विमान फ्रांसीसी बहु-भूमिका लड़ाकू विमानों के साथ संयुक्त मिशन उड़ाएंगे। इसमें हाई-थ्रेट एयरस्पेस, मल्टी-एसेट स्ट्राइक पैकेज, इंटरसेप्शन मिशन और एयर डिफेंस की उन स्थितियों का अभ्यास शामिल है, जो वास्तविक युद्ध परिस्थितियों में सामने आती हैं। दोनों देशों के पायलट साझा तौर पर इन मिशनों की प्लानिंग और डी-ब्रीफिंग करेंगे, जिससे तकनीकी दक्षता और अनुभव का आदान-प्रदान हो सके। गरुड़-25फ भारतीय और फ्रांसीसी वायुसेना के बीच पेशेवर संवाद का एक बड़ा मंच भी है। इसमें रणनीतिक संचालन, मिशन प्लानिंग, ▶10पर

सर्राफ़ा बाज़ार

(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 1,27,260/- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 1,59,505/- (प्रति किलोग्राम)

नेपाल में संदिग्ध गतिविधि के आरोप में 4 चीनी नागरिक गिरफ्तार, सभी व्यावसायिक वीज़ा पर आए

काठमांडू, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

व्यावसायिक वीज़ा पर नेपाल में रहते संदिग्ध गतिविधि संचालित करने के आरोप में चार चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। अध्यागमन विभाग के प्रवक्ता टीकाराम ढकाल के अनुसार, शुक्रवार को एक महिला तथा तीन पुरुषों को गिरफ्तार किया गया। उन्हें काठमांडू के सोह्लखुट्टे क्षेत्र से नियंत्रण में लिया गया। यह स्थान बड़ी संख्या में चीनी नागरिकों के रहने के कारण 'चाइनीज हाउजिंग' नाम से भी जाना जाता है।

गिरफ्तार चीनी नागरिकों के पास व्यावसायिक वीज़ा होने के बावजूद वे अपने व्यवसाय, कंपनी के नाम और उससे संबंधित किसी भी जानकारी का विवरण प्रस्तुत करने में असमर्थ पाए गए। प्रारंभिक जाँच में यह खुलासा हुआ है कि ये लोग आर्थिक रूप से कमजोर नेपाली युवतियों को नौकरी का प्रलोभन देकर सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म टिकटक पर वीडियो बनाने के लिए प्रेरित करते थे तथा टिकटक के माध्यम से अन्य चीनी नागरिकों से मित्रता कर विवाह करवाने की कोशिश करते थे।

अध्यागमन विभाग ने जानकारी दी कि कुछ युवतियों को चीन ले जाकर विवाह कराने के बहाने चीन भी भेजा गया था। इसके अतिरिक्त, घर किराए पर लेकर नेपाली युवतियों को रखा जाता था और उन्हें विभिन्न देशों में ले जाया जाता था। नियंत्रण में लिए गए दो व्यक्तियों के बारे में यह भी पता चला है कि वे पिछले 10 वर्षों से नेपाल में पर्यटक, छात्र और व्यावसायिक वीज़ा पर रह रहे थे। वीज़ा जाँच के दौरान वे पासपोर्ट और वीज़ा प्रस्तुत करने में विफल रहे तथा अध्यागमन और सुरक्षा अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार भी किया।

नेपाल के अध्यागमन कानून के अनुसार, विदेशियों के प्रवेश, उपस्थिति और प्रस्थान से संबंधित कागजातों की जाँच किसी भी समय और स्थान पर की जा सकती है तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हें हिरासत में लिया जा सकता है। अध्यागमन नियमावली के तहत विदेशी नागरिक जिस उद्देश्य के लिए वीज़ा प्राप्त करता है, उसके अतिरिक्त किसी अन्य गतिविधि में संलग्न नहीं हो सकता।

न्यूज ब्रीफ

बड़ा खुलासाः कंगाल पाकिस्तान के सेना प्रमुख मुनीर ने ट्रंप के तलवे चाटने के लिए करोड़ों उड़ाए

न्यूयार्क। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चौपट है। गरीबी और कंगाली से जूझ रहे इस देश के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने व्हाइट हाउस तक पहुंचने और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तलवे चाटने के लिए करोड़ों रुपए उड़ा दिए। इस खुलासा एक अमेरिकी अखबार ने किया है। अखबार ने दावा किया है कि भारत-पाकिस्तान के बीच जंग और उसमें डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका से लेकर नोबल पुरस्कार के लिए सिफारिश तक, सब कुछ धंधे का खेल है। रिपोर्ट कहती है कि पाकिस्तान ने व्हाइट हाउस तक अपनी पैठ बनाने में उसने करोड़ों डॉलर उड़ा दिए हैं। पाकिस्तान ने अप्रैल से लेकर मई तक यानि 2 महीने के अंदर लाखों-करोड़ों डॉलर उड़ा दिए, ताकि उन्हें व्हाइट हाउस में भारत से ज्यादा एक्सेस मिल सके। बता दें कि ये वही समय था, जब भारत में पहलगाम में पाकिस्तान के पाले आतंकियों ने हमला किया था और जबह भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, तो पाकिस्तान के कहने पर डोनाल्ड ट्रंप ने सीजफायर कराने में अपनी ताकत झोंक दी। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान ने जो करोड़ों डॉलर लॉबींग यानि अपनी हवा बनाने में खर्चा किए हैं, उसकी का नतीजा है कि अमेरिका में पॉलिसी शिफ्टिंग दिखाई दे रही है। जो अमेरिका आतंकवादी देश मानकर पाकिस्तान को फंडिंग देना भी बंद कर चुका था, वो उससे बड़ी-बड़ी डील कर रहा है। पाकिस्तान के सेना प्रमुख की मेजबानी कर रहा है। पाकिस्तान और डोनाल्ड ट्रंप के बीत रिश्ते अगर ठीक हुए हैं, तो ये पाकिस्तान के भारी-भरकम खर्चे और बेपनाह चापलूसी की कीमत पर हुआ है। जिस पाकिस्तान में अपनी अवाम को रोटी खिलाने के पैसे नहीं हैं, जो अपनी अंदरूनी सुरक्षा करने में नाकाम है, उसने कर्जे के पैसे को कूटनीति पर खर्चा कर दिया। रिपोर्ट बताती हैं कि अप्रैल-मई में सबसे ज्यादा पैसे पाकिस्तान ने लॉबी बनाने में उड़ाए हैं। इतना ही नहीं दावा ये भी किया गया है कि भारत इस काम में जितने पैसे खर्च करता है, पाकिस्तान ने उसका तीन गुना खर्चा वॉशिंगटन तक पहुंच बनाने में उड़ाए हैं। इसी का असर है कि डोनाल्ड ट्रंप सीजफायर-सीजफायर का पहाड़ा आज तक रट रहे हैं और पाकिस्तान डोनाल्ड ट्रंप को दुनिया का सबसे महान इंसान बताता है।

बांग्लादेश में पूर्व पीएम शेख हसीना के खिलाफ 17 को तय होगी सजा

ढाका। बांग्लादेश में पूर्व पीएम शेख हसीना के खिलाफ सभी मामलों में सजा सुनाने की तारीख इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल ने तय कर दी है। आईसीटी शेख हसीना के मामले में 17 नवंबर को सजा सुनाएगी। गौरतलब है कि शेख हसीना की सरकार जुलाई 2024 में गैर-लोकतांत्रिक तरीके से गिरा दी गई थी। इसके बाद शेख हसीना ने अपना देश छोड़ कर भारत आ गई थीं। इस बीच उनके ऊपर हत्या और साजिश के आरोप लगाए गए हैं। हसीना के खिलाफ दर्जनों मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जुलाई 2024 में बांग्लादेश में छात्र आंदोलन शुरू हुआ, जिसने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। इसी कथित छात्र आंदोलन की आड़ में शेख हसीना की सरकार को गिराया गया। इसके बाद अगस्त 2024 में पूर्व पीएम शेख हसीना बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गईं। इसके बाद ही बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार का गठन हुआ। वहीं यूएन की रिपोर्ट के मुताबिक जुलाई में हुई हिंसा में करीब 1,400 लोगों की मौत हो गई थी। हसीना की तत्कालीन सरकार पर हत्या, अपराध रोकने में नाकामी और मानवता के खिलाफ अपराध के अलावा छात्रों को गिरफ्तार कर टॉर्चर करने, एक्स्ट्रा ज्यूडिशियल किलिंग, फायरिंग, और लीथल फोर्स का इस्तेमाल करने का आदेश देने समेत तमाम आरोप लगे हैं।

पाकिस्तान में 2.5 करोड़ बच्चे स्कूल से वंचित

इस्लामाबाद। पाकिस्तान शिक्षा संस्थान (पीआईई) की एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में 2.5 करोड़ से ज्यादा बच्चे वर्तमान में स्कूल से वंचित हैं। इनमें से 2 करोड़ बच्चे कभी स्कूल ही नहीं गए। सबसे ज्यादा दर्दनाक बात ये है कि स्कूलों में नामांकित न होने वालों में 1,084 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। प्रांत वार आंकड़े जुटाए गए हैं, जिसमें सबसे ज्यादा बुरा हाल पंजाब का है। यहां 96 लाख बच्चे स्कूल से बाहर हैं, जिनमें 47 लाख लड़के और 48 लाख लड़कियां हैं। वहीं, सिंध में 78 लाख बच्चे शिक्षा से वंचित हैं, जिनमें लड़कों की संख्या 37 लाख और लड़कियों की 40 लाख है। खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में 49 लाख बच्चे नामांकित नहीं हैं, जिनमें 20 लाख लड़के और 29 लाख लड़कियां शामिल हैं।



सारी बर्फ पिघल जाए तो बढ जाएगा समुद्र का 70 मीटर स्तर

वाशिंगटन, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

यदि धरती पर मौजूद सभी ग्लेशियर, हिमखंड और ध्रुवीय बर्फ की चादरें एक साथ पिघल जाएँ, तो समुद्र का स्तर लगभग 70 मीटर तक बढ़ जाएगा। यह पूरी मानव सभ्यता के लिए एक बड़ा खतरा होगा। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस स्थिति के वास्तविक होने में सैकड़ों साल लग सकते हैं, लेकिन तेजी से बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन ने इसे अब अधिक संभावित बना दिया है। समुद्र का बढ़ता स्तर केवल जमीन को पानी में डुबोने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका असर पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र और मानव जीवन के हर पहलू पर गहरा होगा। भारत में तटीय क्षेत्रों को सबसे पहले खतरा होगा। पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल के तटीय इलाके धीरे-धीरे पानी में समा जाएंगे। कोलकाता, चेन्नई, विशाखापट्टनम, कोच्चि और कटक जैसे बड़े शहर पूरी तरह डूब सकते हैं। इसके अलावा, गुजरात के कच्छ क्षेत्र, जो पहले से ही समुद्र के नजदीक है, भी पूरी तरह पानी में डूब सकता है। इस बदलाव से करोड़ों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी, हजारों गांव और कस्बे पानी में समा जाएंगे और तटीय कृषि, मछली पकड़ने और व्यापार प्रभावित होंगे। दुनिया भर के बड़े तटीय शहर भी इस स्थिति का शिकार होंगे। न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा, एम्स्टर्डम, सैन फ्रांसिस्को और शंघाई जैसे शहर समुद्र में डूब जाएंगे। इसके साथ ही, छोटे द्वीप जैसे मालदीव, फिजी और श्रीलंका का अस्तित्व पूरी तरह मिट जाएगा। समुद्र का बढ़ता तापमान और खारापन समुद्री जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करेगा। कोरल रीफ, जो समुद्री पारिस्थितिकी का अहम हिस्सा हैं, नष्ट हो जाएंगे। मछलियों और अन्य समुद्री जीवों की संख्या में तेज गिरावट आएगी, जिससे समुद्री भोजन की आपूर्ति और भोजन श्रृंखला प्रभावित होगी। सारी बर्फ पिघलने से जलवायु परिवर्तन की गति और तेज हो जाएगी। तापमान इतना बढ़ जाएगा कि धरती के कुछ हिस्से रहने लायक नहीं रहेंगे। बाढ़, सूखा, तूफान और अत्यधिक गर्मी जैसी प्राकृतिक आपदाएं लगातार बढ़ेंगी। मानव समाज पर इसका असर विनाशकारी होगा। लाखों लोग अपने घर, जमीन और रोजगार खो देंगे और बड़े पैमाने पर क्लाइमेट माइग्रेशन (जलवायु पलायन) शुरू होगा। देशों के बीच सीमाएं बदलेंगी और संसाधनों को लेकर संघर्ष बढ़ेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि यह परिदृश्य तुरंत नहीं होगा, लेकिन ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरणीय दबावों के वर्तमान रुझानों को देखकर इसे पूरी तरह नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

अमेजन के घने जंगलों के बीच जलवायु परिवर्तन सम्मेलन शुरू..........गर्म हो रही धरती पर होगा चिंतन

बेलेम। अमेजन के घने जंगलों के बीच बसे शहर बेलम में संयुक्त राष्ट्र का जलवायु परिवर्तन सम्मेलन सीओपी 30 गत 10 नवंबर को शुरू हो चुका है। यह गर्म हो रही धरती के बढ़ते तापमान को थामने का एक प्रयास है। इसमें स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने, बाढ़, सूखा, तूफान सहित चरम मौसम घटनाओं से निपटने के लिए सहन क्षमता निर्माण और देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने जैसे समाधानों की पुकार लगाई गई है। जलवायु परिवर्तन से भारत सहित पूरी दुनिया जूझ रही है। इस बार की बैठक में तीन शब्द बार-बार गूंजे....फॉसिल फ्यूल्स, फाइनेंस और फॉरेस्ट। दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने के लिए फॉसिल फ्यूल यानी लकड़ी, कोयला, पेट्रोल छोड़ने, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों जैसे हीट वेव्स, बाढ़, तूफ़ान, बादल फटने से बेघर हुए लोगों और बर्बाद हुए शहरों को क्लाइमेट रेसिलिएंट फंडिंग बढ़ाने और जंगल बचाने पर दुनिया एकजुट हुई है। सीओपी 30 में पेश की गई नई रिपोर्ट क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स 2026 ने फिर याद दिलाया है कि जलवायु संकट अब भविष्य की नहीं, वर्तमान की कहानी है। रिपोर्ट के मुताबिक साल 1995 से 2024 के बीच दुनिया भर में 9,700 से अधिक चरम मौसम की घटनाओं में 8,32,000 लोगों की मौत हुई और 4.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (मुद्रास्फीति समायोजित) का आर्थिक नुकसान हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, साल 1995 से 2024 के बीच बार बार भारत पर क्लाइमेट का वार हो रहा है और चरम मौसम की घटनाओं से सबसे अधिक प्रभावित देशों में शामिल है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की नई रिपोर्ट ने चेताया है कि विकासशील देशों को साल 2035 तक हर साल करीब 310 अरब डॉलर की ज़रूरत होगी ताकि वे जलवायु प्रभावों से खुद को बचा सकें। लेकिन हकीकत यह है कि साल 2023 में यह मदद सिर्फ़ 26 अरब डॉलर रही, यानि ज़रूरत और मदद के बीच अब 12 से 14 गुना का फासला है। ब्राजील और अजरबैजान ने मिलकर बाकू-टू-बेलेम रोडमैप जारी किया, एक ऐसी योजना जो साल 2035 तक 1.3 ट्रिलियन डॉलर के क्लाइमेट फाइनेंस को जुटाने का खाका पेश करती है। ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुईज़ इनासियो लूला दा सिल्वा ने उद्घाटन भाषण में कहा, दुनिया को अब जीवाश्म ईंधन की लत छोड़नी होगी। हमें ऐसी ऊर्जा व्यवस्था बनानी होगी जो टिकाऊ भी हो और सस्ती भी। कॉप 30 के पहले दिन ही ब्राज़ील ने जंगल बचाने का अब तक का सबसे बड़ा कदम उठाते हुए एक ऐतिहासिक पहल शुरू की।

नेपाल-चीन व्यापारिक नाकों पर कड़ाई : नेपाली व्यापारी परेशान

काठमांडू, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

नेपाल-चीन व्यापारिक नाकों पर चीन की कड़ाई के कारण नेपाली कंटेनर समय पर नेपाल वापस न आ पाने के कारण नेपाली व्यवसायी परेशान हैं। एक नाका बंद होने और चीन से भी आने वाले कंटेनरों की संख्या में कमी आने की वजह से भी व्यापार प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो रहा है।

नेपाल के व्यवासियों ने यह शिकायत की है। उल्लेखनीय है कि गत जुलाई की बाढ़ के बाद से रसुवागढ़ी नाका पूर्ण रूप से बंद है, जबकि तातोपानी नाका को लंबे समय बाद संचालन में लाया गया है। मुस्तांग स्थित कोरला नाका खुलने के बावजूद, व्यापारी प्रमुख रूप से खाद्यान्न, वस्त्र, फलफूल सहित अन्य सामग्री रसुवागढ़ी व तातोपानी नाकों से ही आयात करते रहे हैं। कोरला नाका खुलने के साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का आयात भी शुरू हुआ है।

व्यवसायियों का कहना है कि वर्तमान स्थिति में तातोपानी नाका से अपेक्षित संख्या में कंटेनर नेपाल नहीं आ पा रहे। उनके अनुसार रसुवागढ़ी नाका बंद होने के चलते तातोपानी नाका पर अत्यधिक भीड़भाड़ हो रही है, जिससे और समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं।

एक व्यापारी ने बताया कि पहले दो नाके चालू थे। एक दिन में एक नाके से 25-30 कंटेनर आते थे, यानी दोनों से मिलकर 60-70 कंटेनर आते थे। अब केवल एक नाका चलने के कारण भीड़ बढ़ी है और संभवतः इसी वजह से देरी हो रही है। आयात में देरी से परिवहन लागत और किराया भी बढ़ गया है।

उधर, तातोपानी भंसार कार्यालय के अधिकारी एवं सूचना अधिकारी रमेश बहादुर शाह ने कहा कि हाल ही में चीन की ओर से बहुत कम संख्या में कंटेनर नेपाल में प्रवेश कर रहे हैं। उनके अनुसार वर्तमान में औसतन प्रतिदिन 13 से 15 कंटेनर ही नेपाल पहुँच पा रहे हैं।

एच-1बी वीज़ा कार्यक्रम को लेकर ट्रंप के सहयोगी ला रहे विधेयक....भारतीय पेशेवरों पर असर

न्यूयार्क। एच-1बी वीज़ा कार्यक्रम को समाप्त करने के लिए अमेरिका में लाए जा रहे एक प्रस्तावित विधेयक का भारतीय पेशेवरों पर संभावित रूप से बड़ा प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी की सांसद मार्जोरी टेलर ग्रीन यह विधेयक संसद में पेश करने की तैयारी कर रही हैं। इस विधेयक का लक्ष्य एच1बी कार्यक्रम को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करके अमेरिकी कर्मचारियों के बड़े पैमाने पर विस्थापन को खत्म करना है। सांसद ग्रीन का आरोप है कि बड़ी टेक कंपनियां, एआई दिग्गज, अस्पताल और अन्य उद्योग अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने और उनके लाभों को कम करने के लिए एच-1बी सिस्टम का दुरुपयोग कर रहे हैं। यह कदम भारतीय पेशेवरों के लिए अशुभ संकेत है, जो इस अस्थायी वर्क वीज़ा के सबसे बड़े लाभार्थी हैं। एच-1बी वीज़ा का उपयोग अक्सर ग्रीन कार्ड और अमेरिकी नागरिकता की ओर बढ़ने के मार्ग के रूप में भी किया जाता है।

भारत से खरीदी ब्रह्मोस मिसाइल को फिलीपींस ने चीन के खिलाफ तैनात किया

बीजिंग, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के बाद फिलीपींस ने उस मिसाइल को चीन की तरफ मुंह मोड़कर तैनात किया है। फिलीपींस की तरफ से वीडियो जारी किया है, जिसमें घातक ब्रह्मोस एंटी-शिप क्रूज मिसाइल का प्रदर्शन किया है। ये पहली बार है जब फिलीपींस ने ब्रह्मोस मिसाइल का सार्वजनिक प्रदर्शन किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिलीपीन मरीन कॉर्प्स ने कथित तौर पर ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों से लैस एक नई एंटी-शिप मिसाइल यूनिट का अनावरण किया है।

जारी वीडियो में, प्रत्येक लॉन्चर दो ब्रह्मोस मिसाइलों से लैस दिखाई दे रहा था, जबकि रीलोडिंग कैरियर में चार अतिरिक्त मिसाइलें थीं। फिलीपींस की तटीय रक्षा रेजिमेंट ने बताया है, कि प्रत्येक फिलीपीन मरीन कॉर्प्स ब्रह्मोस बैटरी में दो मोबाइल ऑटोनॉमस लॉन्चर, एक रडार वाहन, एक मिसाइल रीलोडर और एक कमांड और कंट्रोल ट्रक होगा।

फिलीपींस ने वीडियो को तब जारी किया है, जब चीन ने हैनान प्रांत के सान्या में आयोजित कार्यक्रम में फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर को नौसेना में शामिल किया है। चीन में ही बने फ्लैटटॉप एयरक्राफ्ट कैरियर को नौसेना में शामिल करने को पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी बलों की क्षमता में एक बड़े एडवांसमेंट के रूप में देखा जा रहा है। फिलीपींस ने ब्रह्मोस मिसाइल के तट-आधारित, जहाज-रोधी वैरिएंट की तीन बैटरियों के लिए भारत के साथ 375 मिलियन अमेरिकी डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। भारत के अलावा ब्रह्मोस मिसाइल का इस्तेमाल करने वाला फिलीपींस दूसरा देश है।

बता दें कि ब्रह्मोस मिसाइस की पहली खेप को भारत ने फिलीपींस को सौंपा था, वहीं दूसरी खेप 2025 के अप्रैल में पहुंची है। तीसरी खेप अगले महीने सौंपने की संभावना है। फिलीपींस मरीन कॉर्प्स ने ब्रह्मोस को जाम्बालेस स्थित नौसैनिक ठिकाने पर तैनात किया है, जो स्कारबोरो शोअल से महज 220 किलोमीटर दूर है। ये वही इलाका जहां चीन ने 2012 में कब्जा किया था। यह रणनीतिक दूरी मिसाइल की 290 किमी की रेंज के भीतर है, यानी जरूरत पड़ने पर चीन की कोस्ट गार्ड या मिलिशिया नौकाओं को सीधे निशाने पर लिया जा सकता है।

ब्रह्मोस की सबसे बड़ी ताकत उसकी गति है। इसके अलावा इसमें 200-300 किलो वॉरहेड क्षमता है, जो दुश्मन को पलटवार का मौका ही नहीं देती। इसकी टर्मिनल फ्लाइट प्रोफाइल बेहद कम ऊंचाई (सिर्फ 10 मीटर) पर होती है, जिससे रडार पर पकड़ना लगभग असंभव हो जाता है। इसी वजह से इसे गेम-चेंजर कहा जा रहा है। चीन के पास ऐसा कोई एयर डिफेंस सिस्टम नहीं है, जो ब्रह्मोस को इंटरसेप्ट कर सके।

कई स्किन लाइटनिंग क्रीम्स में मरकरी की मात्रा खतरनाक स्तर तक

वाशिंगटन, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

कई स्किन लाइटनिंग क्रीम्स में मरकरी की मात्रा कानूनी सीमा से हजार गुना अधिक पाई गई है। यह वही जहरीला तत्व है जो किडनी, लिवर और नर्वस सिस्टम को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। यह खुलासा जीरो मरकरी वर्किंग ग्रुप (झेडएमडब्ल्यूजी) की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के कई देशों में ऑनलाइन बिकने वाली क्रीम्स में अवैध रूप से मरकरी मिलाया जा रहा है। जांच में शामिल 31 क्रीम्स में से 25 में मरकरी का स्तर 1 पार्ट पर मिलियन (पीपीएम) की तय सीमा से हजारों गुना ज्यादा पाया गया। भारत की संस्था टॉक्सिक्स लिंक ने भारत, पाकिस्तान और थाईलैंड में बनी 8 क्रीम्स की जांच की, जिनमें से 7 में मरकरी का स्तर 7331 पीपीएम से लेकर 27431 पीपीएम तक पाया गया। यह मात्रा इतनी अधिक है कि किसी व्यक्ति की जान भी जा सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, यूरोप और अमेरिका जैसे देशों में ऐसे उत्पाद बहुत कम हैं, क्योंकि वहां कानून बेहद सख्त हैं। जबकि भारत जैसे देशों में अनियंत्रित ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर ये क्रीम्स धड़ल्ले से बिक रही हैं। 2023 से अब तक मरकरी वाली क्रीम्स के इस्तेमाल से कई लोगों में किडनी फेल्योर के मामले सामने आ चुके हैं। महाराष्ट्र के अकोला जिले में एक ही परिवार की तीन महिलाओं की किडनी खराब होने का कारण भी ऐसी ही क्रीम्स बताई गई थीं। विशेषज्ञों का कहना है कि मरकरी एक हैवी मेटल है, जो त्वचा, लिवर और किडनी के लिए बेहद खतरनाक है। इसे क्रीम्स में इसलिए मिलाया जाता है क्योंकि यह मेलेनिन बनने की प्रक्रिया को रोक देता है। मेलेनिन त्वचा को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाता है और उसका रंग निर्धारित करता है। मरकरी अस्थायी रूप से स्किन को गोरा दिखाता है, लेकिन धीरे-धीरे यह त्वचा की सुरक्षा परत को कमजोर कर देता है। इससे लालपन, खुजली, दाग-धब्बे, झुनझुनी और बाल झड़ने जैसी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। लंबे समय तक मरकरी वाली क्रीम्स का इस्तेमाल नेफ्रोटिक सिंड्रोम जैसी बीमारियों को जन्म दे सकता है, जिससे किडनी फेल्योर, सिरदर्द, कंपन और नसों में सूजन हो सकती है। मरकरी त्वचा के जरिए शरीर में प्रवेश कर खून के माध्यम से अंगों तक पहुंच जाता है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन के अनुसार, अगर किसी क्रीम के लेबल पर कोलोमेल, सिन्नाबारिस, हाइड्रागायरी आक्सीडम रुबरुम क्वीकसिल्वर, मरक्यूरीक लिखा है, तो उसमें मरकरी मौजूद होता है। ऐसी क्रीम्स से दूरी बनाना ही सुरक्षित है। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि किसी भी स्किन प्रोडक्ट का इस्तेमाल करने से पहले डर्मेटोलॉजिस्ट से परामर्श लें और केवल प्रमाणित ब्रांड्स के उत्पादों का ही उपयोग करें। मालूम हो कि सुंदर और गोरी त्वचा पाने की चाहत में लोग तरह-तरह की स्किन लाइटनिंग क्रीम्स का इस्तेमाल करते हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया पर बिकने वाली इन क्रीम्स के दावे भले ही आकर्षक हों।

ये बिहार के विकास के प्रति ललक

बिहार ने जातिवादी राजनीति को नकार दिया : मोदी

सूरत,15 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को गुजरात के सूरत का दौरा किया। इस दौरान एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बिहार का ऐतिहासिक विजय हुआ हो, और अगर हम सूरत से आगे जा रहे हों और बिहार के लोगों से मिले बिना जाएं, तो लगता है यात्रा अधूरी रह गई है। इस दौरान उन्होंने गुजरात में रहने वाले बिहार के लोगों का अभिवादन किया। पीएम मोदी ने कहा गुजरात में रहने वाले और खासकर सूरत में रहने वाले मेरे बिहारी भाइयों का हक बनता है, और इसलिए मेरी स्वाभाविक जिम्मेदारी भी बनती है कि आप लोगों के बीच आकर के इस विजयोत्सव के कुछ पल का मैं भी हिस्सा बनूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार के लोगों का राजनीति नहीं समझानी पड़ती है। बिहार के लोग दुनिया को राजनीति समझाते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार ने जातिवादी राजनीति को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि बिहार आज दुनिया भर में छाया हुआ है। आप दुनिया में कहीं भी जाइए, बिहार का टैलेंट आपको नजर आएगा। आप भी जानते हैं और बिहार के लोग भी जानते हैं कि हम वो पार्टी हैं जब आपने हमें गुजरात में मुख्यमंत्री के रूप में भी काम दिया था तब भी हमारा एक मंत्र था कि भारत के विकास के लिए गुजरात का विकास। हमारी मूलभूत सोच रही है- नेशन फर्स्ट। पीएम मोदी ने कहा पिछले दो साल से ये जमानती नेता बिहार में जाकर जातिवाद-जातिवाद का भाषण दे रहे थे। जितनी ताकत थी उन्होंने जातिवाद का जहर फैलाने की कोशिश की। लेकिन बिहार के इस चुनाव ने जातिवाद के इस जहर को पूरी तरह नकार दिया है। उन्होंने कहा यही मंत्र हमारे लिए हिंदुस्तान का हर कोना, हिंदुस्तान का हर राज्य, हर भाषा-भाषी नागरिक ये हमारे लिए पूजनीय है, वंदनीय है। इसलिए बिहार का भी गौरव करना, बिहार के सामर्थ्य को स्वीकार करना, ये हमारे लिए बहुत सहज बात है। उन्होंने कहा इस चुनाव में एनडीए गठबंधन जो विजयी हुआ है और महागठबंधन जो पराजित हुआ है। दोनों के बीच 10 प्रतिशत वोट का फर्क है, ये बहुत बड़ी बात है। यानी, सामान्य मतदाता ने एकतरफा मतदान किया, ये बिहार के विकास के प्रति ललक है। उन्होंने कहा कि महिला-युवा एक ऐसा माई कॉम्बिनेशन बना है, जिसने आने वाले दशकों की राजनीति का नींव मजबूत कर दी है। प्रधानमंत्री ने कहा ये देश मुस्लिम लीगी माओवादी कांग्रेस को अस्वीकार कर चुका है। कांग्रेस पार्टी में जो राष्ट्रीय विचारों से पले-बढ़े लोग हैं, ऐसे कांग्रेस का बहुत बड़ा वर्ग, नामदार के हरकतों से दुखी है। कांग्रेस को अब कोई बचा नहीं सकता है, ऐसी हालत हो गई है। इसी बीच पीएम मोदी प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत बने एक लाख घरों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में भी शामिल। इसके बाद धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा, डेडियापाड़ा और सागबारा का एक क्षेत्र कबीर की शिक्षाओं से प्रेरित है। मैं संत कबीर की भूमि वाराणसी से सांसद हूं। इसलिए, यह स्वाभाविक है कि संत कबीर का मेरे जीवन में एक विशेष स्थान है। मैं उन्हें इस मंच से नमन करता हूं। हमने यहां एक लाख परिवारों को पक्के घर दिए गए। एकलव्य मॉडल स्कूलों का शिलान्यास किया गया। ऐसा कई सारी कल्याण योजनाओं के लिए जनजातीय परिवारों को बहुत बधाई। पीएम मोदी ने कहा कि आदिवासियों ने हमारे देश के स्वतंत्रता संग्राम में बहुत बड़ा योगदान दिया, लेकिन कांग्रेस ने 60 साल के शासन में आदिवासियों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा पहले बिरसा मुंडा को याद नहीं किया जाता था। हमने तय कि हमारी अगली पीढ़ी को पता चले कि बिरसा मुंडा ने हमारे लिए क्या किया है। इसलिए हमने देश में कई जनजातीय संग्रहालय बनाए जा रहे हैं। मैं छत्तीसगढ़ गया था वहां मैंने शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का शिलान्यास किया। नरेंद्र मोदी ने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन महाकाल, अयोध्या का राम मंदिर और केदारनाथ धाम की चर्चा अक्सर होती रहती है। पिछले 10 वर्षों में ऐसे कई धार्मिक और ऐतिहासिक धामों का विकास हुआ है। लेकिन बहुत कम लोग जानते होंगे कि 2003 में जब मैं मुख्यमंत्री के तौर पर डेडियापाड़ा आया था, तो मां के चरणों में प्रार्थना करने गया था। उस समय मैंने देखा कि उसकी हालत एक छोटी सी झोपड़ी जैसी थी। मेरे जीवन में जितने भी पुनर्निर्माण कार्य हुए हैं, मैं गर्व से कह सकता हूं कि उन सबकी शुरुआत देवमोगरा माता के मंदिर के विकास से हुई। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी कल्याण भाजपा की प्राथमिकता है। हमने ये परेशानी खत्म करने का फैसला लिया है। 1947 में देश आजाद हुआ, लेकिन उनकी स्थिति में सुधार नहीं किया गया। आदिवासी समाज का नाम भगवान राम से भी जुड़ा है। लेकिन कांग्रेस ने इनके विकास के लिए कुछ नहीं किया। पहली बार जब अटल जी प्रधानमंत्री बने, तब आदिवासियों के लिए अलग मंत्रालय बनाया गया। कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में इस मंत्रालय को भी भुला दिया था।

राजस्थान के गांव में नशे की गुप्त लैब सैकड़ों किलोग्राम केमिकल जब्त

नई दिल्ली,15 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के नशीले पदार्थों के प्रति जीरो टॉलरेंस के दृष्टिकोण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और राजस्थान पुलिस ने राजस्थान के सिरोही जिले के एक सुदूर गांव में एक गुप्त लैब का भंडाफोड़ किया है। सैकड़ों किलोग्राम केमिकल जब्त किए गए हैं, जो लगभग 100 किलोग्राम मेफेड्रोन बनाने के लिए पर्याप्त थे। इनकी अनुमानित बाजार कीमत 40 करोड़ रुपये है। लैब के मास्टरमाइंड और 4 अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों में मेफेड्रोन का इस्तेमाल साइकोट्रोपिक ड्रग्स के तौर पर तेजी से बढ़ रहा है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने राजस्थान में, विशेष रूप से जिला पुलिस को संवेदनशील बनाने के लिए मासिक जिला स्तरीय एनसीओआरडी तंत्र का इस्तेमाल करते हुए कई बैठकें की। राज्य पुलिस को इस विषय के प्रति जागरूक किया गया और उन्होंने रसायनों और प्रयोगशाला उपकरणों से भरे ड्रम की उपस्थिति की सूचना एनसीबी के स्थानीय कार्यालय को दी। ये संभावना जतायी गई कि ऐसी जगह मेफेड्रोन जैसी सिंथेटिक दवाओं के निर्माण का एक गुप्त केंद्र हो सकती है। एनसीबी ने देशभर की जिला पुलिस के साथ गुप्त लैब्स की उपस्थिति के बारे में जानकारी साझा की। इनमें, ढकी हुई या काली खिड़कियां, अत्यधिक वेंटिलेशन, डक्टिंग, दीवारों, फर्श, इमारतों या शेड्स पर धातु के क्षरण या रासायनिक दाग के निशान, जो पहले आवासीय थे, लेकिन प्रयोगशालाओं के रूप में उपयोग किए जाते थे, असामान्य स्थानों पर रसायनों या उपकरणों का भंडारण आदि, शामिल हैं। ऐसे ही एक मामले में, राजस्थान की सिरोही पुलिस को 6 नवंबर को सिरोही के धनत्राई गांव में एक फार्म हाउस में लैब उपकरणों के साथ-साथ रसायनों से भरे ड्रम और पैकेट मिले। पुलिस ने तुरंत यह जानकारी एनसीबी, जोधपुर को दी, जिसके बाद अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और उन्हें एक गुप्त प्रयोगशाला के संकेत मिले। वहां सैकड़ों किलोग्राम रसायन मिले जो लगभग 100 किलोग्राम मेफेड्रोन बनाने के लिए पर्याप्त थे। इसकी अनुमानित बाजार कीमत 40 करोड़ रुपये है। राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय, गांधीनगर की टीम को निरीक्षण के लिए बुलाया गया। उन्होंने घटनास्थल से बरामद प्रयोगशाला उपकरणों में इस्तेमाल किए जा रहे अग्रिम पदार्थों की मौजूदगी की पुष्टि की है। मामले की जांच के दौरान, लैब चलाने वाले लोगों की पहचान की गई और उनमें से पांच को राजस्थान पुलिस की सहायता से एनसीबी, जोधपुर द्वारा राजस्थान और गुजरात के विभिन्न हिस्सों से गिरफ्तार किया गया। जांच के बाद मास्टरमाइंड, वाला राम, निवासी जिला - जालौर, राजस्थान को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में पता चला कि वह स्नातक है और सिविल सेवा परीक्षा सहित विभिन्न परीक्षाओं में असफल होने के बाद, उसने जल्दी पैसा कमाने के लिए मेफेड्रोन निर्माण का व्यवसाय शुरू कर दिया।

मटुआ समुदाय के लिए एसआईआर नियमों में छूट की मांग

कोलकाता,15 नवंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर मटुआ समुदाय के लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नियमों में ढील देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि समुदाय के लोगों को ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा जा रहा है, जो उनके पास कभी थे ही नहीं। अधीर रंजन ने दो पन्नों के अपने पत्र में लिखा कि मटुआ परिवार पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से निरंतर और निर्मम उत्पीड़न के कारण भारत आए थे। ऐसे में 25 साल पुराने कागजात मांगना क्रूर और अनुचित है।

उन्होंने कहा कि 2002 की मतदाता सूची को एसआईआर का आधार वर्ष बनाया गया है, जबकि उस समय सूची में मटुआ समुदाय के कई नाम शामिल ही नहीं थे। उन्होंने कहा कि वर्षों से मतदान करने और निर्वाचित प्रतिनिधि देने के बावजूद आज यह समुदाय अपने मताधिकार से वंचित किए जाने के डर में जी रहा है। हाल ही में अखिल भारतीय मटुआ महासंघ की ओर से किए गए अनिश्चितकालीन आमरण अनशन का उल्लेख करते हुए चौधरी ने कहा कि समुदाय ने अपनी पीड़ा और असुरक्षा उजागर करने के लिए यह कदम उठाया था। बाद में उनकी मांग पर विचार किए जाने के आश्वासन के बाद वे अनशन समाप्त करने को तैयार हुए। चौधरी ने यह भी आरोप लगाया कि दशकों से नागरिकता का आश्वासन दिए जाने के बावजूद वादे पूरे नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि मटुआ समुदाय को अवैध की तरह नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि वे धार्मिक उत्पीड़न से बचने के लिए भारत आए थे। उन्होंने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत प्रभावित लोगों के लिए कटऑफ तारीख बढ़ाने जैसे संशोधनों का हवाला देते हुए कहा कि मटुआ समुदाय के लिए भी इसी तरह की राहत दी जानी चाहिए। चौधरी ने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार चाहे तो शीतकालीन सत्र से पहले अध्यादेश लाकर इस मुद्दे पर स्पष्टता दे सकती है।

अंत में उन्होंने मांग की कि केंद्र संवेदनशील रुख अपनाए, क्योंकि मटुआ समुदाय पश्चिम बंगाल में अनुसूचित जातियों का सबसे बड़ा हिस्सा है और उन्हें बिना किसी भय या कठिनाई के अपने अधिकारों का उपयोग जारी रखने दिया जाना चाहिए।

दिमागी बुखार के खतरे के बीच

सबरीमाला जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए केरल सरकार ने जारी की एडवाइजरी

केरल,15 नवंबर (एजेंसियां)। केरल के स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को सबरीमाला जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि नदी में नहाते समय नाक पानी में न जाए। राज्य में हाल ही में अमीबिक मेनिंगोएंसेफेलाइटिस (दिमागी बुखार) के मामले सामने आए हैं। इसी बीच सबरीमाला की सालाना यात्रा 17 नवंबर से शुरू हो रही है। विभाग ने कहा कि जिन श्रद्धालुओं का उपचार चल रहा है, वे यात्रा के दौरान अपने चिकित्सा दस्तावेज और दवाइयां साथ रखें। इसमें यह भी कहा गया कि जो लोग रोजाना दवाइयां लेते हैं, उन्हें यात्रा के दौरान दवाइयां बंद नहीं करनी चाहिए। एडवाइजरी में कहा गया है कि नदी में नहने वाले श्रद्धालु ध्यान रखें कि पानी उनकी नाक में बिल्कुल न जाए। हालांकि, एडवाइजरी में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि नदी में नहाते समय सावधानी क्यों जरूरी है। लेकिन हाल ही में केरल में दिमागी बुखार के कई मामले सामने आने पर ऐसी ही हिदायत दी गई थी। यात्रा शुरू होने से पहले श्रद्धालुओं को टहलने जैसा हल्का व्यायाम करने की सलाह दी गई है, ताकि चढ़ाई करते समय उन्हें ज्यादा थकान न हो। श्रद्धालुओं से कहा गया है कि वे धीरे-धीरे चढ़ें, बीच-बीच में आराम करें और अगर थकान, सीने में दर्द, सांस फूलना या कमजोरी महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर की मदद लें। आपातकाल की स्थिति में 04735 203232 पर संपर्क किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि श्रद्धालु केवल उबला हुआ पानी ही पिएं, खाने से पहले हाथ धोएं, धुले हुए फल खाएं और बासी या खुले में रखे भोजन से बचें। खुले में शौच पूरी तरह मना है। श्रद्धालुओं को शौचालय का ही इस्तेमाल करना चाहिए औबद में हाथ अच्छी तरह धोने चाहिए। कचरा केवल तय जगहों पर ही फेंका जाए। अगर किसी को सांप काट ले, तो सलाह है कि वह तुरंत चिकित्सा सहायता ले। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने कहा कि मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टर और प्रशिक्षित स्वयंसेवी स्वास्थ्यकर्मियों को यात्रा मार्गों पर तैनात किया गया है। पंपा में 24 घंटे काम करने वाला नियंत्रण केंद्र बनाया गया है। उन्होंने कहा जो भी यात्री चढ़ाई के दौरान किसी तरह की परेशानी महसूस करें, उन्हें तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार लेना चाहिए। जानकारी देने वाले सामग्री मलयालम, अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ सहित कई भाषाओं में तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड के सहयोग से पूरी तरह चिकित्सा सुविधाएं तैयार की गई हैं। पंपा से सन्निधानम तक मार्ग में आपातकालीन चिकित्सा केंद्र स्थापित किए गए हैं और कोन्नी मेडिकल कॉलेज को बेस अस्पताल बनाया गया है। पथानामथिट्टाअस्पताल में आपातकालीन कार्डियोलॉजी सुविधा शुरू कर दी गई है।

लाल किले के पास धमाका मामले में बंगाल के उत्तर दिनाजपुर से एमबीबीएस छात्र गिरफ्तार

कोलकाता,15 नवंबर (एजेंसियां)। हाल ही में दिल्ली में लाल किले के पास हुए धमाके के मामले में एनआईए ने जांच तेज कर दी है। इसके तहत जांच एजेंसी ने पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर से एक एमबीबीएस छात्र जानिसुर उर्फ निसार आलम को आतंक संगठनों से कथित संबंधों के शक के आधार पर गिरफ्तार किया है। निसार हरियाणा की अल-फला यूनिवर्सिटी का छात्र है और लुधियाना में रहता है। उसका पैतृक घर दलखोला के पास कोनाल गांव में है। जानकारी के अनुसार, निसार को शुक्रवार सुबह सूरजपुर बाजार से तब पकड़ा गया जब वह परिवार में शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहा था। अधिकारियों ने उसके मोबाइल लोकेशन डेटा के आधार पर उसकी गतिविधियों पर नजर रखी थी। सूत्रों ने बताया कि उसे हाल ही में दिल्ली के लाल किले के पास हुए धमाके के सिलसिले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। हालांकि एनआईए ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि निसार का धमाके से सीधे तौर पर क्या संबंध है। जांच एजेंसी ने उसके पास से डिजिटल डिवाइस और दस्तावेज भी बरामद किए हैं। पूछताछ के दौरान निसार ने भागने की कोशिश भी की, जिसके बाद उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। उसे आगे की जांच के लिए सिलीगुड़ी ले जाया जा रहा है। उधर, निसार की गिरफ्तारी पर उसके परिवार के लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। निसार के रिश्तेदारों का कहना है कि वह शांत स्वभाव का, पढ़ाई में डूबा रहने वाला लड़का है और किसी गलत गतिविधि से उसका कोई संबंध नहीं हो सकता। गौरतलब है कि बीते 10 नवंबर को दिल्ली के लाल किले के पास एक जोरदार बम धमाका हुआ। इस धमाके में 13 लोगों की मौत हुई थी, जिसके बाद एनआईए लगातार अलग-अलग जगहों पर जांच कर रही है। इसी सिलसिले में एजेंसी ने हाल ही में मुर्शिदाबाद के निवासी मोइनुल हसन के घर पर भी छापा मारा था, जिसके दिल्ली और मुंबई में कुछ संदिग्ध संपर्कों की जांच चल रही है। एनआईए ने अभी तक निसार पर लगे आरोपों या सबूतों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

आधार कार्ड पहचान साबित करने के लिए है, नागरिकता साबित करने के लिए नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली,15 नवंबर (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को साफ कर दिया है कि आधार कार्ड को केवल पहचान साबित करने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, नागरिकता साबित करने के लिए नहीं। बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष संशोधन को लेकर उठी कानूनी बहस के बीच आयोग ने यह स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि इस संबंध में जरूरी निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि आधार की कानूनी सीमाओं पर न्यायालय पहले ही स्पष्ट राय दे चुका है। चुनाव आयोग ने अपने जवाब में कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने 8 सितंबर को ही स्पष्ट कर दिया था कि मतदाता सूची के अद्यतन के दौरान आधार कार्ड का उपयोग केवल पहचान स्थापित करने के लिए किया जा सकता है। इसके आधार पर आयोग ने 9 सितंबर 2025 को बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को निर्देश जारी किए थे कि आधार को नागरिकता प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। आयोग ने कहा कि यह प्रक्रिया निर्वाचन सूची में नाम जोड़ने या हटाने के दौरान पालन की जानी अनिवार्य है। यह जवाब उस इंटरलोक्यूटरी आवेदन पर दिया गया, जिसमें अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने मांग की थी कि आधार का उपयोग केवल पहचान प्रमाण और प्रमाणिकरण के लिए ही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा था कि यह प्रक्रिया कानूनी धाराओं की भावना के अनुरूप ही होनी चाहिए। आयोग ने अदालत को आश्वस्त किया कि उसके सभी मौजूदा निर्देश इसी प्रावधान का पालन करते हैं। चुनाव आयोग ने अपने जवाब में कहा कि यूआईडीएआई ने अगस्त 2023 में जारी कार्यालय ज्ञापन में स्पष्ट कर दिया था कि आधार कार्ड ना तो नागरिकता का प्रमाण है, ना निवास का और ना ही जन्मतिथि का। आयोग ने कहा कि इसी जच् का हवाला बॉम्बे हाई कोर्ट ने भी दिया था, जिसमें कहा गया था कि जन्मतिथि साबित करने की जिम्मेदारी आधार धारक पर ही रहती है। आयोग ने बताया कि अदालत के आदेश और यूआईडीएआई दोनों ही स्पष्ट रूप से यह तय करते हैं कि आधार को सीमित भूमिका में ही इस्तेमाल किया जा सकता है। चुनाव आयोग ने याद दिलाया कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी कहा था कि आधार नागरिकता या डोमिसाइल का प्रमाण नहीं है। अदालत ने 7 अक्टूबर को उपाध्याय की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए यह देखते हुए कहा था कि इस मुद्दे पर अदालत की स्थिति पहले से स्पष्ट है। आयोग का कहना है कि वही कानूनी स्थिति उसके प्रशासनिक आदेशों में भी लागू की गई है। उपाध्याय की मुख्य याचिका पूरे देश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की नियमित प्रक्रिया लागू करने की मांग से संबंधित है। आयोग का कहना है कि बिहार में जारी संशोधन के दौरान आधार कार्ड की भूमिका को लेकर किसी भी भ्रम को दूर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन किया जा रहा है।

पश्चिम बंगाल कभी भी भाजपा को नहीं करेगा स्वीकार : सांसद सागरिका घोष

नई दिल्ली,15 नवंबर (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद सागरिका घोष ने शनिवार को कहा कि पश्चिम बंगाल कभी भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को स्वीकार नहीं करेगा। उनकी यह टिप्पणी तब सामने आई है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य के अगले विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी। सागरिका घोष ने यह भी कहा कि बंगाल में ममता बनर्जी जैसी नेता हैं, जो हमेशा लोगों के बीच रहती हैं और वह हवाई जहाज वाली नेता नहीं हैं। टीएमसी सांसद ने कहा मैं नरेंद्र मोदी को कुछ हकीकत बताना चाहती हूं। उन्होंने बंगाल को जीतने की बात कही, जैसे बंगाल कोई जमीन का टुकड़ा हो, जिसे मोदी अपने बायोडाटा में जोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा, सबसे पहले बंगाल कभी भी मोदी और भाजपा की राजनीति को स्वीकार नहीं करेगा। आप पैसे देंगे, लोगों को बांटेंगे, डर दिखाएंगे, हिंसा करेंगा- यह राजनीति बंगाल स्वीकार नहीं करेगा। घोष ने आगे कहा, दूसरी बात, हमारे पास बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जैसी नेता हैं, जो हमेशा लोगों के साथ रहती हैं। वह कोई 'हवाई जहाज' वाली नेता नहीं हैं, जो सिर्फ उड़कर आएं और वोट मांगकर चली जाएं। वह 24 घंटे लोगों के बीच रहती हैं। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल सरकार की कन्याश्री जैसी योजनाएं यह दिखाती हैं कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए वास्तव में काम कर रही है। टीएमसी सांसद ने कहा, कन्याश्री जैसी योजना बंगाल सरकार की एक आजीवन प्रतिबद्धता है। यह चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए दिया गया रिश्वत जैसा वादा नहीं है। घोष ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि उसने मनरेगा जैसी योजनाओं के तहत बंगाल का 'हक' रोक रखा है। उन्होंने कहा, चाहे मनरेगा का पैसा हो या आवास योजना का बंगाल सरकार को उसका पैसा नहीं दिया गया है। केंद्र सरकार बंगाल को उसका हक नहीं दे रही। बंगाल कभी भी भाजपा की ऐसी सरकार के आगे नहीं झुकेगा जो संघीय ढांचे और संविधान के नियमों को तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में बंगाल के लोगों को केवल बांग्ला भाषा बोलने के कारण निशाना बनाया गया है और केंद्र सरकार बंगाल के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया, भारत के गरीब लोग, असहाय मजदूर जो काम की तलाश में दूसरे राज्यों में जाते हैं, उन्हें घुसपैठिया कहा जा रहा है, सिर्फ इसलिए क्योंकि वे बांग्ला बोलते हैं। वे भारत के नागरिक हैं जो अपनी रोजी-रोटी कमाने निकलते हैं और आप उन्हें इस तरह की गंदी राजनीति में इस्तेमाल कर रहे हैं। बंगाल इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा भाजपा के कुछ लोगों ने बांग्ला भाषा को बांग्लादेशी भाषा तक कहा है। हमारी भाषा हमारे लिए बहुत अहम है। हमारी संस्कृति और भावनाओं को कई बार निशाना बनाया गया है। बंगाल इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। हम विवेकानंदर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और रवींद्रनाथ टैगोर के अनुयायी हैं और हम भाजपा से लड़ेंगे और जीतेंगे। ज्ञातव्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा था कि बिहार में एनडीए की जीत जनता के हितैषी शासन के लिए समर्थन है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा पश्चिम बंगाल से 'जंगल राज' को खत्म करेगी और भाजपा की जीत बिहार से बंगाल तक गंगा के रास्ते बढ़ेगी। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में जीत ने बंगाल में भाजपा की जीत का रास्ता खोल दिया है।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ

फिल्म सैयारा ने येलोस्टोन फिल्म फेस्टिवल में जीता अवॉर्ड

मशहूर फिल्ममेकर मोहित सूरी के लिए साल 2025 किसी सपने के सच होने जैसा बन गया है। उनकी फिल्म 'सैयारा' देश-विदेश में अपनी सफलता का परचम लहरा रही है। इस बीच फिल्म ने येलोस्टोन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2025 (वाईआईएफएफ) में पॉपुलर चॉइस अवॉर्ड जीता। इस मौके पर निर्देशक मोहित सूरी ने कहा कि इस फिल्म की सफलता के पीछे की ताकत यश राज फिल्म्स की ओर से दी जाने वाली आजादी रही है। शुक्रवार को मुंबई में आयोजित वाईआईएफएफ के इवेंट में यश राज फिल्म्स के सीईओ अक्षय विधानी और निर्देशक मोहित सूरी ने फिल्म 'सैयारा' के लिए अवॉर्ड ग्रहण किया। अवॉर्ड मिलने के बाद मोहित सूरी ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए बेहद भावुक करने वाला है। वे पिछले बीस सालों से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं, लेकिन यह उनकी पहली ट्रॉफी है। उन्होंने कहा, ''इस फिल्म में सब कुछ जैसे पहली बार हुआ, जैसे फिल्म में एक्टर्स पहली बार बड़े पर्दे पर उतरे, वे पहली बार यश राज फिल्म्स के साथ काम कर रहे थे, और अक्षय पहली बार किसी फिल्म का निर्माण कर रहे थे। ये सब 'पहली बार' के अनुभव मेरे लिए यादगार बन गए।'' मोहित सूरी ने अपने बचपन की उन यादों को भी साझा किया, जब वह थिएटर में 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' देखने गए थे। उन्होंने बताया, ''उसी पल मैंने सोच लिया था कि मुझे फिल्मों से जुड़ना है। यही सपना धीरे-धीरे बढ़ा और आज मेरी फिल्म को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मान मिला।''



फिल्म के निर्माता आदित्य चोपड़ा का धन्यवाद करते हुए मोहित ने बताया कि आज के समय में जब बहुत लोग मानते हैं कि रोमांटिक फिल्मों का दौर खत्म हो चुका है, तब आदित्य चोपड़ा ने कहानी पर भरोसा किया। उन्होंने कहा, जहां बाकी इंडस्ट्री एक्शन और बड़े-बड़े स्टंट्स में बिजी है, वहीं आदित्य ने मुझे एक सरल प्रेम कहानी बनाने की पूरी आजादी दी। यह भरोसा किसी भी निर्देशक के लिए सबसे कीमती चीज है। यह अवॉर्ड जितना मेरा है, उतना यशराज फिल्म्स का भी है। पहली फिल्म में सुरक्षित रास्ता चुनना आसान होता है, खासकर तब जब आपके पास बड़े नामों को लेने का अवसर हो, लेकिन अक्षय विधानी ने दो नए कलाकारों, अहान पांडे और अनीत पड्डा, पर भरोसा किया, जिसने फिल्म को नया रूप दिया।

मोहित ने आगे बताया, ''जब मैंने फिल्म की स्क्रिप्ट आदित्य चोपड़ा और अक्षय विधानी को दी, तो दोनों ने तुरंत दिलचस्पी दिखाई। उन्होंने उस वक्त मुझे सिर्फ एक ही बात कही, कि वे चाहते हैं कि मैं अपनी जिंदगी की सबसे अच्छी फिल्म बनाऊं। उन्होंने कभी भी मुझसे ये नहीं कहा कि फिल्म को हिट होना चाहिए या बॉक्स ऑफिस पर धमाका करना चाहिए।

उन्होंने सिर्फ फिल्म की आत्मा और संगीत पर ध्यान देने को कहा। इस भरोसे की वजह से मुझे रचनात्मक आजादी मिली, जिसकी हर फिल्ममेकर चाहत रखता है। यही आजादी ही 'सैयारा' की सबसे बड़ी ताकत रही।'' 18 जुलाई को 'सैयारा' फिल्म रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों से लेकर आलोचकों तक, हर किसी ने बेहद प्यार दिया। थिएटर्स में इसकी कमाई शानदार रही और सोशल मीडिया पर अभी भी इसके गाने छाए हैं।



दिल्ली क्राइम सीजन-3 में बड़ी दीदी का किरदार निभाना चैलेंजिंग: हुमा कुरैशी

दिल्ली क्राइम सीजन-3 और महारानी-4 से ओटीटी पर तहलका मचाने वाली हुमा कुरैशी हर तरफ छाई हुई हैं। दोनों ही सीरीज को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है और अब एक्ट्रेस ने दिल्ली क्राइम सीजन-3 को लेकर खुलकर बात की है और साथ ही इस बात पर भी जोर दिया है कि सिनेमा में हर तरह की फिल्में बननी चाहिए, चाहे वे छोटी हो या बड़ी। हुमा कुरैशी ने आईएएनएस से बातचीत में बड़ी और छोटी दोनों तरह की फिल्में बनाने पर जोर दिया। हुमा ने कहा, हिंदी सिनेमा के लिए

हमेशा बड़ी फिल्में ही जरूरी नहीं हैं, इतनी ही जरूरत छोटी और कम बजट वाली फिल्मों की भी है, और ऐसे कार्यक्रम उन सभी स्टार्स, निर्देशकों, और एक्टर्स को प्लेटफॉर्म देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमें अच्छी फिल्में बनानी होंगी। हमें ऑडियंस को देखकर अलग-अलग तरह की फिल्में बनानी होंगी। बार-बार एक तरह की फिल्म बनाने से नहीं होगा। बड़ी फिल्में और छोटी फिल्में दोनों को बराबर अहमियत देने की जरूरत है।

दिल्ली क्राइम सीजन-3 में अपने निगेटिव रोल पर बात करते हुए हुमा ने कहा, मैंने पहली बार जिंदगी में इतना निगेटिव रोल प्ले किया है। जब पहली बार मुझे कॉल आया, तो मुझे लगा कि कॉप के किरदार के लिए फोन किया होगा, लेकिन उन्होंने कहा कि नहीं, आपको निगेटिव रोल करना होगा। ये रोल मेरे लिए प्ले करना मुश्किल था, लेकिन मजा भी आया। उस वक्त में महारानी-4 की शूटिंग भी कर रही थी। मेरे लिए एक ही समय पर दो तरह के अलग रोल प्ले करना आसान नहीं था।

बता दें कि दिल्ली क्राइम सीजन 3 में हुमा कुरैशी ने एक दीदी का रोल प्ले किया है, जो छोटी बच्चियों की तस्करी करती है। सीरीज इस बार बस दिल्ली तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तार विदेश तक फैले हैं।दिल्ली क्राइम सीजन-3 14 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है, जबकि महारानी का नया सीजन 7 नवंबर को रिलीज हो गई थी। सीरीज को ऐसे मौके पर रिलीज किया गया, जब बिहार में जनता नई सरकार चुनने की तैयारी में थी। महारानी-4 बिहार की राजनीति पर बनी सीरीज है, जिसके शुरुआती तीन सीजन जबरदस्त रहे हैं। चौथे सीजन में कहानी को आगे बढ़ाते हुए इस बार पीएम पद की लड़ाई देखने को मिली है।

रागेश्वरी लूंबा: एक बीमारी ने अभिनेत्री का करियर किया बर्बाद, अब लोगों को कर रही हैं जागरूक

बॉलीवुड में कई ऐसे चेहरे आए जिन्होंने बॉलीवुड पर राज किया और अपने समय में अपनी खूबसूरती और अदाकारी से फैंस का दिल जीता। ऐसी ही एक एक्ट्रेस और सिंगर हैं रागेश्वरी लूंबा, जो आज सोशल मीडिया पर ट्रामा और बीमारियों से बचने के लिए लोगों को थेरेपी के बारे में बताती हैं। 'लाल दुपट्टे वाली तेरा नाम तो बता' गाने में चंकी पांडे के साथ क्यूट दिखने वाली एक्ट्रेस रागेश्वरी लूंबा का जन्म एक संगीत परिवार में हुआ था। उनके पिता, भारतीय संगीतकार और गायक त्रिलोक सिंह लूंबा थे, जो नेशनल अवॉर्ड विनर रहे हैं। मधुर आवाज एक्ट्रेस को विरासत में मिली थी। बचपन से ही वे स्टेज पर गाना गाती थीं और पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की, वे कई विज्ञापनों में भी दिखीं। रागेश्वरी लूंबा को पहला ब्रेक साल 1993 में रिलीज फिल्म 'आंखें' से मिला। पहली ही फिल्म में वे अक्षय कुमार और चंकी पांडे के साथ नजर आईं। फिर रागेश्वरी साल 1994 में 'मैं अनाड़ी तू खिलाड़ी' और 'दिल कितना नादान' में नजर आईं। साल 2002 में वे 'तुम जियो हजारों साल' में दिखीं। उन्होंने सिर्फ अपनी एक्टिंग से फैंस के दिलों पर जादू नहीं किया, बल्कि उन्होंने अपनी मधुर आवाज से भी दर्शकों को दीवाना बनाया।

22 साल की उम्र में उन्होंने पॉप एल्बम 'दुनिया' रिलीज किया, जो रातों-रात छा गया। इसके बाद वे 1997 में अपने एल्बम 'वाई टू के' में नजर आईं। एक्ट्रेस ने बहुत सारे पॉप सॉन्ग रिलीज किए जो हिट भी रहे। इस लिस्ट में प्यार का रंग, रफ्तार, चाहत और कुड़ी ए पंजाब दी शामिल है।

रागेश्वरी लूंबा के साथ घटी एक घटना ने उनका पूरा जीवन बदल दिया। साल 1993 में उन्हें दुर्लभ बीमारी 'बेल्स पाल्सी' पता चला, जिससे उनका मुंह और गला दोनों बुरी तरीके से प्रभावित हुआ। डॉक्टर्स ने ये तक कह दिया था कि वे कभी गाना नहीं गा पाएंगी लेकिन एक्ट्रेस ने हार नहीं और खुद को बीमारी से पूरी तरह आजाद किया। आज एक्ट्रेस फिल्मों से दूर अपने परिवार के साथ समय बिता रही हैं। एक्ट्रेस सोशल मीडिया के जरिए दुर्लभ बीमारियों के बारे में लोगों को जागरूक करती हैं।



10 साल बाद साथ लौटे हनी सिंह और पारुल गुलाटी, एक्ट्रेस बोलीं

उनमें पहले जैसी एनर्जी

फिल्मी दुनिया में जब दो कलाकार लंबे समय बाद दोबारा साथ आते हैं, तो वह पल फैंस के लिए भावनात्मक बन जाता है। खासकर तब, जब उन कलाकारों की पुरानी साझेदारी ने लोगों पर गहरी छाप छोड़ी हो। इस कड़ी में अभिनेत्री पारुल गुलाटी और मशहूर रैपर व सिंगर यो यो हनी सिंह लगभग एक दशक बाद फिर से एक साथ नजर आएंगे। दोनों कपिल शर्मा की नई फिल्म 'किस किस को प्यार करूं 2' के खास गाने 'फुर्र' में साथ दिखाई देंगे। पारुल गुलाटी ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि इतने साल बाद हनी सिंह से मिलना उन्हें भावुक कर गया। उन्होंने कहा, जब मैं इतने सालों बाद हनी सिंह से मिली, तो सचमुच ऐसा लगा जैसे समय थम गया हो। हम दोनों तुरंत पुराने प्रोजेक्ट 'जोरावर' के दिनों में वापस चले गए। हमें रिहर्सल, हंसी-मजाक, और सेट पर मस्ती भरे पल याद आने लगे। पारुल ने कहा, हनी सिंह के साथ दस साल बाद दोबारा काम करने पर मुझे एक अपनापन महसूस हुआ। उनमें पहले जैसी एनर्जी है, लेकिन एक कलाकार के तौर पर उनमें काफी निखार आया है। उनका म्यूजिक के प्रति जुनून, काम के प्रति समर्पण, और उनकी खास शैली आज भी उतनी ही मजबूत है।

पारुल ने कहा कि हनी सिंह के साथ गाने की शूटिंग करते हुए ऐसा लगा कि उनकी एक लंबी यात्रा, फिर से शुरुआती पड़ाव पर वापस आ गई है। ऐसा एहसास हुआ कि जिंदगी एक पूरा चक्कर लगाकर फिर उसी खुशी भरे मोड़ पर पहुंच गई हो, जहां से हमने शुरुआत की थी।पारुल और हनी सिंह की जोड़ी इससे पहले 2016 की पंजाबी एक्शन फिल्म 'जोरावर' में देखने को मिली थी। यह फिल्म हनी सिंह की एक्टिंग डेब्यू थी और उस समय दर्शकों ने इस नई जोड़ी को खूब पसंद किया था। यही वजह है कि उनका दोबारा साथ आना दर्शकों के बीच उत्सुकता पैदा कर रहा है।

'किस किसको प्यार करूं 2' का नया गाना 'फुर्र' रिलीज हो गया है। इस गाने में हनी सिंह और पारुल गुलाटी के अलावा, कपिल शर्मा, आयशा खान और त्रिधा चौधरी नजर आ रही हैं। गाने को लोग खूब पसंद कर रहे हैं।

अनुकल्प गोस्वामी के निर्देशन में बनी 'किस किसको प्यार करूं 2' 12 दिसंबर को रिलीज होगी। ये फिल्म 2015 में आई 'किस किसको प्यार करूं' का सीक्वल है।

आज सूर्य करेंगे वृश्चिक राशि में गोचर

नीतिका शर्मा
ज्योतिषाचार्या एवं फेमस टैरो कार्ड रीडर
श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर, अजमेर

सूर्य 16 नवंबर को यानी आज राशि परिवर्तन करेंगे। इस दिन वह दोपहर 1:44 मिनट पर तुला से निकलकर वृश्चिक में अपना स्थान लेंगे। इसके बाद सूर्य 15 दिसंबर तक यही बने रहेंगे। उसके बाद सूर्य धनु राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य की राशि सिंह होती है। अगर जातक की कुंडली में सूर्य मजबूत स्थिति में होता है तो उसे मान-सम्मान और समृद्धि की प्राप्ति होती है। जातक की कुंडली में सूर्य के अशुभ होने पर पेट, आंख और हृदय संबंधी रोग हो सकते हैं। माना जाता है सूर्य के अशुभ प्रभाव से जातक के सरकारी काम में भी बाधा आती है। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि ग्रहों के राजा सूर्य 16 नवंबर 2025 को दोपहर 1:44 मिनट पर तुला से निकलकर वृश्चिक राशि में प्रवेश करेंगे और 15 दिसंबर 2025 तक यहीं रहेंगे। वृश्चिक एक जल तत्व की राशि है और राशि चक्र में इसका आठवां स्थान है। इस राशि का स्वामित्व मंगल ग्रह को प्राप्त है। जो कि सूर्य की मित्र राशी है। वृश्चिक राशि को सभी राशियों में सबसे संवेदनशील और सकारात्मक राशि माना जाता है। यह हमारे जीवन में तामसिक ऊर्जा, गहराई, रहस्य और परिवर्तन का प्रतिनिधित्व करती है। इसलिए जब सूर्य इस राशि में प्रवेश करते हैं, तो यह समय व्यक्ति के जीवन में आंतरिक रूपांतरण, आत्मचिंतन और शक्ति के पुनर्जागरण का संकेत देता है।

ज्योतिष में सूर्य ग्रह का विशेष रूप से महत्व है। सूर्य ग्रह किसी भी राशि में लगभग 30 दिनों तक विराजमान रहेंगे। जिस दिन सूर्य देव राशि परिवर्तन करते हैं, उस दिन संक्रांति मनाई जाती है।। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो लोग संक्रांति तिथि पर सूर्य देव की पूजा करते हैं, उन्हें समाज में अच्छी प्रतिष्ठा प्राप्त होती है। आपकी किस्मत भी अच्छी रहेगी और आप किसी भी काम में सफलता प्राप्त करेंगे। सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में जाता है तो उसे संक्रांति कहा जाता हैं और जब सूर्य तुला राशि से वृश्चिक राशि में प्रवेश करते हैं तो उसे वृश्चिक संक्रांति कहा जाता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार प्रत्येक वर्ष में कुल 12 संक्रांति आती है और हर राशि में सूर्य 1 महीने तक रहते है। सूर्य के इसी भ्रमण की स्थिति को संक्रांति कहा जाता है। संक्रांति को बहुत ही पवित्र दिनों में से एक माना जाता है। इसलिए इसे हिन्दू धर्म में पर्व भी कहा गया है।

प्रभाव

सूर्य के वृश्चिक राशि में आने से गलत काम बढ़ सकते हैं यानी चोर और भ्रष्टाचारी लोग बढ़ने की संभावना है। वस्तुओं की लागत बढ़ सकती है। मंगल की राशि में सूर्य के आ जाने से कई लोगों के लिए कष्टपूर्ण समय हो सकता है। कई लोग खांसी और ठण्ड से पीड़ित हो सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी सूर्य का अशुभ असर देखने को मिलेगा। राष्ट्रों के बीच संघर्ष बढ़ सकता है। आसपास के देशों से भारत के संबंध तनावपूर्ण हो सकते हैं। शेयर बाजार में गिरावट के साथ बिजनेस की गति कुछ थमेगी। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि के साथ शेयर बाजार फिर से बढ़ने की भी संभावना रहेगी। इससे अर्थव्यवस्था मजबूत होने के योग बनेंगे। राजनीतिक उथल-पुथल एवं प्राकृतिक आपदाओं की आशंका बढ़ेगी। लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। शिक्षा प्रणाली में सुधार के भी योग बनेंगे। धरना जुलूस प्रदर्शन आंदोलन गिरफ्तारियां होगी। रेल दुर्घटना होने की संभावना। महिलाओं के लिए समय शुभ नहीं है। कोई बड़ी फिल्म अभिनेत्री से दुखद समाचार। देश और दुनिया में राजनीतिक बदलाव होंगे। सत्ता संगठन में परिवर्तन होगा। आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलेगा। मनोरंजन फिल्म नाटक फैशन डांसर कॉमेडी चर्चा में रहेंगे।

उपाय

सबसे पहले अपने घर की पूर्व दिशा को साफ सूथरा करें। भगवान श्री विष्णु की उपासना करें। बंदर, पहाड़ी गाय या कपिला गाय को भोजन कराएं। रोज उगते सूर्य को अर्घ्य देना शुरू करें। रविवार के दिन उपवास रखे। रोज गुढ़ या मिश्री खाकर पानी पीकर ही घर से निकलें । जन्मदाता पिता का सम्मान करें, प्रतिदिन उनके चरण छुकर आशीर्वाद लें । भगवान सूर्य की स्तुति आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करें ।

" सूर्य के वृश्चिक राशि में जाने पर सभी राशियों पर क्या होगा प्रभाव।

मेष राशि – भ्रमित होने के कारण किसी भी कार्य में मन नहीं लगेगा। बीमारी की आशंका रहेगी। विवाद से बचें।

वृषभ राशि – बीमारी होने की आशंका से तनाव। साझेदार या शासन सत्ता से तनाव रहेगा। व्यर्थ की यात्रा होगी।

मिथुन राशि– रोग ठीक होगा। रुका हुआ धन मिलेगा। आदर-सम्मान में वृद्धि। उपहार मिल सकता है। पदोन्नति की संभावना है।

कर्क राशि – कार्यालय या घर में तनाव संभव। किसी बीमारी से परेशान हो सकते हैं। बच्चों की सेहत की चिंता रहेगी।

सिंह राशि– मेहनत ज्यादा करनी होगी। सुख में कमी होगी। कार्यों में बाधा से तनाव रहेगा। बुजुर्गों को लेकर चिंता रहेगी।

कन्या राशि – धन का संग्रह करने में सफल रहेंगे। रुके हुए पुराने कार्यों में सफलता मिलेगी। उच्च अधिकारी से मदद संभव।

तुला राशि – फिजूल के खर्च बढेंगे। अनावश्यक जिद से हानि होगी। ठगे जाने की आशंका बनी रहेगी। परिजनों से विवाद न करें।

वृश्चिक राशि– अनावश्यक मेहनत होगी। गुस्सा बढ़ जाएगा। यात्रा में हानि। नकारात्मक विचारों से बचें।

धनु राशि– हर काम में बाधा से तनाव। बीमारी आदि से परेशान हो सकते हैं। दोस्तों के व्यवहार से चिंता। धन हानि से तनाव रहेगा।

मकर राशि– रुकी हुई पदोन्नति मिलेगी। सम्मान में वृद्धि होगी। धन मिल सकता है। नया कार्य शुरू कर सकते हैं।

कुंभ राशि– रुके हुए बडेक़ार्य में सफलता। कार्यक्षेत्र में अनुकूल वातावरण। धन लाभ होगा। पदोन्नति संभव।:

मीन राशि– धर्म में अरुचि। कामकाज में असफलता से तनाव। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझ कर लें। यात्रा हो सकती है।

मोक्षदा एकादशी व्रत 1 दिसंबर को

जानें शुभ मुहूर्त, पारण का समय और धार्मिक महत्व

हिंदू धर्म में हर एक एकादशी का अपना-अपना महत्व है। हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष में एक-एक एकादशी पड़ती है। मार्गशीर्ष माह की बात करें, तो कृष्ण पक्ष में उत्पन्ना एकादशी तो वहीं शुक्ल पक्ष में मोक्षदा एकादशी का व्रत रखा जाएगा। पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के पड़ने वाली मोक्षदा एकादशी का व्रत रखने के साथ विष्णु जी की पूजा करने से जातक को हर पाप से मुक्ति मिल जाती है। इसके साथ ही मरने के बाग मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसके साथ ही इस दिन कथा सुनने से वाजपेयी यज्ञ के बराबर फल की प्राप्ति होती है। इस साल एकादशी तिथि दो दिन होने के कारण कंफ्यूजन बना हुआ है कि मोक्षदा एकादशी का व्रत कब रखा जाएगा।

मोक्षदा एकादशी की सही तिथि, मुहूर्त, पारण का समय और धार्मिक महत्व

मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 20 नवंबर रात 09 बजकर 29 मिनट से आरंभ हो रही है, जो 1 दिसंबर सुबह 07 बजकर 1 मिनट पर समाप्त हो रही है। द्रिक पंचांग के अनुसार, इस साल मोक्षदा एकादशी व्रत 1 दिसंबर को रखा जाएगा।

मोक्षदा एकादशी पारण का समय

मोक्षदा एकादशी का व्रत 1 दिसबंर को रखा जाएगा। ऐसे में 2 दिसंबर को व्रत का पारण किया जाएगा। इस दिन सुबह 6 बजकर 17 मिनट से 8 बजकर 25 मिनट के बीच व्रत का पारण कर सकते हैं।

मोक्षदा एकादशी 2025 महत्व

शास्त्रों के अनुसार, मोक्षदा एकादशी के दिन व्रत रखने और भगवान विष्णु की पूजा करने से न केवल साधक को अपने पापों से मुक्ति मिलती है, बल्कि उसके पूर्वजों को भी मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी कारण इस एकादशी को मोक्ष प्रदान करने वाली एकादशी कहा गया है। विष्णु पुराण के अनुसार, भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया था कि जो व्यक्ति श्रद्धा भाव से मोक्षदा एकादशी का व्रत रखता है, उसे वैष्णव लोक की प्राप्ति होती है और उसके पितरों को भी स्वर्ग की प्राप्ति होती है।

उत्पन्ना एकादशी पर पढ़ें ये मंत्र

विष्णु बीज मंत्र
ॐ वं विष्णवे नमः ।।
ॐ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र
ॐ नमो भगवते वासुदेवाय ।।
विष्णु गायत्री मंत्र
ॐ नारायणाय विद्महे। वासुदेवाय धीमहि। तन्नो विष्णुः प्रचोदयात् ।।
विष्णु सहस्रनाम का छोटा जप मंत्र
श्री विष्णु सहस्रनाम स्तोत्रम् नमः ।।

भैरव बाबा के अलग-अलग रूप, पूजन से मिलती है बाधाओं से मुक्ति

भैरव जी की उपासना को नकारात्मक शक्तियों से रक्षा का अत्यंत प्रभावशाली उपाय माना गया है। भैरव जी, भगवान शिव के उग्र रूप हैं, जिनकी आराधना से भय, संकट और विपत्तियाँ दूर होती हैं तथा भूत- प्रेत और ग्रहदोषों के कष्ट समाप्त होते हैं। विशेष रूप से जो व्यक्ति शनि, राहु या केतु से उत्पन्न दोषों से पीड़ित हों, उन्हें भैरव साधना अवश्य करनी चाहिए।

पुराणों के अनुसार, जब भगवान शिव सती का देह लेकर ब्रह्माण्ड में विचरण कर रहे थे, तब भगवान विष्णु ने सती के अंग पृथ्वी पर गिराए, जिनसे 108 शक्ति पीठों की स्थापना हुई। इन पीठों की रक्षा के लिए भगवान शिव ने प्रत्येक स्थान पर एक भैरव को नियुक्त किया। इसी कारण भैरव जी को देवी का द्वारपाल और रक्षक कहा जाता है। उनके प्रमुख स्वरूपों में बटुक भैरव, काल भैरव, चण्ड भैरव और कपाल भैरव सम्मिलित हैं। इनमें से काल भैरव को समय और मृत्यु का स्वामी माना गया है। एक अन्य कथा के अनुसार, जब भगवान शिव ने अंधकासुर से युद्ध किया, तब उनके शरीर से बहते रक्त से अनेक भैरव उत्पन्न हुए। पूर्व दिशा में गिरे रक्त से प्रकट हुए काल भैरव कहलाए। वहीं बटुक भैरव का स्वरूप सौम्य और बालकवत है। जब आपाद नामक राक्षस ने पाँच वर्षीय बालक से मरने का वरदान माँगा, तब देवी महाकाली की कृपा से बटुक भैरव का जन्म हुआ, जिन्होंने उस राक्षस का संहार किया। इसी

प्रकार भैरव जी से संबंधित अनेक कथाओं का विवरण विभिन्न ग्रंथों में प्राप्त होता है।

भैरव अष्टमी, जिसे काल भैरव जयंती भी कहा जाता है, मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। यह वही पावन दिन है जब भगवान शिव ने काल भैरव रूप धारण किया था। इस दिन विशेष रूप से काल भैरव की पूजा, रात्रि-जागरण, दीपदान और कथा-पाठ का आयोजन किया जाता है। भक्त प्रातः स्नान कर, काले तिल, सरसों के तेल का दीपक जलाकर, कुत्तों को भोजन कराते हैं और भैरव जी का ध्यान करते हैं। भैरव अष्टमी के दिन बाबा भैरव की उपासना से जीवन के सभी भय, बाधाएं और ग्रहदोष दूर होते हैं।

वाशी योग इन पांच राशियों को बनाएगा धनवान, करियर में आएगा उछाल

आज यानी 16 नवंबर, रविवार के दिन सूर्य से द्वादश भाव में शुक्र के होने से बेहद ही शुभ वाशी योग का निर्माण हो रहा है। इस दौरान तुला राशि में शुक्र और वृश्चिक राशि में सूर्य की स्थिति कई राशियों के लिए अकस्मात धन लाभ के योग बना रही है। इस योग के प्रभाव से कुछ लोगों को भागीदारी के कार्यों में सफलता मिलेगी, तो कुछ का दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

मेष राशि : कार्यक्षेत्र में दिन अच्छा गुजरेगा

मेष राशि के जातकों का आज का दिन कार्यक्षेत्र में अच्छा गुजरने वाला है। भाग्य का आज के दिन साथ मिलेगा। दिन का ज्यादातर समय परोपकार के कार्यों में व्यतीत होगा। दिन में कुछ छोटी-छोटी परेशानियां देखने को मिलेंगी। हालांकि आप अपने व्यवहार से माहौल को सामान्य बनाने में कामयाब रहेंगे। रात के समय में जीवनसाथी का स्वास्थ्य खराब होने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

वृष राशि : भाग्य का साथ मिलेगा

वृष राशि के जातकों का आज का दिन परिवार के साथ सुखद बीतेगा। दोपहर तक भाग्य का साथ मिलेगा और इस दौरान कोई शुभ समाचार भी मिलता हुआ दिख रहा है। हालांकि आपको स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। शाम के समय किसी अतिथि के घर आने से आपको प्रसन्नता होगी। रात के समय में किसी मांगलिक कार्य में सम्मिलित होने से आपका सम्मान बढ़ेगा।

मिथुन राशि : व्यर्थ के खर्चों से बचना होगा

आज के दिन मिथुन राशि के जातकों को पिता का आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों की कृपा मिलेगी। इससे किसी बहुमूल्य वस्तु या संपत्ति की प्राप्ति की आपकी इच्छा पूरी हो सकती है। इस दौरान दौड़भाग का स्थिति बनी रहेगी। व्यर्थ के खर्चों से आपको बचना होगा। शाम से लेकर रात तक आपको तेज चलने वाले वाहनों का प्रयोग करते समय सावधानी बरतनी होगी। पत्नी की ओर से भी आपको सहयोग मिलता हुआ दिख रहा है।

कर्क राशि : आर्थिक स्थिति में सुधार होगा

राशि स्वामी की उत्तम स्थिति आपके लिए शुभ साबित होगी। राशि पर बृहस्पति का द्वादश होकर परिभ्रमण अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति कराएगा। इससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज के दिन आपकी व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। राज्य में मान-सम्मान बढ़ेगा। हालांकि, इस दौरान शीघ्रता व भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर पश्चाताप का कारण बन सकता है।

सिंह राशि : रुका हुआ कार्य भी पूरा होगा

सिंह राशि के जातकों को आज के दिन राजनीतिक क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व भी आज के दिन पूरे होंगे। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में दूसरों से आगे निकल जाएगें। आज के दिन रुका हुआ कार्य भी पूरा होगा। इस दौरान स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा सतर्क रहना होगा। पाचन और आंखों से संबंधित कोई विकार हो सकता है। शाम से लेकर से लेकर रात तक का समय प्रियजनों के दर्शन में व्यतीत होगा। खान-पान का विशेष ध्यान रखें।

कन्या राशि : विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होगी

आज के दिन कन्या राशि के जातकों को कार्यक्षेत्र में लाभ होगा। परिवार में किसी मंगल कार्य के होने से खुशी मिलेगी। आज के दिन रचनात्मक कार्यों में आपका मन लगेगा। कुछ विपरीत परिस्थिति भी उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में आपके लिए बेहतर होगा कि अपने क्रोध पर काबू रखें। घर गृहस्थ की समस्या आज के दिन सुलझ जायेगी। राजकीय कार्यों में मदद मिलेगी। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग बन रहे हैं।

तुला राशि : आय के नए स्रोत बनेंगे

आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में आपको विशेष उपलब्धि मिलेगी। इस दौरान आय के नए स्रोत बनने से आर्थिक लाभ होगा। आपका संवाद करने का तरीका आपके लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा। भागदौड़ के कारण मौसम का असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। ऐसे में सेहत को लेकर कोई लापरवाही न करें। आज के दिन जीवन साथी का पर्याप्त मात्रा में सहयोग मिलेगा। यात्रा के भी संयोग बन रहे हैं, जो भविष्य में लाभ दिलाएंगे।

वृश्चिक राशि : यश और कीर्ति में वृद्धि होगी

आज वृश्चिक राशि वालों का आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। इससे धन, सम्मान, यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। आज के दिन रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा और प्रियजनों से मुलाकात होगी। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। शाम के समय प्रियजनों से भेंट और रात में सैर सपाटे का अवसर प्राप्त होगा।

धनु राशि : सुख के साधनों में वृद्धि होगी

आज घर के लिए जरूरी सामानों पर धन खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी सगे-संबंधी के कारण तनाव हो सकता है। ऐसे में रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें। आज के दिन धन फंसने की संभावना दिख रही है। दिन में कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं। हालांकि इसमें आपकी ही विजय होगी। विरोधियों द्वारा आपके विरूद्ध किए जा रहे षड़यंत्र विफल हो जाएंगे।

मकर राशि : वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें

आज व्यावसायिक क्षेत्र में मन मुताबिक लाभ होगा। इससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यवसाय में परिवर्तन की योजना बन सकती है। इस दौरान प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी और पारिवारिक उत्तरदायित्व भी पूरे होंगे। शाम के समय धार्मिक स्थानों की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित हो सकता है। रात के समय वाहन प्रयोग में सावधानी बरतें। वाहन में खराबी से खर्च बढ़ सकता है।

कुंभ राशि : शरीर कष्ट होने के संकेत

कुंभ राशि वालों को आज के दिन कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। राशि स्वामी शनि की द्वितीय स्थिति के कारण पत्नी को अकस्मात शरीर कष्ट होने के संकेत दिख रहे हैं। ऐसे में भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के लेन देन के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम के समय पत्नी के स्वास्थ्य में सुधार हो जाएगा।

मीन राशि : माता-पिता की सलाह काम आएगी

वैवाहिक जीवन आनन्द दायक बीतेगा। आज पास व दूर की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। बिजनेस में बढ़ती प्रोग्रेस से आपको काफी खुशी होगी। इस दौरान विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। शाम के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका दिमाग भी रिलेक्स होगा। माता-पिता की सलाह-आशीर्वाद आपके लिए उपयोगी सिद्ध होगी।



कई दिनों से हम जंगल सफारी पर नहीं गए न। तो इस बार सोचा क्यों न हम अफ्रीका ही चलें। यहां कुछ ऐसे वन्य प्राणी हमें देखने को मिले, जो थोड़े से हटकर हैं। हमने जब इन्हें गौर से देखा तो कुछ इतराते हुए से कहने लगे...

हम हैं जरा हटकर!!!

हो गई आपकी तैयारी। अरे भई! बैग पैक करने की नहीं हो रही है। थोड़ा रुकिए, हम आपको इन सबके दर्शन घर पर ही करवाते हैं। इनके बारे में कुछ जानकारी जुटा लें, तभी तो इनसे दोस्ती करने में मजा आएगा। आइए चलते हैं अफ्रीका की जंगल सफारी पर...

बंदरों की रंगीन दुनिया

बंदर भी कई तरह के देखने को मिले। कहीं ब्लैक एंड व्हाइट तो कहीं ब्लू मंकी उछल-कूद कर रहे थे। ये बंदर कोलोबस प्रजाति के होते हैं और ये ओल्ड वर्ल्ड मंकी परिवार से संबंध रखते हैं।

1. काला-सफेद कोलोबस-इसके शरीर का कुछ हिस्सा काला होता है और कुछ सफेद। जैसे पूंछ का अगला हिस्सा सफेद और पिछला हिस्सा काला, चेहरे का रंग काला और बाल सफेद। ये परिवार में रहना पसंद करते हैं। इनके परिवार में एक नर के साथ कई मादाएं और बच्चे भी रहती हैं। मादाओं का कार्य बच्चों की देखभाल करना होता है। ये शाहकारी होते हैं, जो पेड़-पौधों की पत्तियों और फलों पर निर्भर रहते हैं।

2. लाल कोलोबस- लाल कोलोबस लाल, सफेद और काले तीन रंगों के होते हैं। इसके शरीर की बनावट और खान-पान ब्लैक एंड व्हाइट कोलोबस की तरह ही होता है। लेकिन ये बहुत संवेदनशील होते हैं और मनुष्यों की बसाहटों से दूर घने जंगलों में रहते हैं। यह बड़े-बड़े झुंडों में एक साथ रहते हैं और झुंड के सभी नर झुंड की सुरक्षा करते हैं। चिम्पैंजी इनके सबसे बड़े शत्रु होते हैं। इसलिए किसी भी चिम्पैंजी के नजर आते ही नर अपने झुंड को सुरक्षित स्थान पर ले जाता है।

3. नीला बंदर- ये अधिकतर कांगो, अंगोला, और जाम्बिया के जंगलों में पाए जाते हैं। इनके चेहरे का रंग नीला होने की वजह से ही, इन्हें नीला बंदर कहा जाता है। बाकी पूरा शरीर तो काले रंग का होता है, फिर भी उसमें कुछ नीलाभ सा दिखाई देता है।





नकलची मिट्ठू

आपने अमूमन तोते हरे रंग के ही देखे होंगे। पर इन महाशय से मिलिए। ये हैं स्लेटी रंग के मिट्ठू महाराज। यह मध्य और पश्चिम अफ्रीकी देशों में पाए जाते हैं। इनकी चोंच काले रंग की, चेहरा और शरीर हल्के स्लेटी रंग का और पूंछ काली होती है। रहवासी इन्हें पालते भी हैं और इनसे बतियाते भी हैं। पक्षी विशेषज्ञों की राय में ये तोते सामान्य तोतों की अपेक्षा ज्यादा बुद्धिमान होते हैं और सीखने की क्षमता भी उत्तम होती है।

कद छोटा और कान लम्बे



देखने में कितनी सुंदर है न यह। फैनेक्स फॉक्स यानी लम्बे कान वाली लोमड़ी। यह उत्तरी अफ्रीका के सहारा रेगिस्तान में पाई जाती है। कद छोटा और कान काफी बड़े हैं इनके। यही बात खास बनाती है इन्हें। यह मांसाहारी प्राणी है, जो उड़ने वाले कीट-पतंगों का शिकार करके अपना पेट भरती है। दो फुट ऊंची छलांग लगाने में सक्षम होती है छोटी लोमड़ी।

जिराफ या जेब्रा

अच्छा बताइए तो यह कौन-सा जानवर है? घोड़ा भी लग रहा है और जेब्रा भी। सब गलत। यह महाशय हैं ओकापी, जो कांगो के निवासी हैं। इनकी शारीरिक बनावट जिराफ सी है, लेकिन टांगों पर मौजूद धारियों से यह जेब्रा की तरह दिखते हैं। 1900 से पहले इनके बारे में कोई नहीं जानता था। यह 6-8 फुट लम्बा और 5-9 फुट ऊंचा होता है। ये शाकाहारी होते हैं।

...मजा आया इस सफारी में न!!!

रंग भरो

बूझो तो जानें!!!

1. भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार कौन-सा है?
2. भारत के द्वितीय नागरिक पुरस्कार का नाम बताइए?
3. सेना के क्षेत्र में सर्वोच्च पुरस्कार का नाम बताइए?
4. 2006 में गांधी शांति पुरस्कार प्राप्त करने वाले व्यक्ति का नाम बताइए?
5. द्रोणाचार्य पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है?
6. ज्ञानपीठ पुरस्कार किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है?
7. अभी-अभी किशोर कुमार पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया?
8. राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार किस वर्ष से शुरुआत हुई?
9. हिमालय में आंसू के आकार तालाब स्थित है, उसका नाम बताइए?
10. जामिया मिलिया यूनिवर्सिटी किस शहर में स्थित है?
11. वनरानी टॉय ट्रेन भारत के किस राज्य में चलती है?
12. महाराष्ट्र का बेरार जिला क्यों प्रसिद्ध है?

उत्तर-1.भारत रत्न, 2.- पद्म विभूषण, 3.- परमवीर चक्र, ४.- [illegible], 5. - खेल कोच, 6. - साहित्य के क्षेत्र में, 7. - [illegible], 8. १९५४, 9. नैनीताल, 10. नई दिल्ली, 11. मुंबई, 12. कपास के लिए

कविता

सब्जीमंडी में मची है धूम



गाजर की जब से हुई है शादी,
सुनकर मूली हो गई है आधी।

टमाटर घूमे गाल फुलाए,
प्याज उसको पसंद न आए।

टिंडे के घर टीवी आया,
आलू को यह न सुहाया।

कद्दू दिन-दिन पसर रहा है,
डायटिंग करने से डर रहा है।

मिर्ची को जब गुस्सा आया,
उसने लौकी को काट खाया।

शकरकंद से भिड़ गई शलजम,
ढोल बजाए गोभी ढम-ढम।

आदिवासी समाज के गौरव भगवान बिरसा मुंडा हमारे प्रेरणास्रोत : भजनलाल

डूंगरपुर, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनजाति समुदाय ने सदियों से प्रकृति, संस्कृति, साहस और सत्य के मार्ग को जीवंत रखा है। राजस्थान के हृदय में सबसे जीवंत और प्रखर धारा के रूप में हमारे आदिवासी भाई-बहन हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों का इतिहास संघर्ष से भरा है, लेकिन उससे भी अधिक गौरवपूर्ण है। इन्होंने जल, जंगल और जमीन के साथ संतुलन बनाकर विश्व को जीना सिखाया है। त्योहार, गीतों और परम्पराओं से राजस्थान की पहचान को समृद्ध बनाया है। उन्होंने कहा कि जनजातियों के नृत्य में ताल ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों की कहानियां समाहित हैं। इसी प्रकार, त्योहारों में रंग ही नहीं, आदिवासी गौरव की चमक भी बसती है। राज्य सरकार इन परम्पराओं को संजोने के साथ ही दुनिया के सामने गर्व से पेश करेगी। राज्य सरकार जनजाति कल्याण के लिए

कृत-संकल्पित है। शर्मा शनिवार को डूंगरपुर के श्री भोगीलाल राजकीय महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब हम भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हैं, तब हमें प्रदेश के उन अमर जननायकों का भी स्मरण करना चाहिए, जिन्होंने इस धरती को वीरता और बलिदान से पवित्र किया। गोविंद गुरु ने मानगढ़ की पहाड़ियों पर भील समाज को संगठित कर भगत आंदोलन का नेतृत्व किया। इसी प्रकार, वीर बालिका कालीबाई ने महज 12 वर्ष की आयु में अपने गुरु की रक्षा के लिए बलिदान दिया। ये सभी केवल नाम नहीं हैं बल्कि हमारी धरोहर और पहचान हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'विकास को सर्वांगीण, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी बनाने के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में जनजातीय समाज के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं, जो नए भारत की आधारशिला बन रहे हैं। देश भगवान बिरसा मुंडा के निःस्वार्थ त्याग और राष्ट्रसेवा के लिए सदा ऋणी रहेगा, प्रधानमंत्री का यह वाक्य केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प है कि हम धरती आबा के आदर्शों के मार्ग पर निरंतर चलते रहेंगे। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय समाज के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। छात्रावासों मैस भत्ता ढाई हजार से बढ़ाकर 3 हजार 250 रुपये प्रतिमाह, खेल अकादमियों में मैस भत्ता 2 हजार 600 से बढ़ाकर 4 हजार रुपये प्रति माह किया गया है। साथ ही, 232 नए मा-बाड़ी केंद्रों की स्थापना कर स्टाफ के मानदेय में दो वर्षों में लगातार 10-10 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि की गई है। 8 लाख 39 हजार जनजाति किसानों को मुफ्त संकर मक्का बीज वितरण किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो वर्षों में जनजाति कृषकों को 2 लाख 36 हजार मिनिकिट वितरित किए गए हैं। प्रदेश के 9 जिलों में 530 वन धन विकास केंद्रों का गठन कर डेढ़ लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जा रहा है।

कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत लगभग 5 हजार जनजातीय युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि तृतीय राष्ट्रीय लेक्रोस चैंपियनशिप में राज्य के जनजातीय प्रतिभा के 55 खिलाड़ियों ने 6 वर्गों में 5 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक जीता है और लेक्रोस खेल में जनजातीय बालिकाओं ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एशियन चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व कर रजत पदक जीता है।

आज पत्रकारिता में अच्छे लोगों की बहुत जरूरत है : गुलाब बत्रा

जयपुर, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

आज पत्रकारिता मिशन को बजाय एक व्यवसाय बन गया है। ऐसे में पत्रकारिता में आज अच्छे लोगों की बहुत ज़रूरत है। भावी पत्रकारों को लेखन शैली, भाषा और तकनीकी दक्षता में निपुण होना होगा, तभी वे आने वाली चुनौतियों का सामना करने में सफल हो सकेंगे। वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा ने हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विशेष व्याख्यान श्रृंखला के दौरान उक्त विचार व्यक्त किए। गुलाब बत्रा ने अपने 55 वर्षों के पत्रकारिता के करियर और अनुभवों के बारे में विस्तार से बातचीत करते हुए कहा कि पत्रकारों को विभिन्न तरह की किताबें पढ़ने की आदत को बनाये रखना चाहिए। साथ ही, वरिष्ठ पत्रकारों को भी नए पत्रकारों के लेखन को देखना-परखना चाहिए तभी वे आज की पीढ़ी के संघर्षों से परिचित हो सकेंगे। पत्रकारिता विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित साप्ताहिक व्याख्यान श्रृंखला की कड़ी में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में गुलाब बत्रा ने मुख्य वक्ता के बतौर विद्यार्थियों के सवालों के भी जवाब दिए। उन्होंने आपातकाल में पत्रकारों के ऊपर थोपी गई पाबंदियों का भी ज़िक्र किया। उन्होंने कहा कि पत्रकारों की कलम में सरस्वती का साक्षात निवास होता है, इसलिए पत्रकारों की अपनी कलम का प्रयोग काफ़ी सोच समझकर करना चाहिए।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. नंदकिशोर पांडेय ने की। उन्होंने मुख्य वक्ता गुलाब बत्रा का शॉल ओढ़ाकर और श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन करते हुए कुलगुरु प्रो. पांडेय ने कहा कि गुलाब बत्रा का जीवन पत्रकारिता के विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा है, जिससे वे पत्रकारिता के पेशे की खूबियाँ सीख सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन पत्रकारिता संकाय के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने किया और धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. सत्येंद्र बसवाल ने किया।

अन्ता पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाया धाकड़खेड़ी हत्याकांड

मामूली कहासुनी में कलयुगी नाबालिग बेटे ने की खूनी वारदात

बारां, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

बारां जिले के अन्ता थाना क्षेत्र के ग्राम धाकड़खेड़ी में शुक्रवार को एक सनसनीखेज हत्या की वारदात सामने आई। बारां पुलिस अधीक्षक अभिषेक अंदासु ने बताया कि माताजी की पुलिया के पास एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई की रिपोर्ट के आधार पर थाना अन्ता पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। एसपी अंदासु ने बताया कि घटना की गंभीरता और संवेदनशीलता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी व वृताधिकारी सोजी लाल मीणा के निर्देशन और थानाधिकारी भूपेश शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तेजी से जांच करते हुए महज 24 घंटे के भीतर ही इस ब्लाइंड मर्डर का खुलासा कर दिया। पुलिस अनुसंधान में पता चला कि हत्या की इस जघन्य वारदात को मृतक के नाबालिग बेटे ने ही अंजाम दिया था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मामूली कहासुनी होने पर नाबालिग ने अपने पिता पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।गठित विशेष टीम ने अथक प्रयास करते हुए शनिवार 15 नवम्बर को हत्या के बाल अपचारी को निरुद्ध कर लिया है। निरुद्ध किए गए बालक को अब किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा और मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है। पुलिस टीम में थानाधिकारी भूपेश शर्मा के साथ एएसआई रामावतार, कांस्टेबल हरवीर और विशेष भूमिका निभाने वाले थाना अन्ता के कांस्टेबल वीरेन्द्र तथा थाना सांगोद के कांस्टेबल सोनू शामिल थे।

16 जिलों के राशन डीलर्स का बड़ा निर्णय

अब नहीं देंगे अनलोडिंग राशि, सभी जिलों में समान व्यवस्था लागू करने की मांग तेज

लालसोट, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

प्रदेश के 16 जिलों के राशन डीलर्स ने अनलोडिंग राशि के मुद्दे पर बड़ा फैसला लेते हुए घोषणा की है कि अब वे गेहूं की अनलोडिंग राशि नहीं देंगे। डीलर्स का कहना है कि राज्य सरकार के स्पष्ट आदेशों के बावजूद इन 16 जिलों में उनसे 8 रुपये प्रति क्विंटल अनलोडिंग राशि वसूली जा रही है, जबकि प्रदेश के अन्य 25 जिलों में यह राशि परिवहनकर्ता स्वयं वहन कर रहे हैं।

राशन डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष हेमराज मीणा ने बताया कि राजस्थान में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न की डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था 15 अप्रैल 1992 से लागू है। इस योजना के अनुसार भारतीय खाद्य निगम से खाद्यान्न उठाकर उसे उचित मूल्य दुकान तक पहुँचाने की पूरी ज़िम्मेदारी परिवहनकर्ता (थोक विक्रेता) की होती है। परिपत्र 17-03-1992, 09-04-1992 तथा बाद में 1994 व 1996 में जारी निर्देशों में भी स्पष्ट किया गया कि लोडिंग-अनलोडिंग का खर्च परिवहनकर्ता ही वहन करेगा, डीलर नहीं। इसके बावजूद 16 जिलों में डीलर्स से ही अनलोडिंग राशि वसूली जा रही थी, जिस पर खाद्य विभाग के उपायुक्त द्वारा निर्देश जारी कर जिला रसद अधिकारियों को इसे बंद करने के आदेश भी दिए गए थे।

राशन डीलर्स के अनुसार राज्य सरकार ने परिवहनकर्ता से 6 रुपये प्रति क्विंटल काटकर यह राशि डीलर्स को लौटाने का आदेश दिया था, लेकिन 2023 से आज तक यह राशि डीलर्स के खातों में वापस नहीं आई। उलटे 2 रुपये प्रति क्विंटल राशि अभी भी डीलर्स को अपनी जेब से देनी पड़ रही है।

प्रदेशाध्यक्ष हेमराज मीना ने बताया कि 25 जिलों में डोर स्टेप डिलीवरी के प्रावधानों का सही पालन हो रहा है और अनलोडिंग राशि परिवहनकर्ता ही वहन कर रहा है, जबकि 16 जिलों में नियमों की अवहेलना कर डीलर्स से यह राशि वसूली जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कैथल में रन फॉर यूनिटी के प्रतिभागियों का बढ़ाया हौसला

कैथल, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

शनिवार सुबह एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी से कैथल तक निकाली जा रही रन फॉर यूनिटी में अचानक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का काफिला रुका। दरअसल मुख्यमंत्री शनिवार को हिसार के गांव खरक में पूनिया खाप द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में जा रहे थे। गांव कयोडक़ के निकट सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही रन फॉर यूनिटी को देखकर मुख्यमंत्री ने अपना काफिला रुकवाया। वे अपनी गाड़ी से उतरे और पूर्व विधायक लीला राम सहित अन्य कार्यकर्ताओं से रन फॉर यूनिटी के रूट बारे जानकारी हासिल की। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं का हाल-चाल जाना। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का हौसला भी बढ़ाया।

प्रधानमंत्री मोदी के भव्य और दिव्य स्वागत के लिए हरियाणा तैयार: मोहन लालबड़ौली

पंचकुला, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि बिहार की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर भरोसा किया है। बिहार के लोगों ने लोकतंत्र पर्व में शामिल होकर अपने मत का प्रयोग किया और पीएम मोदी के विकास के मॉडल पर मुहर लगाकर अपनी सरकार चुनी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को जनता के मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं, कांग्रेस जनता पर अपनी बातें थोपती है, यही कारण है कांग्रेस अपना जनाधार खो चुकी है। ये बातें शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने बिहार में एनडीए की प्रचंड विजय पर बिहार के मतदाताओं का आभार भी व्यक्त किया है। इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि विरोधी पार्टियों ने एनडीए के खिलाफ अभियान चलाकर लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास किया, लेकिन बिहार की जनता ने विपक्ष के मंसूबों पर पानी फेर दिया। उन्होंने कहा कि बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की और नीतीश कुमार की नीतियों की जीत हुई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि बिहार की जनता ने वोट संशोधन कार्यक्रम पर भरोसा जताया। निर्वाचन आयोग ने पूरी तैयारियों के साथ निष्पक्ष तरीके से चुनाव की प्रक्रिया को पूरा किया। बिहार की जनता ने चुनाव आयोग पर भरोसा जताया और इसी का परिणाम है कि बिहार विधानसभा चुनाव में वोट प्रतिशत भी बढ़ा है।

एक सवाल पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि बिहार की जनता ने अब वोट चोरी की जगह कांग्रेस को ही चोरी कर दिया है। बिहार में कांग्रेस ही चोरी हो गई और मात्र छह सीटों पर सिमट कर रह गई। उन्होंने कहा कि बिहार चुनाव में कई पार्टियों के तो खाते ही नहीं खुले जीरो पर आउट हो गई। वोट चोरी का जो मुद्दा इंडी गठबंधन ने उठाने का प्रयास किया उसका जवाब जनता ने दे दिया। बड़ौली ने कहा कि जनता ने जो जनादेश दिया है उसका कांग्रेस को सम्मान करना चाहिए।

कुरुक्षेत्र में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की नायब सैनी सरकार श्री गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी दिवस राज्य स्तर मना रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आ रहे हैं। बड़ौली ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर चार यात्राएं पूरे प्रदेश में चल रही है और ये 24 नवंबर को कुरूक्षेत्र पहुंच जाएंगी। पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर 25 नवंबर को बड़ा आयोजन रहेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी कहा कि पहली बार गीता महोत्सव भी 21 दिन तक चलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के दो बड़े आयोजन है और दोनों में प्रधानमंत्री जी का आगमन रहेगा।

प्रदेश सरकार दादा बाढ़देव जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर निरंतर अग्रसर : सैनी

चंडीगढ़, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दादा बाढ़देव पूनिया के जन्मोत्सव व मुख्यमंत्री सम्मान समारोह पर आयोजित कार्यक्रम में घोषणा करते हुए कहा कि खरक पुनिया गांव के वर्तमान स्कूल को 'संस्कृति मॉडल स्कूल' के रूप में अपग्रेड किया जायेगा ताकि गांव के ही स्कूल में बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने खरक पुनिया में एक सामुदायिक केंद्र का निर्माण करवाने के साथ-साथ यहां पर एक पुस्तकालय खोलने की भी घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने दो पुस्तकों का भी विमोचन किया। मुख्यमंत्री हिसार ज़िले के खरक पूनिया गांव में अखिल हरियाणा सर्वजातीय पूनिया समाज द्वारा दादा बाढ़देव जी पूनिया के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने दादा बाढ़देव जी को नमन करते हुए कहा कि दादा बाढ़देव जी का जीवन हमें यह संदेश देता है कि जब समाज संगठित और अनुशासित होता है तो हर समस्या का समाधान आसान हो जाता है। उन्होंने समाज को सदैव सत्य, अनुशासन और भाईचारे को जीवन का मूल मंत्र बनाने की प्रेरणा दी। दादा बाढ़देव जी ने यह भी विश्वास दिलाया कि समाज की भलाई के लिए खड़ी खाप कभी कमजोर नहीं पड़ती। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूनिया खाप ने सदैव देश, समाज और जनहित को सर्वोपरि स्थान दिया है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार दादा बाढ़देव जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर निरंतर अग्रसर है। उन्होंने पूनिया खाप से आग्रह किया कि वह युवा पीढ़ी को सही दिशा में प्रेरित करे, जिससे युवा नशे से दूर रहें और आने वाली पीढ़ियां सशक्त एवं सक्षम बन सकें। मुख्यमंत्री ने यह भी अपील की कि सभी लोग युवाओं को शिक्षा, खेल और तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करें।

गत दिवस सोनीपत के बढ़खालसा में दादा कुशाल सिंह दहिया के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दादा कुशाल सिंह दहिया ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के साथ धर्म की रक्षा हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गुरुओं के इतिहास, शिक्षाओं और बलिदान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर

जी के 350वें शहीदी वर्ष को भव्य रूप से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले 25 नवंबर को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी इस संबंध में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने हेतु हरियाणा आ रहे हैं।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में वर्तमान सरकार तीव्र गति से कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नई-नई परियोजनाओं की स्थापना के साथ पिछले 11 वर्षों में सड़कों का व्यापक जाल बिछाया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची, पूर्णतः मेरिट के आधार पर रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में 10 नए आईएमटी स्थापित करने की प्रक्रिया प्रगतिशील है। उन्होंने कहा कि दो से तीन आईएमटी के लिए भूमि जल्द उपलब्ध हो जाएगी और इस दिशा में कार्य तेजी से जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने चुनाव के दौरान किए गए 217 वादों में से 50 वादों को पहले ही वर्ष में पूरा कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जहाँ सभी 24 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य गठन से पूर्व के पट्टेदारों को भूमि का मालिकाना हक प्रदान किया गया है। इसके साथ ही, पंचायत एवं पालिका की भूमि पर 20 वर्षों से अधिक समय से निवासरत परिवारों को भी मालिकाना अधिकार देने का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अंग्रेज़ों के समय से लागू टैक्स (आबियाना) को पूर्णतः समाप्त कर किसानों को बड़ी राहत प्रदान की गई है।

आज का राशिफल

मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

दूसरों के साथ ख़ुशी बांटने से सेहत और खिलेगी। दफ़्तर के कामकाज में ज़्यादा व्यस्तता के चलते अपने जीवनसाथी के साथ आपका रिश्ता तनावपूर्ण हो सकता है। आपको प्यार में ग़म का सामना करना पड़ सकता है। आप ऐसी योजनाओं को अमली जामा पहनाने की स्थिति में होंगे, जो कई लोगों को प्रभावित करेगी। आप चाहें तो परेशानियों को मुस्कुराकर दरकिनार कर सकते हैं या उनमें फँसकर परेशान हो सकते हैं। चुनाव आपको करना है। जीवनसाथी का बिगड़ता स्वास्थ्य आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

अपना आत्मविश्वास फिर से हासिल करने के लिए अपनी बात खुल कर कहें और परेशानियों का सामना होठों पर मुस्कुराहट के साथ करें। दिन के दूसरे हिस्से में आर्थिक तौर पर फ़ायदा होगा। आज का दिन ख़ुशियों से भरा रहेगा, क्योंकि आपका जीवन-साथी आपको ख़ुशी देने का हर प्रयास करेगा। आज किए गए निवेश काफ़ी फ़ायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है। रोज़मर्रा की ज़रूरतें पूरी न होने से आपके वैवाहिक जीवन में तनाव संभव है। खाना, साफ़-सफ़ाई या कोई और घरेलू चीज़ इसका कारण हो सकती है।

मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह

आपको आज महत्वपूर्ण निर्णय लेने होंगे, जिसके चलते आपको तनाव और बेचैनी का सामना करना पड़ सकता है। जो लोग टैक्स चोरी करते हैं आज वो बड़ी मुसीबत में फंस सकते हैं। घर का कुछ समय से टलता आ रहा काम-काज आपका थोड़ा वक़्त ले सकता है। तब तक कोई वादा न करें, जब तक आप ख़ुद यह न जानते हों कि आप उसे हर क़ीमत पर पूरा करेंगे। घर मे हवन का आयोजन नयी लेकर आएगा।

कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

कोई अच्छी ख़बर मिल सकती है। नया आर्थिक क़रार अंतिम रूप लेगा और धन आपकी तरफ़ आएगा। आपके माता-पिता की सेहत पर ज़्यादा ध्यान दिए जाने की ज़रूरत है। प्रेम के नज़रिए से आज का दिन आपके लिए ख़ुशियों से भरा रहेगा। खुदरा और थोक व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है। वक्त पर चलने के साथ-साथ अपनों को वक्त देना भी आवश्यक है। यह बात आज आप समझेंगे लेकिन इसके बावजूद भी आप अपने घरवालों को पर्याप्त समय नहीं दे पाएंगे।

सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

अपनी सेहत का खयाल करें। आपके घर से जुड़ा निवेश फ़ायदेमंद रहेगा। दोस्त और रिश्तेदार आपकी मदद करेंगे और आप उनके साथ काफ़ी ख़ुशी महसूस करेंगे। सावधान रहें, क्योंकि प्यार में पड़ना आज के दिन आपके लिए दूसरी कठिनाइयाँ खड़ी कर सकता है। नौकरी पेशा से जुड़े लोगों को आज कार्यक्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। आज आप न चाहते हुए भी कोई गलती कर बैठेंगे जिसकी वजह से आपको अपने सीनियर्स की डांट सहनी पड़ सकती है। कारोबारियों के लिए दिन सामान्य रहने की उम्मीद है। सेहत को लेकर थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

जीवन-साथी ख़ुशी की वजह साबित होगा। जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें। किसी बुजुर्ग रिश्तेदार की निजी समस्याओं में मदद करके आप उनका आशीर्वाद पा सकते हैं। अपने प्रिय को समझने की कोशिश करें, नहीं तो मु-श्किल में फँस सकते हैं। कार्यक्षेत्र के किसी काम में खराबी की वजह से आज आप परेशान रह सकते हैं और इस बारे में सोचकर अपना कीमती वक्त बर्बाद कर सकते हैं।

तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

किसी भी तरह के द्वन्द्व या विरोध से बचें, क्योंकि आपकी सेहत पर इसका बुरा असर होगा। आज आपको भूमि, रिअल-एस्टेट परियोजनाओं पर ध्यान केन्द्रित करने की ज़रूरत है। घरेलू मोर्चे पर समस्या खड़ी हो सकती है, इसलिए तोल-मोल कर ही बोलें। जो लोग अब तक सिंगल हैं उनकी मुलाकात आज किसी खास से होने की संभावना है लेकिन बात को आगे बढ़ाने से पहले यह जरुर जान लें कि कहीं वो शख्स किसी के साथ रिश्ते में न हो। यात्रा आपके लिए आनन्ददायक और बहुत फ़ायदेमंद होगी।

वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

आज मुमकिन है कि आपको धन से जुड़ी कोई समस्या हो लेकिन अपनी सूझबूझ से आप हानि को भी मुनाफे में बदल सकते हैं। आपको बच्चों के साथ कुछ समय बिताने, उन्हें अच्छे संस्कार देने और उनकी ज़िम्मेदारी समझाने की ज़रूरत है। आपका प्रिय आपसे वादे की मांग करेगा, लेकिन ऐसा वादा न करें जिसे आप पूरा न कर सकें। आप लम्बे समय से दफ़्तर में किसी से बात करना चाह रहे थे। आज ऐसा होना मुमकिन है। बढ़िया खाने, महक और ख़ुशी के साथ आप अपने हमदम के साथ बेहतरीन समय बिता सकते हैं।

धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

आज ग्रह नक्षत्रों की चाल से आज आपके लिए धन कमाने के कई मौके बनेंगे. घर वालों के साथ समय बिताना ख़ुशनुमा अनुभव रहेगा। अगर आप हुक़्म चलाने की कोशिश करेंगे, तो आपके और आपके प्रिय के बीच काफ़ी परेशानी खड़ी हो सकती है। आज आपका मन ऑफिस के काम में नहीं लगेगा। आज आपके मन में कोई दुविधा होगी जो आपको एकाग्र नहीं होने देगी। घर में पड़ी कोई पुरानी वस्तु आज आपको मिल सकती है जिससे आपको अपने बचपन के दिनों की याद सता सकती है और आप उदासी के साथ अपने दिन का काफी समय अकेले बिता सकते हैं।

मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है। वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा। परिवार के सदस्य सहयोगी होंगे, लेकिन उनकी काफ़ी सारी मांगें होंगी। आपका प्रेमी आज आपकी बातों को सुनने से ज्यादा अपनी बातें कहना पसंद करेगा जिसकी वजह से आप थोड़े खिन्न हो सकते हैं। किसी ऐसे नए उद्योग से जुड़ने से बचें जिसमें कई भगीदार हों- और अगर ज़रूर पड़े तो उन लोगों की राय लेने से न कतराएँ, जो आपके क़रीबी है। आप एक बेहतरीन जीवनसाथी होने की ख़ुशक़िस्मती को शिद्दत से महसूस कर पाएंगे।

कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। आपका बचाया धन आज आपके काम आ सकता लेकिन इसके साथ ही इसके जाने का आपको दुख भी होगा। जिन्हें आप चाहते हैं, उनके साथ उपहारों का लेन-देन करने के लिए अच्छा दिन है। किसी की प्यार में क़ामयाबी मिलने की कल्पना को सच कराने में मदद करें। किसी लघु या मध्यावधि पाठ्यक्रम में दाखिला लेकर अपनी तकनीकी क्षमताओं में निखार लाएँ। आपका जीवनसाथी आपको ज़्यादा ख़ास वक़्त देने वाला है।

मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी ख़ासी तारीफ़ कर सकते हैं। बोलते समय और वित्तीय लेन-देन करते समय सावधानी बरतने की ज़रूरत है। आप अनुभव करेंगे कि आपका जीवन अधिक अर्थपूर्ण हो रहा है। व्यावसायिक साझीदार सहयोग करेंगे और आप साथ मिलकर टलते आ रहे कामों को पूरा कर सकते हैं। आपका व्यक्तित्व ऐसा है कि ज्यादा लोगों से मिलकर आप परेशान हो जाते हैं और फिर अपने लिए वक्त निकालने की कोशिश करने लग जाते हैं। इस लिहाज से आज का दिन आपके लिए बहुत उम्दा रहने वाला है

आज का पंचांग

दिनांक : 16 नवंबर 2025 , रविवार
विक्रम संवत : 2082
मास : मार्गशीर्ष ,कृष्ण पक्ष
तिथि : द्वादशी रात्रि 04:49 तक
नक्षत्र : हस्त रात्रि 02:11 तक
योग : विष्कुभ प्रातः 06:45 तक
करण : कौलव सायं 03:41 तक
चन्द्रराशि : कन्या
सूर्योदय : 06:21, सूर्यास्त 05:40 (हैदराबाद)
सूर्योदय : 06:18 , सूर्यास्त 05:50 (बैंगलोर)
सूर्योदय : 06:12, सूर्यास्त 05:41 (तिरुपति)
सूर्योदय : 06:11, सूर्यास्त 05:32 (विजयवाडा)

शुभ चौघड़िया

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : वृश्चिक संक्रांति दोपहर 01:37 से , संक्रांति पुण्यकाल सूर्योदय से दोपहर 01:37 तक , रविहस्त सिद्धि योग रात्रि 02:11 तक

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

योगी विजन:अयोध्या बना डेवलपमेंट का रोल मॉडल

अयोध्या में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी, मिलेगा लोगों को रोजगार

लखनऊ 15 नवंबर (एजेंसियां)। राम की नगरी अयोध्या विश्व के मानचित्र पर धार्मिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, विकसित शहर के रूप में समृद्धि और विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है।इसका श्रेय सीएम योगी आदित्यनाथ को जाता है।श्रीराम मंदिर के निर्माण के पहले से ही सीएम योगी अयोध्या को उसके गौरवशाली इतिहास को पुन: वापस दिलाने के लिए योजना पर काम कर रहे हैं। अयोध्या में आज देशी विदेशी पर्यटक बड़ी तादाद में आ रहे हैं और अर्थव्यवस्था के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देश में रामनगरी के विकास के लिए अनेकों प्लान बनाए गए हैं और उसको विभिन्न विभागों के साथ मिलकर धरातल पर उतारा जा रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए एक व्यापक मास्टर प्लान तैयार किया और उसके क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों को कड़े निर्देश दिए। शहर के नगर नियोजन के लिए 1000 करोड़ से ज्यादा धनराशि उपलब्ध कराकर एक व्यापक शहरी खाका खींचा। ये मास्टर प्लान 133.67 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में विकास की योजनाओं को मूर्त रूप दे रहा है। अयोध्या को एक आधुनिक, सतत, और

आध्यात्मिक नगर के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है कि रामनगरी में बढ़ती पर्यटकों की संख्या के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार किया जाए। अयोध्या में जनवरी-जून के बीच करीब 24 करोड़ पर्यटक आए। अनुमान लगाया जा रहा है कि साल के अंत तक पर्यटकों की संख्या का आंकड़ा 50 करोड़ पार कर जाएगा। अयोध्या ग्रीनफील्ड टाउनशिप के तहत 1407 एकड़ में 2180 करोड़ रुपये की ज्यादा लागत से स्मार्ट और पर्यावरण-अनुकूल टाउनशिप विकसित हो रही है। रामनगरी में बढ़ती पर्यटकों की संख्या के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर को तैयार हो रहा है। अयोध्या ग्रीनफील्ड टाउनशिप के तहत 1407 एकड़ में 2180 करोड़ रुपये की ज्यादा लागत से स्मार्ट और पर्यावरण-अनुकूल टाउनशिप विकसित हो रही है। इस टाउनशिप योजना का विकास वैदिक प्रस्तार योजना के तहत हो रहा है। इसका उद्देश्य भविष्य में बढ़ने वाले पर्यटकों की संख्या और जनसंख्या दबाव को संतुलित ढंग से प्रबंधित करना है।अयोध्या में हर साल पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। रामलला के दर्शन के लिए न केवल देश बल्कि विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में आ रहे हैं। ऐसे में अयोध्या में एक अत्याधुनिक हवाई अड्डे की भी आवश्यकता थी। इसी को ध्यान में रखते हुए डबल इंजन सरकार ने 1450 करोड़ की लागत से आधुनिक एयरपोर्ट का विकास किया। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 2023 से सफलतापूर्वक संचालित है। इस एयरपोर्ट में 6000 वर्ग मीटर का टर्मिनल और बड़े विमानों के लिए रनवे है। यह एयरपोर्ट अयोध्या को भारत के प्रमुख शहरों और अंतरराष्ट्रीय शहरों से जोड़ता है।अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन लाखों की संख्या में आने वाले पर्यटकों को सुविधाएं प्रदान कर रहा है।

अयोध्या शहर में ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए 67.17 किलोमीटर लंबी, 4/6 लेन की अयोध्या आउटर रिंग रोड परियोजना पर काम हो रहा है। यह परियोजना लगभग 3,935 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य शहर में बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को कम करना और पड़ोसी जिलों लखनऊ, रायबरेली, सुल्तानपुर, बाराबंकी, बस्ती और गोंडा से आने वालों को सुविधाजनक यातायात व्यवस्था देना है। इसके जरिए राष्ट्रीय राजमार्गों सुविधाजनक संपर्क स्थापित करना है।पर्यटकों को अयोध्या आकर दिव्यता और भव्यता का अनुभव हो इसके लिए करीब 24 करोड़ की लागत से राम की पैड़ी का कायाकल्प किया गया है। इसमें 350 मीटर लंबी सीढ़ी, 20000 दर्शकों के लिए विशाल दर्शक दीर्घा और मिनी एम्पीथिएटर को बनाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन का ही परिणाम है कि जो गुप्तार घाट पहले उपेक्षित था आज वही घाट सुंदरता का प्रतिमान बन गया है। 77 करोड़ की लागत से गुप्तार घाट को पुनर्विकसित किया गया है। इसमें लगभग 1 किमी लंबा तटबंध, खुला रंगमंच, पार्क और आधुनिक जलक्रीड़ा और नौकायन सुविधाएं उपलब्ध हैं।करोड़ों की संख्या में आने वाले पर्यटकों को सुख सुविधा प्रदान करने के लिए प्रमुख होटल कंपनियां 350 करोड़ से अधिक का निवेश कर रही हैं। इससे अयोध्या में न केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के विकास को लेकर दृढ़संकल्पित हैं। आने वाले समय में अयोध्या का विकास पूरी दुनिया में रोल मॉडल बनकर उभरने वाला है।

यूपी में भी दोहराया जाएगा बिहार का परिणाम : राजनाथ

लखनऊ 15 नवंबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह अपने संसदीय क्षेत्र के दो दिन के दौरे पर लखनऊ पहुंचे। लखनऊ एयरपोर्ट पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और भाजपा के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।लखनऊ में शनिवार को पहले कार्यक्रम में राजनाथ सिंह सदर बाजार के संस्कृत पाठशाला महाविद्यालय पहुंचे और वरिष्ठ कार्यकर्ता संवाद में उन्होंने बिहार में एनडीए की प्रचंड जीत के साथ भाजपा के शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बिहार विधान सभा चुनाव के परिणाम से भारतीय राजनीति में बहुत बड़ा बदलाव सामने आया है। राजनाथ सिंह ने कहा, मैने वायरल फीवर में भी बिहार में जनसभा की थी और मालदीव गया था। कार्यकर्ताओं के पसीने से बिहार की जीत हासिल हुई है। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार रोकने के लिए जनधन खाता खुलवाया, जिससे की लाभार्थी के खाते में सीधा धन जमा हो सके। जमधन खाता खोलने के लिए हुई बैठक में मैं भी बैंक अधिकारियों के साथ था, हमने पूछा इससे क्या लाभ होगा। पहले जो सहायता सरकार देती थी, उसमें से 100 में से 40 या 50 पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता था। आज सौ पैसा चलता है तो वो पूरा पहुंचता है, लेकिन बैंक कर्मियों ने कहा कि खाता खुलने से धन पहुंचने के साथ ही बचेगा भी। भ्रष्टाचार भाषण से समाप्त नहीं होता व्यवस्था में बदलाव करके होता है। भारत में यूपीआई का लेनदेन विश्व में सबसे ज्यादा है। इसके उपयोग से विश्व में भ्रष्टाचार कम हुआ है।

लखनऊ में दस वर्ष में काफी परिवर्तन दिख रहा है। ईमानदारी से काम किया जाए तो परिवर्तन किया जा सकता है। भारत को विकसित बनाने का सपना पूरा होगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी कम होने से लाभ हुआ है। राजनाथ सिंह ने लोगों से पूछा कि वस्तु कम हुई है या नहीं। लोगों ने कहा कि वस्तु की कीमत कम हुई है। रक्षा मंत्री ने कहा लोगों के पास पैसा आयेगा तो वह बाजार में तेजी से चलेगा। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में बने मिसाइल और हथियार खरीदने की पूरी दुनिया में होड़ लगी है। हमारा मामला भी ठीक हुआ है। जिस ब्रह्मोस मिसाइल ने ऑपरेशन सिंदूर में करिश्मा किया वो हमारे लखनऊ में बनी है।

हम राजनीति सरकार बनाने के लिए नहीं, देश बनाने के लिए करते है। बहुत सी पार्टियां जाति, क्षेत्र और मजहब की बात करती हैं, लेकिन भाजपा ने सदैव देशभक्ति की बात की। भाजपा की नीति स्पष्ट है, हम राजनीति सरकार बनाने के लिए नहीं, देश बनाने के लिए करते हैं। हमारे कामकाज का तरीका दूसरी पार्टी से भिन्न है। इसी कारण हम लोग कहते भी हैं, पार्टी विद डिफरेंस।सिस्टम में बदलाव लाकर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया। देश की सारी पार्टियां भ्रष्टाचार रोकने की बात करती हैं, लेकिन भाजपा सही मायने में भ्रष्टाचार को रोकती है। हमारी सरकार ने पहली बार सिस्टम में बदलाव लाकर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है। जनता ने देखा कि बिहार की सरकार में भ्रष्टाचार नहीं है और हमको फिर बिहार की सत्ता सौंप दी।

इस बार जनता ने बिहार में एनडीए को प्रचंड बहुमत दिया है। राजनाथ सिंह ने बेहद उत्साह में कहा कि बिहार के परिणाम को 2027 में उत्तर प्रदेश में भी दोहराया जाएगा।मैं झूठ बोलकर राजनीति नहीं कर सकता। इतना काम आज तक नहीं हुआ है। कमियां रहेंगी। कार्यकर्ता का काम है जनता से सीधे संवाद स्थापित करना और उनको लेकर आना। नेता बहुत हैं, लखनऊ का विकास तेजी के साथ हो रहा पार्टी को जो सफलता मिली आपके दम पर ही मिली है।उन्होंने इसके साथ ही कई लोगों को चेताया कि नेतागिरी न करें, इसका इलाज हमारे पास भी है। छावनी परिषद का चुनाव होगा। कुछ कारण था स्थगित हुआ था, लेकिन चुनाव होगा। विदित हो वर्ष 2015 के बाद छावनी परिषद का चुनाव नहीं हुआ है। इसका कार्यकाल वर्ष 2020 में समाप्त हुआ है।

मिशन निदेशक ने इंडिया स्किल्स कम्पटीशन की तैयारियों को लेकर की वर्चुअल बैठक

जनपद स्तरीय प्रतियोगिता 15 से 25 तारीख के मध्य और मंडल स्तरीय 1 से 10 दिसंबर के बीच होगी

लखनऊ 15 नवंबर (एजेंसियां)। कौशल विकास मिशन मुख्यालय में मिशन निदेशक की अध्यक्षता में IndiaSkillsCompetition2025 की तैयारियों के संबंध में सभी जनपदों के कौशल विकास मिशन संयुक्त निदेशकों एवं जिला समन्वयकों के साथ एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक आयोजित की गई।मिशन निदेशक पुलकित खरे ने अवगत कराया कि प्रतियोगिता का प्रथम चरण जनपद स्तरीय होगा, जिसके लिए प्रदेशभर से युवाओं द्वारा अभूतपूर्व पंजीकरण प्राप्त हुआ है। यह प्रतियोगिता चयनित 20 कौशलों में आयोजित की जाएगी, जिसके लिए 18 मंडलों से 5-6 प्रमुख विधाएँ चिन्हित की गई हैं। जनपद स्तरीय प्रतियोगिता 15 से 25 तारीख के मध्य नोडल आईटीआई में आयोजित होगी। इसके संचालन हेतु प्रत्येक जनपद में संयुक्त निदेशक एवं नोडल प्रिंसिपल की द्विसदस्यीय समिति गठित की गई । निर्देश दिया गया कि प्रतियोगिता में न्यूनतम 90 फीसदी प्रतिभागियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। पंजीकृत अभ्यर्थियों को समय पर सूचित करने के निर्देश प्रदान किए गए, ताकि अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित हो सके।जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के उपरांत प्रत्येक जनपद से 10 चयनित प्रतिभागियों के नाम उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन मुख्यालय को प्रेषित किए जाएंगे। ये चयनित प्रतिभागी 1 दिसंबर से 10 दिसंबर के मध्य आयोजित होने वाली मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। मंडल स्तर पर मूल्यांकन हेतु संयुक्त निदेशक एवं इंडस्ट्री विशेषज्ञों की 2-3 सदस्यीय समिति बनाई जाएगी, जिनकी सूची अनुमोदन हेतु मिशन मुख्यालय को भेजी जाएगी। अनुमोदन उपरांत संबंधित विधाओं के लिए सील्ड पैक प्रश्नपत्र मिशन द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु प्रत्येक विधा से न्यूनतम पाँच चयनित अभ्यर्थियों की अवरोही क्रम में सूची मिशन मुख्यालय भेजना अनिवार्य होगा।बैठक के अंत में मिशन निदेशक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण प्रतियोगिता प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं अवसर-समानता के सिद्धांतों पर आधारित हो तथा प्रत्येक पंजीकृत उम्मीदवार को प्रतिभाग का पर्याप्त अवसर प्रदान किया जाए।बैठक में मिशन के संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार एवं मिशन के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

ईको टूरिज्म विकास बोर्ड ने युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों को विस्टाडोम से कराया भ्रमण

नेचर लर्निंग से जिम्मेदार पर्यटक तैयार कर रहा विस्टाडोम सफारी : जयवीर

लखनऊ 15 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड ने शनिवार को लखनऊ के गवर्नमेंट इंटर जुबिली कॉलेज के करीब 40 विद्यार्थियों को दुधवा की 'विस्टाडोम ट्रेन सफारी' का अनूठा अनुभव कराया। स्कूल की कक्षाओं से बाहर निकलकर विद्यार्थियों ने जंगलों की हरियाली, दुर्लभ वन्यजीवों को नजदीक से देखने और जिम्मेदार पर्यटन को करीब से समझा। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि युवाओं को पर्यावरण अनुकूल यात्रा, नेचर लर्निंग और सस्टेनेबल टूरिज्म जैसी सोच से जोड़ने की यह पहल न सिर्फ प्रेरक है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार पर्यटक बनने का सशक्त संदेश भी देती है। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म विकास बोर्ड की ओर से आगे भी ऐसे नवाचार जारी रहेंगे। बाल दिवस पर स्कूली छात्रों को विस्टाडोम सफारी का विशेष अनुभव कराना इसी दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है।लखनऊ से बिछिया की प्रकृति यात्रा पर निकले बच्चों का समूह जैसे ही इंटरप्रिटेशन सेंटर पहुंचे, उनका रोमांच नए आयामों में बदल गया। जंगल की धरोहरों को करीब से जानने-समझने के बाद स्टेशन मास्टर की विशेष ब्रीफिंग ने यात्रा को और रोचक बना दिया, जिसमें बच्चों को रेल मार्ग के इतिहास, फॉरेस्ट कॉरिडोर में जिम्मेदार आचरण के नियमों और क्षेत्र की अद्भुत जैव-विविधता से परिचित कराया गया। प्रकृति और ज्ञान से भरे ये संवाद बच्चों के लिए इस पूरे सफर के सबसे अविस्मरणीय अनुभवों में दर्ज हो गए।तराई की प्राकृतिक सुंदरता को बेहद करीब से महसूस करते हुए विद्यार्थियों ने 11:45 बजे बिछिया से पलिया कलां तक एक रोमांचक सफर की शुरुआत की। पारदर्शी शीशों और पैनोरमिक व्यू से लैस विशेष ट्रेन कोच में सवार बच्चों ने घने जंगलों, हरे-भरे घास के मैदानों, जलाशयों और विभिन्न प्रकार के वन्य जीवों के अद्भुत संसार को करीब से देखा। यात्रा बिछिया कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के समीप से शुरू होकर मैलानी दुधवा नेशनल पार्क के प्रवेश द्वार तक पहुंची। अभय कुमार तिवारी नामक छात्र ने बताया कि यह यात्रा उनके लिए यादगार रही। यह यात्रा कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से होते हुए दुधवा नेशनल पार्क के प्रवेश क्षेत्र तक पहुंची। वन्य क्षेत्र बाघ, गैंडा, हाथी, बारहसिंघा, घड़ियाल सहित 450 से अधिक पक्षीप्रजातियों के लिए प्रसिद्ध है। धीमी गति से चलती ट्रेन ने प्राकृतिक नजारों को सहेजने का भरपूर अवसर दिया। विस्टाडोम कोच के विशेष व्यूइंग ज़ोन से बच्चों ने वन गलियारों, घास वाले क्षेत्र और आर्द्रभूमि को करीब से देखा। यात्रा में साथ चल रहे शिक्षकों ने वन्यजीव व्यवहार, पक्षियों की आवाज और पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन पर महत्वपूर्ण जानकारियां छात्रों से साझा कीं।वापसी के दौरान छात्र मोहित पाल और अंकित विश्वकर्मा ने अपने अनुभव साझा की। उन्होंने बताया कि पहली बार जंगल को इतने नजदीक से देखा। ऐसा लगा जैसे ट्रेन किसी तस्वीर के भीतर से गुजर रही हो। इस अवसर के लिए मैं उत्तर प्रदेश इको टूरिज्म विकास बोर्ड का बहुत आभारी हूं। उल्लेखनीय है, कि विस्टाडोम ट्रेन सेवा शनिवार और रविवार को संचालित होती है। इसीलिए छात्रों को बाल दिवस के मौके पर 15 नवंबर को भ्रमण कराया गया।बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और अनुभव आधारित सीख को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित दुधवा विस्टाडोम सफारी को लेकर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ऐसी पहल युवा पीढ़ी को किताबों से परे वास्तविक दुनिया से जुड़ने का अवसर देते हैं। विस्टाडोम ट्रेन सफारी इसी दृष्टिकोण को परिलक्षित करती है। इस यात्रा से मिली सीख, समझ और संवेदना बच्चों में प्रकृति के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी और उन्हें भविष्य के जिम्मेदार पर्यटक के रूप में तैयार करेगी।

जनजातीय शौर्य की शान: धरती आबा बिरसा मुंडा भगवान

बिरसा मुण्डा के जीवन से मिलती है राष्ट्रीय एकता व सामाजिक सौहार्द की प्रेरणा : केशव

लखनऊ 15 नवंबर (एजेंसियां)। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन से राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहार्द की प्रेरणा मिलती है।धरती आबा बिरसा मुंडा भगवान, जनजातीय शौर्य की शान थे।भगवान बिरसा मुण्डा धरती माता को गुलामी की बेड़ियों से आजाद करने हेतु किये जाने वाले संघर्ष के प्रतीक हैं।बिरसा मुंडा ने लोगो के अधिकारों के लिए संघर्ष का बिगुल बजाया, उनका उद्देश्य स्पष्ट था,लोगों को उनकी भूमि और अधिकार वापस दिलाना।बिरसा मुंडा के क्रांतिकारी विचारों से विचलित हो कर ब्रिटिश शासकों ने उन्हें गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। जेल में ही धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा शहीद हो गए।डबल इंजन सरकार जनजातीय गौरव की पुनर्स्थापना करते हुए जनजातीय समाज के कल्याण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। केशव प्रसाद मौर्य शनिवार कोसेठ गंगा प्रसाद माहेश्वरी जनमंच सभागार, सहारनपुर में 'धरती आबा' भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित 'जनजाति गौरव दिवस' कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।इससे पहले उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मां सरस्वती, भारत माता, व क्रांतिवीर भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होने भगवान बिरसा मुंडा

के जीवन दर्शन, व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालाउप मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम जनमन योजना के माध्यम से जनजातीय समुदाय के लिए देश में अनेक कार्यक्रम प्रारम्भ किए गए हैं।सरकार अनुसूचित जनजाति वर्ग की शिक्षा के स्तर को उठाने व शासकीय योजनाओं में भागीदारी बढ़ा रही है।जनजातीय समुदाय को बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक जनजातीय गौरव पखवाड़ा आयोजित किया गया।धरती आबा' भगवान बिरसा मुण्डा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए जनजाति गौरव दिवस आयोजित किया जा रहा है।सरकार जनजातियों को योजनाओं से आच्छादित करने के लिए मिशन मोड पर कार्य कर रही है। जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर किया जा रहा है।इस वर्ग के छात्र-छात्राओं हेतु छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना संचालित की जा रही है।देश की स्वतन्त्रता के प्रति समर्पित भगवान बिरसा मुण्डा ने मात्र 25 वर्ष की उम्र में रांची जेल में अन्तिम सांस ली। उन्होंने जनजातीय समुदाय को 'अपना देश अपना राज' का नारा दिया था। 31 अक्टूबर 1875 को लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल तथा 15 नवम्बर 1875 को भगवान बिरसा मुण्डा का जन्म हुआ। भारत की जनचेतना को जाग्रत कर स्वाधीनता आन्दोलन को नया मन्त्र देने वाले राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने पर देश गर्व की अनुभूति कर रहा है।उत्तर प्रदेश मे अनुसूचित जन जाति -थारू, मुसहर, चेरो, बुक्सा, सहरिया, कोल तथा गोंड आदि को मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण मे आवास देने के प्राथमिकता श्रेणी मे रखा गया है।जनजातियों को विकास की योजनाओं से जोड़ने के साथ-साथ बेहतर कनेक्टिविटी, बिजली, पेयजल, पेंशन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य के लिए आयुष्मान भारत की स्कीम आदि सुविधाओं से आच्छादित किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य मंत्री जसवंत सिंह सैनी , राज्य मंत्री कुंवर बृजेश सिंह , महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह , विधायक राजीव गुंबर मुकेश चौधरी देवेंद्र कुमार निम कीरत सिंह , शीतल बिश्नोई डॉ. महेंद्र सिंह सैनी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

गांव की समस्याओं का गांवो में हो समाधान

सहारनपुर बने प्रदेश के लिए विकास योजनाओं का रोल मॉडल : केशव

लखनऊ 15 नवंबर (एजेंसियां)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सहारनपुर के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने उप मुख्यमंत्री को काष्ठ से निर्मित गणेश की मूर्ति भेंट की। केशव प्रसाद मौर्य ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के तहत प्रमुखता से ग्राम्य विकास, मनरेगा, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, खाद्यप्रसंस्करण आदि की बिन्दुवार समीक्षा की।उन्होंने कहा कि सहारनपुर में विकास की अपार संभावनाएं है। सभी अधिकारी संवेदनशील होकर कार्य करें और सहारनपुर को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाएं। सहारनपुर विकास योजनाओं में रोल माडल बनकर अन्य जनपदों के लिए प्रेरण-स्त्रोत बनें। अधिकारी आमजन के साथ बेहतर व्यवहार करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं। अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं का लाभ पात्रों को हर हाल मे मिले। ग्राम चौपाल कार्यक्रम अन्तर्गत गांव की समस्याओं का गांव में ही समाधान हो। फूड प्रोसेसिंग यूनिटों की स्थापना के लिए प्रयास किया जाए। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना में प्रत्येक ग्राम में एक यूनिट की स्थापना की जाए, जिससे गांव में ही लोगों को रोजगार मिल सके। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत निर्मित अमृत सरोवरों एवं अमृत वाटिकाओं की निरंतर समीक्षा की जाए। पीएम एवं सीएम आवास योजना के तहत सभी को पक्का मकान मिल सके। जनप्रतिनिधियों से समन्वय किया जाए। जनप्रतिनिधियों के अनुभवों का भी लाभ उठाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले की शिकायतों को जिले स्तर पर ही निस्तारित किया जाए। देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व कर रहीं मातृशक्ति को आर्थिक रूप से समृद्ध किया जाए।

पहला एशेज टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका, जोश हेज़लवुड पहले टेस्ट से बाहर

मेलबर्न, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

ऑस्ट्रेलिया की एशेज़ तैयारी को एक और बड़ा झटका लगा है। नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी के बाद अब अनुभवी तेज़ गेंदबाज़ जोश हेज़लवुड भी पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। सप्ताह की शुरुआत में मामूली समस्या मानी जा रही उनकी चोट अब गंभीर साबित हुई है।

शुक्रवार को कराई गई दोबारा स्कैन रिपोर्ट में हैमस्ट्रिंग स्ट्रेन की पुष्टि हुई। बुधवार को हुए शुरुआती स्कैन में मांसपेशियों में क्षति नहीं दिखी थी, लेकिन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार शुरुआती स्कैन अक्सर लो-ग्रेड चोटों को कम करके आंक सकते हैं। इसी कारण हेज़लवुड पर्थ नहीं जा पाएंगे।

उनकी अनुपस्थिति में माइकल नेसर को पहले टेस्ट की टीम में शामिल किया गया है। क्वींसलैंड के इस सीमर को न सिर्फ हेजलवुड बल्कि शॉन एबॉट के कवरेज के रूप में बुलाया गया है, जो न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया के बीच शील्ड मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट से जूझ रहे हैं।

नेसर, जिन्होंने 2021 एशेज़ में एडिलेड में अपना टेस्ट डेब्यू किया था और अब तक दो टेस्ट खेले हैं, अचानक तेज़ गेंदबाज़ी विभाग में आई कमी को पूरा करने के लिए अहम भूमिका निभा सकते हैं।

ऑस्ट्रेलिया की तेज़ गेंदबाज़ी इकाई इस समय गंभीर रूप से चोटों से प्रभावित है। शॉन एबॉट, लांस मॉरिस, झाय रिचर्डसन, स्पेंसर जॉनसन और कमिंस-हेज़लवुड सभी किसी न किसी चोट के कारण बाहर हैं। ऐसे में 31 वर्षीय ब्रेंडन डॉगेट के डेब्यू की संभावना बेहद मजबूत हो गई है। डॉगेट ने हाल ही में हैमस्ट्रिंग की हल्की चोट से उबरते हुए इस सीज़न में 13 शील्ड विकेट 14.69 की औसत से लेकर चयनकर्ताओं को प्रभावित किया है।

उधर कप्तान पैट कमिंस एससीजी में पुनर्वास जारी रखे हुए हैं और उनका लक्ष्य 4 दिसंबर से गाबा में शुरू होने वाले दूसरे एशेज़ टेस्ट के लिए फिट होना है।

न्यूज़ ब्रीफ

श्री हनुमान कप 2025 स्टेट लेवल प्राइजमनी मेंस हॉकी टूर्नामेंट लखनऊ में 17 नवंबर से

लखनऊ। वीर शिवाजी हॉकी अकादमी लखनऊ की ओर से श्री हनुमान कप 2025 स्टेट लेवल प्राइजमनी मेंस हॉकी टूर्नामेंट (नाक आउट आधार पर) का आयोजन 17 नवंबर से 21 नवंबर तक पद्मश्री मोहम्मद शाहिद एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम विजयंत खंड गोमतीनगर लखनऊ में किया जा रहा है। इसका उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर करेंगे। उत्तर प्रदेश खेल निदेशक डॉक्टर आरपी सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उप्र राज्य सेवा अधिकरण के सदस्य अनिल कुमार पाठक विशिष्ट अतिथि होंगे। उद्घाटन अपराह्न दो बजे होगा। अकादमी के अध्यक्ष गौरव अवस्थी ने बताया कि इस टूर्नामेंट में आठ टीमें प्रतिभाग करेंगी। इनमें स्टेट हास्टल बनारस, स्टेट हास्टल झांसी, स्टेट हास्टल लखनऊ , स्टेट हास्टल रामपुर, स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई, गुरु गोविंद सिंह स्पोर्टर्स कॉलेज लखनऊ, भारतीय खेल प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश पुलिस की टीमें शामिल हैं।

मेसी-लौतारो की बदौलत अर्जेंटीना ने अंगोला को 2-0 से हराया

पेरिस। लियोनल मेसी ने एक गोल दागा और एक गोल में अहम योगदान दिया, जिसकी बदौलत विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने शुक्रवार को खेले गए अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच में अंगोला को 2-0 से मात दी। मेसी ने 44वें मिनट में लौतारो मार्टिनेज को पास देकर टीम को बढ़त दिलाई। 82वें मिनट में भूमिकाएं बदलीं—इस बार मार्टिनेज ने शानदार असिस्ट दिया और मेसी ने गेंद को दूर कोने में शॉट लगाकर स्कोर 2-0 कर दिया। दोनों खिलाड़ियों को दूसरे हाफ के अंतिम चरण में बदल दिया गया। विश्व रैंकिंग में स्पेन के बाद दूसरे स्थान पर मौजूद अर्जेंटीना और उससे 87 स्थान नीचे खड़ी अंगोला के बीच यह परिणाम अपेक्षित था। मुकाबला राजधानी लुआंडा के '11 नवंबर स्टेडियम' में अंगोला की स्वतंत्रता के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। अर्जेंटीना ने 2026 विश्व कप क्वालिफिकेशन में 12 मैच जीते, दो ड्रॉ खेले और चार में हार का सामना किया, कुल 38 अंकों के साथ शीर्ष पर रहते हुए क्वालिफाई किया। दूसरी ओर, अंगोला जिसने आखिरी बार 2006 जर्मनी विश्व कप खेला था, 2026 क्वालिफायर में केवल दो मैच जीत सकी और ग्रुप विजेता केप वर्डे से 11 अंक पीछे रहकर बाहर हो गई।

क्रोएशिया ने विश्व कप में बनाई जगह

रिजेका। क्रोएशिया ने विश्व कप क्वालीफायर के नौवें दौर में फरो आइलैंड्स को 3-1 से हराकर जीत दर्ज की। इस जीत के साथ क्रोएशिया ने 2026 विश्व कप के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। मैच के 16वें मिनट फरो आइलैंड्स ने मुकाबले में बढ़त हासिल कर ली थी। गेजा डेविड तुरी ने मिडफील्ड में ब्रेक का फायदा उठाते हुए एक तेज शॉट लगाया, जो क्रोएशिया के गोलकीपर के पास से निकल गया। हालांकि, क्रोएशिया ने परिपक्वता और सटीकता के साथ कुछ ही देर में इस गोल का जवाब दिया। सात मिनट बाद, डिफेंडर जोस्को ग्वार्डिओल ने कोने में शॉट मारकर मैच 1-1 की बराबरी पर ला दिया। 23वें मिनट तक मुकाबला 1-1 से बराबरी पर था। यहां से क्रोएशिया ने मिडफील्ड में खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। मुकाबले के 57वें मिनट जोसिप स्टैनिसिक ने दाईं ओर से आगे बढ़कर पेटार मूसा को एक शानदार पास दिया। मूसा ने चतुराई से गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और गोलकीपर के ऊपर से शॉट लगाया। इसी के साथ क्रोएशिया ने 2-1 से बढ़त हासिल कर ली। यह साल 2023 के बाद उनका पहला अंतरराष्ट्रीय गोल था। मैच के दूसरे हाफ के बीच में ही उस वक्त मैच का निर्णायक मोड़ आ गया, जब इवान पेरिसिक ने बाईं ओर से एक कर्लिंग क्रॉस दिया, जिसे निकोला व्लासिक ने एक नियंत्रित साइड-फुट फिनिश के साथ गोलपोस्ट के अंदर पहुंचाया और 3-1 से जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ क्रोएशिया ग्रुप एल में शीर्ष पर पहुंच गया है। टीम के पास एक मैच शेष है। फरो आइलैंड्स अपने सभी 8 मैच खेल चुका है।

कोलकाता टेस्ट: दूसरी पारी में रवींद्र जडेजा का कहर दक्षिण अफ्रीका ने 93 रन पर 7 विकेट गंवाए

कोलकाता, 15 नवंबर (एजेंसियां)। कोलकाता के ईडन गार्डन में दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच खेला जा रहा टेस्ट मैच दूसरे दिन की समाप्ति तक भारत के पक्ष में झुका हुआ नजर आ रहा है। दूसरे दिन की समाप्ति के समय दक्षिण अफ्रीका ने 93 रन पर अपने 7 विकेट खो दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका की कुल बढ़त फिलहाल 63 रन है। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में अपने 7 विकेट खो दिए हैं। कप्तान टेंबा बवुमा 78 गेंद पर 3 चौके की मदद से 29 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं। टेंबा का विकेट गिर गया होता, तो दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी भी समाप्त हो चुकी होती। बवुमा के साथ कॉर्बिन बोश 1 रन बनाकर खेल रहे हैं। रेयान रिकल्टन 11, मार्करम 4, वियान मुल्डर 11, मार्को यानसेन 13 रन बनाकर आउट हुए।ईडन गार्डन की पिच पूरी तरह स्पिनरों को मदद दे रही है। दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी के 7 में से 4 विकेट रवींद्र जडेजा, 2 विकेट कुलदीप यादव और 1 विकेट अक्षर पटेल को मिला है।

पहली पारी में 5 विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह दूसरी पारी में एक भी विकेट नहीं ले सके हैं।इससे पहले भारतीय टीम अपनी पहली पारी में 189 रन पर सिमट गई। कप्तान शुभमन गिल चोट की वजह से रिटायर हर्ट हुए। केएल राहुल ने 39, वाशिंगटन सुंदर ने 29, ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा ने 27-27 रन बनाए। ध्रुव जुरेल ने 14 और अक्षर पटेल ने 16 रन बनाए। पहली पारी के आधार परदक्षिण अफ्रीका के लिए सिमोन हार्मर ने 4, केशव महाराज और कॉर्बिन बोश ने 1-1 विकेट लिए। मार्को यानसेन ने 3 विकेट लिए।दक्षिण अफ्रीका अपनी पहली पारी में 159 रन पर सिमट गई थी। जसप्रीत बुमराह ने 5, सिराज और कुलदीप यादव ने 2-2 और अक्षर पटेल को 1 विकेट मिला था।

शतक के बाद विराट स्टाइल का जश्न, फैंस ने किया बाबर को ट्रोल

नई दिल्ली। पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे वनडे में 807 दिनों के लंबे शतक के सूखे को खत्म करते हुए 102 रनों की नाबाद पारी खेली। शतक के बाद बाबर ने जो सेलिब्रेशन किया, उसने सुर्खियां बटोर लीं। उन्होंने मैदान पर वही अंदाज अपनाया जो टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने 2022 में अफगानिस्तान के खिलाफ अपने 71वें शतक के दौरान दिखाया था। बाबर आजम लंबे समय से विराट कोहली के बड़े फैन रहे हैं और अक्सर उनके खेल और अंदाज की नकल करते नजर आते हैं। इस बार भी शतक के जश्न में उन्होंने कोहली के स्टाइल को दोहराया, जिसमें सेलिब्रेशन के दौरान लॉकेट चूमना और स्वर्ग की ओर इशारा करना शामिल था। बाबर का यह अंदाज सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया और कुछ फैंस ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, 'बाबर आजम ने अब विराट कोहली के 71वें शतक का जश्न भी कॉपी कर लिया। इस जोकर के पास अपना कुछ नहीं है, पूरा करियर विराट की नकल करते हुए ही बीता।' वहीं एक अन्य ने मजाकिया अंदाज में कहा, 'लेकिन वह विराट के 82 अंतरराष्ट्रीय शतकों का रिकॉर्ड कैसे कॉपी कर सकते हैं' कुछ फैंस ने बाबर के युवा टीम साथियों के भी अन्य खिलाड़ियों के जश्न की नकल करने की आदत की ओर इशारा किया। हालांकि, बाबर आजम के फैंस का कहना है कि उनका सेलिब्रेशन सिर्फ कोहली के प्रति सम्मान और आदर जताने का तरीका था। कई लोगों ने इसे प्रेरक और भावनात्मक कदम बताया, क्योंकि 807 दिन के लंबे अंतराल के बाद शतक बनाना किसी भी बल्लेबाज के लिए बड़ी उपलब्धि होती है। बाबर आजम की यह पारी उनके करियर की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक मानी जा रही है। उन्होंने इस शतकीय पारी के दौरान 8 चौके जड़े और अपनी टीम को 8 विकेट से जीत दिलाई। प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी उन्हें इसी प्रदर्शन के लिए मिला।

ऋषभ पंत बने भारत के नए सिक्सर किंग, टेस्ट में तोड़ा वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड

नई दिल्ली, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

टीम इंडिया के विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कोलकाता टेस्ट में एक नया इतिहास रच दिया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेलते हुए पंत ने केशव महाराज की गेंद पर लंबा छक्का लगाते हुए भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड वीरेंद्र सहवाग के पास था, जिन्होंने अपने करियर में कुल 90 छक्के जड़े थे। ऋषभ पंत ने इंग्लैंड दौरे पर सहवाग की बराबरी कर ली थी, लेकिन अब उन्होंने यह रिकॉर्ड पार कर दिया। इस तरह 91 छक्कों के साथ पंत टेस्ट क्रिकेट में भारत के नए 'सिक्सर किंग' बन गए हैं। इस उपलब्धि के साथ पंत ने रोहित शर्मा और एमएस धोनी जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को भी पीछे छोड़ दिया है।

भारत के लिए टेस्ट मैचों में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों की सूची इस प्रकार है:

- 91 – ऋषभ पंत
- 90 – वीरेंद्र सहवाग
- 88 – रोहित शर्मा
- 80 – रवींद्र जडेजा
- 78 – एमएस धोनी

पंत ने यह रिकॉर्ड मैच के 38वें ओवर में हासिल किया। केशव महाराज की तीसरी गेंद पर चौका लगाने के बाद उन्होंने अगली गेंद पर मिड ऑफ की दिशा में शानदार छक्का लगाया। उनके इस बेखौफ और आक्रामक अंदाज ने दर्शकों और क्रिकेट फैंस को रोमांचित कर दिया। ऋषभ पंत की बल्लेबाजी का यह अंदाज उन्हें टेस्ट क्रिकेट में अलग पहचान दिलाता है। वे न केवल तेज रन बनाने में माहिर हैं, बल्कि टीम के लिए जरूरी मौके पर बड़े शॉट खेलने से भी नहीं हिचकिचाते। उनका यह रिकॉर्ड भारतीय क्रिकेट में नया अध्याय जोड़ता है और आने वाले समय में युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। इस प्रदर्शन के साथ पंत ने अपने करियर को और ऊँचाई दी है और साबित कर दिया है कि वे केवल विकेटकीपर नहीं, बल्कि टेस्ट क्रिकेट में भी आक्रामक बल्लेबाज के रूप में अपनी अलग पहचान बना चुके हैं।

चीन के 15वें राष्ट्रीय खेलों में महिलाओं की 4×200 मीटर फ़्रीस्टाइल रिले तैराकी स्पर्धा

दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत के शेनझेन में आयोजित चीन के 15वें राष्ट्रीय खेलों में महिलाओं की 4×200 मीटर फ़्रीस्टाइल रिले तैराकी स्पर्धा के फ़ाइनल के बाद जश्न मनाती टीम हेबेई।

संजू सैमसन सीएसके में ट्रेड, राजस्थान रॉयल्स में रवींद्र जडेजा की वापसी

नई दिल्ली, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने अपने कोर ग्रुप में बड़ा बदलाव करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण ट्रेड्स में से एक को अंजाम दिया है। संजू सैमसन को 18 करोड़ रुपये में सीएसके ने ट्रेड किया, जबकि रवींद्र जडेजा 14 करोड़ रुपये में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) में वापस लौट आए। दो कमजोर सीज़न के बाद यह कदम उठाया गया है, जिसमें पांच बार की चैंपियन सीएसके प्लेऑफ़ तक नहीं पहुंच सकी और उसे उम्रदराज़ मिडिल ऑर्डर, सीमित हिटिंग पावर और सिकुड़ते स्पिन विभाग जैसी समस्याओं से जूझना पड़ा।

संजू सैमसन का आगमन सीएसके की बैटिंग से जुड़ी कई चिंताओं को दूर करता है, हालांकि यह सवाल बना हुआ है कि क्या एक खिलाड़ी दो साल से चल रही संरचनात्मक समस्या को पूरी तरह हल कर सकता है। राजस्थान के लिए 11 सीज़न में 4027 रन, 2022 में टीम को फाइनल तक ले जाना और 2024 में करियर-बेस्ट 531 रन—ये आंकड़े उनकी प्रभावशीलता साबित करते हैं। आईपीएल 2025 के बाद रिलीज़ की उनकी मांग ने यह ट्रेड लगभग तय कर दिया था, और धोनी-युग के बाद सही संतुलन तलाश रही सीएसके उनके लिए स्वाभाविक ठिकाना बनी।

दूसरी ओर, जडेजा को छोड़ना सीएसके के लिए बड़ी चुनौती पैदा करता है। एक दशक से सीएसके की सफलता उसकी स्पिन रणनीति पर

आधारित रही है और जडेजा उसके केंद्र में थे—143 विकेट, तीन खिताब और 2023 फाइनल में उनकी यादगार जीत। बावजूद इसके कि टीम के पास नूर अहमद और श्रेयस गोपाल जैसे विकल्प मौजूद हैं, जडेजा की जगह भरना आसान नहीं होगा। अब सीएसके को मिनी ऑक्शन में एक ऐसे भारतीय स्पिन-ऑलराउंडर की ज़रूरत होगी, जो बल्लेबाजी भी कर सके—जो बाजार में बेहद कम उपलब्ध है।

राजस्थान के लिए जडेजा की घर वापसी भावनात्मक होने के साथ रणनीतिक भी है। आईपीएल 2025 के दूसरे चरण में टीम के पतन और सैमसन की चोट ने अनुभव व संतुलन की कमी को उजागर किया था। जडेजा दोनों लाते हैं—अनुभव और नेतृत्व गहराई, साथ ही डेथ ओवर्स में नियंत्रण। यह ट्रेड आईपीएल 2026 से पहले की सबसे बड़ी हलचल साबित हुआ है, जिसने दोनों टीमों की दिशा बदल दी है।

वैभव सूर्यवंशी ने 32 गेंदों में शतक जड़कर टी20 क्रिकेट में भारतीय रिकॉर्ड बनाया

दोहा, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

भारत ए के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने एशिया कप राइजिंग स्टार्स के पहले ही मैच में अपनी विस्फोटक बल्लेबाज़ी से क्रिकेट जगत को हैरान कर दिया। यूएई के खिलाफ खेलते हुए सूर्यवंशी ने महज 32 गेंदों में शतक जमाकर इतिहास रच दिया। उनकी पारी 10 चौकों और 9 छक्कों से सजी रही और यह भारत की ओर से संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज़ टी20 शतक बन गया। वैभव सूर्यवंशी का यह 32 गेंदों का शतक भारतीय बल्लेबाजों में दूसरा सबसे तेज़ माना जाता है। सबसे तेज़ टी20 शतक का रिकॉर्ड उर्विल पटेल और अभिषेक शर्मा के नाम 28 गेंदों में है। 14 वर्षीय बिहार के इस प्रतिभाशाली बल्लेबाज ने इससे पहले आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए 35 गेंदों में शतक जमाया था।

भारतीय बल्लेबाजों द्वारा सबसे तेज़ टी20 शतक की सूची इस प्रकार है:

- उर्विल पटेल – 28 गेंदें, गुजरात बनाम त्रिपुरा, 2024
- अभिषेक शर्मा – 28 गेंदें, पंजाब बनाम मेघालय, 2024
- ऋषभ पंत – 32 गेंदें, दिल्ली बनाम हिमाचल प्रदेश, 2018
- वैभव सूर्यवंशी – 32 गेंदें, भारत ए बनाम यूएई, 2025

भारत ए की टीम इस टूर्नामेंट में युवा सितारों और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण लेकर उतरी है। इसमें कई उभरते आईपीएल खिलाड़ी शामिल हैं, और टीम चयनकर्ताओं ने अंडर-23 टूर्नामेंट होने के बावजूद जितेश शर्मा जैसे कुछ अनुभवी नामों को भी जगह दी है। वैभव सूर्यवंशी की यह धमाकेदार पारी न केवल टीम के लिए बड़ी मदद साबित हुई, बल्कि उनकी प्रतिभा और आक्रामक खेल ने भारतीय क्रिकेट के युवा सितारों की क्षमता को भी दर्शाया। इस प्रदर्शन के बाद सूर्यवंशी को भविष्य का बड़ा खिलाड़ी माना जा रहा है ।

पिच देख बोले साउथ अफ्रीका कोच हमें अब इस खिलाड़ी की कमी खलेगी, ईडन गार्डंस की पिच ने बल्लेबाजों की मुश्किलें बढ़ाईं, बुमराह की गेंदबाजी ने साउथ अफ्रीका को रोका

कोलकाता। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए पहले टेस्ट के पहले दिन का खेल देखने के बाद साउथ अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच एशवैल प्रिंस ने कहा कि ईडन गार्डंस की पिच से मिलने वाला असमान उछाल भारतीय बल्लेबाजों की नाकामी का मुख्य कारण रहा। प्रिंस ने कहा, ''शुरू में ही संकेत मिल गए थे कि पिच से उछाल असमान रहेगा। बल्लेबाजों को उम्मीद होती है कि 20-30 रन बनाकर उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा, लेकिन यहां पिच की असमानता ने यह संभव नहीं होने दिया।'' उन्होंने आगे बताया कि क्रीज पर एक घंटा बिताने के बाद भी बल्लेबाज वह भरोसा नहीं जुटा पाए जो जरूरी था। प्रिंस ने भारत के गेंदबाजों की तारीफ करते हुए कहा कि बुमराह और उनके साथी बल्लेबाजों को सांस लेने का मौका नहीं देने में सफल रहे। उन्होंने बताया, ''बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण के सामने यही होता है। भारतीय गेंदबाजों ने सटीक लाइन और लेंथ पर गेंदबाजी की और बल्लेबाजों को लगातार दबाव में रखा।''साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा पहले दिन की पारी से बाहर थे, क्योंकि वे पसली की चोट के कारण खेल नहीं सके। प्रिंस ने स्वीकार किया कि रबाडा की कमी पहले दिन और महसूस हुई। उन्होंने कहा, ''रबाडा विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं और दुनिया के शीर्ष दो-तीन तेज गेंदबाजों में शामिल हैं।

कनाडा के साथ एफटीए वार्ता फिर से शुरू करने की संभवानाओं पर विचार : गोयल

विशाखापत्तनम, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि कनाडा के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता फिर से शुरू करने के संबंध में सभी संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। गोयल ने यहां आयोजित 30वें सीआईआई साझेदारी शिखर सम्मेलन के मौके पर संवाददाताओं से कहा कि भारत और कनाडा ने मुक्त व्यापार समझौते की पुनः शुरुआत के लिए दो दौर की वार्ता की है। दो दिवसीय इस सम्मेलन का आयोजन आंध्र प्रदेश सरकार और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने संयुक्त रूप से किया है। गोयल ने कहा कि उन्होंने कनाडा के निर्यात संवर्धन, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक विकास मंत्री मनिंदर सिद्धू के साथ दो दौर की चर्चा की है।

गोयल ने कहा, 'सभी संभावनाएं विचाराधीन हैं। हमने अब तक दो दौर की चर्चा की है। हम उच्च स्तरीय मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए नई दिल्ली में मिले थे। हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए आगे के रास्ते पर चर्चा करने के लिए कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू से संक्षिप्त मुलाकात की।' केंद्रीय मंत्री ने शिखर सम्मेलन में कहा, 'मैं दुनियाभर के मंत्रियों का आभारी हूं, जो हमारे साथ शामिल हुए।'

उन्होंने कहा कि सम्मेलन में लगभग हर महाद्वीप के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उत्तरी अमेरिका और लैटिन अमेरिका के मंत्री, यूरोप और अफ्रीका के मंत्री और दक्षिण पूर्व एशिया से भी एक मंत्री शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी शिखर सम्मेलन में पूरे विश्व का प्रतिनिधित्व था, जिसने भारत को मानवता के मित्र के रूप में प्रदर्शित किया।

विश्व एक परिवार है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मंत्र है, जो हमें पीढ़ियों और सदियों से विरासत में मिला है और जिस पर हमें गर्व है और हम इसे अपने अंतराष्ट्रीय संबंधों में आगे बढ़ा रहे हैं...।' उल्लेखनीय है कि एक कनाडाई सिख कार्यकर्ता की हत्या से जुड़े वर्षों के राजनयिक विवाद के बाद दोनों देश व्यापार पुनः शुरू करने पर विचार कर रहे हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

एसबीआई बंद कर रहा एमकेश सेवा डिजिटल विकल्पों पर जोर

मुंबई। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) अपनी एमकेश सेवा बंद कर रहा है। एमकेश फीचर ग्राहकों को मोबाइल नंबर या ईमेल से तुरंत पैसे भेजने की सुविधा देता था। इसके तहत प्राप्तकर्ता को एक सुरक्षित लिंक और आठ अंकों का पासकोड मिलता था, जिससे राशि किसी भी बैंक खाते में ट्रांसफर की जा सकती थी। यह सुविधा छोटे और त्वरित लेनदेन के लिए बेहद उपयोगी मानी जाती थी। एसबीआई ने घोषणा की है कि 30 नवंबर के बाद एमकेश सेवा बंद हो जाएगी। बैंक का कहना है कि यह पुरानी तकनीक पर आधारित थी, जबकि आज के डिजिटल विकल्प जैसे यूपीआई, आईएमपीएस, एनईएफटी और आरटीजीएस ज्यादा तेज़, सुरक्षित और भरोसेमंद हैं।

मारुति ने ग्रेंड विटारा एसयूवी की 39,000 से ज्यादा गाड़ियां वापस बुलाई

मुंबई। देश की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी लोकप्रिय मिड-साइज एसयूवी ग्रेंड विटारा की लगभग 39,506 यूनिट्स को रिकॉल करने का निर्णय लिया है। कंपनी ने बताया कि ये वाहन 9 दिसंबर 2024 से 29 अप्रैल 2025 के बीच बनाए हुए थे। रिकॉल का मुख्य कारण स्पीडोमीटर असेंबली में संभावित तकनीकी दोष है, जिसके चलते फ्यूल लेवल इंडिकेटर और चेतावनी लाइट सही ढंग से काम नहीं कर पा रही हैं। मारुति सुजुकी का कहना है कि प्रभावित ग्राहकों से कंपनी सीधे संपर्क करेगी और उन्हें अपने अधिकृत सर्विस सेंटर पर वाहन लाने के लिए निर्देश दिया जाएगा। जांच के दौरान यदि समस्या पाई जाती है, तो स्पीडोमीटर पार्ट को मुफ्त में बदल दिया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान ग्राहकों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। ग्रेंड विटारा ने बिक्री के मामले में शानदार प्रदर्शन किया है। लॉन्च के सिर्फ 32 महीनों में इसने 3 लाख यूनिट्स की बिक्री को पार कर लिया, जो इसे मारुति की सबसे तेजी से बिकने वाली मिड-साइज एसयूवी बनाता है।

आंध्र प्रदेश का दशकभर में 1 लाख करोड़ डॉलर निवेश जुटाने का लक्ष्य

विशाखापत्तनम। विशाखापत्तनम में आयोजित 30वें सीआईआई साझेदारी सम्मेलन में आंध्र प्रदेश सरकार ने अगले दस वर्षों में एक लाख करोड़ डॉलर का निवेश आकर्षित करने का बड़ा लक्ष्य पेश किया। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि राज्य निवेशकों के लिए प्रक्रियाओं को सरल करने के लिए एस्क्रो अकाउंट आधारित प्रणाली लागू करने जा रहा है, जिससे उद्योगों को मिलने वाली राशि तुरंत जारी हो सकेगी और लालफीताशाही समाप्त होगी। नायडू के अनुसार जैसे ही कोई निवेश समझौता होता है, एस्क्रो खाता स्वतः बन जाएगा और बैंक के माध्यम से उसी समय फंड जारी हो जाएगा। इसके लिए किसी अफसर या अन्य मध्यस्थ से संपर्क करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। जरूरत पड़ने पर राज्य सरकार सॉवरिन गारंटी देने पर भी विचार करेगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आंध्र प्रदेश अगले दो वर्षों में देश की पहली ड्रोन टैक्सी सेवा पेश करने जा रहा है। हालांकि परियोजना की विस्तृत जानकारी अभी साझा नहीं की गई है, लेकिन इसे राज्य के नवाचार प्रयासों का अहम हिस्सा बताया गया है। नायडू ने कहा कि बीते 18 महीनों में राज्य को 20 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धताएं मिली हैं, जिनसे लगभग 20 लाख रोजगार की संभावना है। सरकार अब अगले तीन वर्षों में 500 अरब डॉलर निवेश और 50 लाख नए रोजगार पैदा करने के लक्ष्य पर काम कर रही है। दीर्घकालिक दृष्टि के रूप में एक दशक में 1 लाख करोड़ डॉलर निवेश जुटाने की योजना है। उन्होंने बताया कि राज्य में डेटा सेंटरों का बड़ा विस्तार होने वाला है। गूगल पहले ही विशाखापत्तनम में एआई केंद्र के लिए 15 अरब डॉलर की घोषणा कर चुका है। आने वाले दिनों में 4-5 गीगावॉट क्षमता के और डेटा सेंटर स्थापित होने की उम्मीद है।

सेंसेक्स व निफ्टी ने उतार-चढ़ावों के बावजूद मजबूती बनाए रखी

वैश्विक संकेत और विदेशी पूंजी प्रवाह ने शेयर बाजार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला

मुंबई, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

पिछले हफ्ते भारतीय शेयर बाजार उतार-चढ़ाव देखा गया। सप्ताह की शुरुआत कुछ नकारात्मक सत्रों के बाद तेजी के साथ हुई, लेकिन वैश्विक और घरेलू घटनाओं ने बाजार की चाल को लगातार प्रभावित किया। टैरिफ युद्ध, जियोपॉलिटिकल तनाव और सुस्त अर्निंग ग्रोथ जैसी चिंताओं के बावजूद, एशियाई बाजारों में सकारात्मक रुख और ब्लू-चिप शेयरों में लिवाली ने बाजार को मजबूती दी। सोमवार को सेंसेक्स 267.74 अंक बढ़कर 83,484.02 पर खुला और अंत में 83,535.35 पर बंद हुआ। निफ्टी ने भी 84.90 अंक की बढ़त के साथ 25,577.20 पर खुलकर 25,574.35 पर बंद किया। विशेषज्ञों ने कहा कि ताजा विदेशी पूंजी प्रवाह ने निवेशकों के मनोबल को मजबूती दी। मंगलवार को शुरुआत में सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ खुले, लेकिन अंत में तेजी लौट आई। सेंसेक्स ने 335.97 अंक की तेजी के साथ 83,871.32 पर और निफ्टी ने 120.60 अंक की बढ़त के साथ 25,694.95 पर सप्ताह का मध्यवर्ती कारोबार समाप्त किया।

इस दिन बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी ने बाजार को समर्थन दिया। बुधवार को मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बाजार ने शानदार प्रदर्शन किया। सेंसेक्स 595.19 अंक की बढ़त के साथ 84,466.51 पर और निफ्टी 180.85 अंक की उछाल के साथ 25,875.80 पर बंद हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस और भारती एयरटेल जैसी प्रमुख कंपनियों में लिवाली ने इस तेजी में अहम भूमिका निभाई। गुरुवार और शुक्रवार को बाजार में अस्थिरता दिखी। गुरुवार को सेंसेक्स 12.16 अंक और निफ्टी 3.35 अंक की मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। शुक्रवार को कमजोर वैश्विक संकेतों और बिहार चुनाव से पहले की आशंकाओं के चलते बाजार में शुरुआती गिरावट देखने को मिली, लेकिन अंत में सेंसेक्स 84,562.78 और निफ्टी 25,910.05 पर स्थिर हुआ। सप्ताह के समग्र रुझान को देखें तो बाजार ने कई उतार-चढ़ावों के बावजूद मजबूती बनाए रखी।

आईसीएल फिनकॉर्प का नया एनसीडी इश्यू 17 नवंबर से खुलेगा

ICL
Join ICL, Grow with us
ICL Fincorp

नई दिल्ली। आईसीएल फिनकॉर्प ने अपने नए सुरक्षित रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) का सार्वजनिक इश्यू 17 नवंबर को खुलेगा और 28 नवंबर तक खोला जाएगा है। कंपनी के अनुसार यह निवेशकों के लिए एक सुरक्षित और आकर्षक विकल्प है। कंपनी ने बताया कि इस इश्यू से जुटाई गई राशि का उपयोग विकास पहलों और सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने में किया जाएगा। आईसीएल फिनकॉर्प पिछले 34 वर्षों से वित्तीय सेवाओं में सक्रिय है और 10 राज्यों में अपनी उपस्थिति दर्ज कर चुकी है। कंपनी गोल्ड लोन, हायर परचेज लोन और बिजनेस लोन जैसी सेवाएं प्रदान करती है। हाल ही में उसने बीएसई-सूचीबद्ध एनबीएफसी सलेम इरोड इन्वेस्टमेंट्स का अधिग्रहण किया। समूह यात्रा, फैशन, डायग्नोस्टिक्स और धर्मार्थ कार्यों में भी सक्रिय है और भारतीय रिजर्व बैंक के मानकों का पालन करता है।

पूर्वोत्तर को बुनियादी ढांचे निवेश, कौशल विकास में मिल रही प्राथमिकताः सीतारमण

कोहिमा, 15 नवंबर (एजेंसियां)।

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कोहिमा स्थित राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) में छात्रों और युवा पेशेवरों से बातचीत के दौरान कहा कि केंद्र सरकार पूर्वोत्तर क्षेत्र को बुनियादी ढांचा, निवेश, कौशल विकास और डिजिटल विस्तार के मामले में सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत इस क्षेत्र को विकास, निवेश और कौशल में केंद्र में रखा गया है। मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर में राजमार्गों, हवाई अड्डों, डिजिटल नेटवर्क और लॉजिस्टिक्स में तेजी से सुधार हो रहा है।

उन्होंने डिजिटल क्षमताओं में वृद्धि को भी रेखांकित किया और छात्रों की एआई व रोबोटिक्स जैसी उभरती तकनीकों में रुचि की सराहना की। उन्होंने क्षेत्र की दक्षिण-पूर्व एशिया के साथ बेहतर जुड़ाव में अहम भूमिका पर भी प्रकाश डाला। महिलाओं के वित्तीय सशक्तिकरण पर सवाल के जवाब में सीतारमण ने कहा कि भारतीय महिलाएं पारंपरिक रूप से घरेलू वित्त का प्रबंधन करती रही हैं, और अब आधुनिक अवसर उन्हें मजबूत आर्थिक स्वतंत्रता देते हैं। उन्होंने युवाओं को पैसे का नियंत्रण और प्रबंधन करने की सलाह दी।

पूर्वोत्तर में राजमार्गों, हवाई अड्डों, डिजिटल नेटवर्क और लॉजिस्टिक्स में हो रहा है तेजी से सुधार

इसके अलावा, महिला उद्यमियों के लिए जमानत मुक्त ऋण, उच्च ब्याज दर वाले बचत खाते और पीएम वात्सल्य जैसी योजनाओं का परिचय दिया। मंत्री ने युवाओं को नकारात्मक प्रभावों, विशेषकर नशीली दवाओं के दुरुपयोग से सावधान रहने की चेतावनी दी। उन्होंने छात्रों की राष्ट्रीय विकास में योगदान देने की आकांक्षा की सराहना करते हुए उन्हें सकारात्मक दिशा में सक्रिय रहने की प्रेरणा दी।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

जम्मू-कश्मीर...

दो राजस्व अधिकारी और तीन नागरिक घायल हुए हैं।

उन्होंने बताया कि पुलिस स्टेशन को गंभीर क्षति हुई है, जबकि कुछ अन्य इमारतें भी प्रभावित हुई हैं। संयुक्त सचिव ने अंत में जोर देकर कहा, दुर्घटना के कारणों की जाँच की जा रही है। हालांकि, इस घटना के कारणों को लेकर कोई भी अन्य अटकलें लगाना अनावश्यक है।

श्रीनगर के नौगाम थाने...

के आधार पर एक आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया था। इस संबंध में दायर प्राथमिकी 162/2025 की जांच के दौरान विस्फोटक पदार्थों और रसायनों का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया था। बरामद किये गए विस्फोटकों को लाकर पुलिस स्टेशन नौगाम के खुले क्षेत्र में सुरक्षित रूप से रखा गया था ।श्री लोहखंडे ने बताया कि जांच में शामिल सभी एजेंसियां समन्वित और वैज्ञानिक तरीके से एक साथ काम कर रही थी और निर्धारित प्रक्रिया के तहत, बरामद रासायनिक और विस्फोटक नमूनों को आगे फोरेंसिक और रासायनिक परीक्षण के लिए भेजा जा रहा था ख भारी मात्रा में विस्फोटकों की बरामदी के बाद यह प्रक्रिया पिछले दो दिनों से मानक प्रक्रिया के तहत लगातार जारी थी । उन्होंने कहा कि विस्फोटक की अस्थिर और संवेदनशील प्रकृति के कारण इसे विशेषज्ञों की निगरानी के तहत सावधानीपूर्वक संभाला जा रहा था हालांकि उसी दौरान कल रात अचानक दुर्घटनावश विस्फोट हुआ ख इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में नौ लोगों की मृत्यु हो गई और 27 पुलिस कर्मी, दो राजस्व अधिकारी और तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। घायलों को चिकित्सा उपचार के लिए तुरंत चिकित्सालय भेजा गया है । श्री लोहखंडे ने कहा कि विस्फोट के कारण पुलिस स्टेशन की इमारत को गंभीर क्षति पहुंची है और इसके आसपास की इमारतें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस घटना के कारणों की कोई अन्य अटकलें अनावश्यक हैं।उन्होंने कहा कि सरकार दुःख की इस घड़ी में मृतकों के परिवार के साथ एकजुटता से खड़ी है। इस बीच श्रीनगर में जम्मू कश्मीर पुलिस के महानिदेशक नलिन प्रभात ने भी इसके आकस्मिक घटना बताते हुए इसके आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े होने की अटकलों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि नौगाम थाने की पुलिस ने पिछले महीने जैश-ए-मोहम्मद के धमकी भरे पोस्टरों से संबंधित मामला दर्ज किया था और इस जांच के दौरान दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुए विस्फोट मामले से जुड़े एक बड़े अंतरराज्यीय आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश हुआ। जांच के दौरान बरामद विस्फोटकों को थाने में रखा गया था। जैश के पोस्टरों के मामले की जांच अब जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष जांच एजेंसी (एसआईए) कर रही है।

मोदी ने देवमोगरा...

काल से स्वयं कणी-कंसरी के रूप में विराजमान हैं। यहां गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश तथा राजस्थान के आदिवासी समुदाय के लोग याहामोगी पांडोरी की कुलदेवी के रूप में अपार श्रद्धा-आस्था तथा भक्ति के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। इस पवित्र हेला दाब (एक शक्तिशाली और पूजनीय देवी हैं, जिन्हें याहामोगी पांडोरी के नाम से भी जाना जाता है और देश के आदिवासी समुदाय द्वारा पूजी जाती हैं।) की आदि-अनादि काल से बहुत अनूठी महिमा रही है।

हजारों वर्ष पूर्व जब इस प्रदेश में भीषण अकाल पड़ा था, तब पांडोरी माताजी ने देवमोगरा धाम पर स्वयं वास किया था। भीषण अकाल के कारण अन्न-जल की किल्लत पैदा हुई और पशु-पक्षी तथा मानव; सभी दुःखी हो गये। ऐसे संकट की घड़ी में इस क्षेत्र के प्रजापालक गोर्या कोठार ने आवश्यक अन्न का वितरण करना शुरू किया, लेकिन आगे चलकर गोर्या कोठार के अन्न भंडार भी खाली होने लगे। तब उनकी पालक पुत्री याहा पांडोरी ने कणी-कंसरी का रूप धारण कर अन्न वितरण का कार्य संभाला। तब से आज तक अनाज के भंडार कभी खाली नहीं हुए हैं। अर्थात आदि-अनादि काल से लेकर आज तक माताजी के अन्न भंडार समग्र मानव जाति के लिए सदैव भरे रहे हैं।सागबारा तहसील के देवमोगरा गांव में स्थित इस मंदिर में अनेक पीढ़ियों से लाखों भक्त माताजी के चरणों में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ अपनी समस्याओं तथा दुःखों का निवारण प्राप्त करने के लिए आते हैं। मंदिर के पुजारी द्वारा माताजी का आह्वान किया जाता है और आशीर्वाद देकर हर व्यक्ति के कल्याण की मंगलकामना की जाती है। मान्यता है कि माताजी के चरणों में जो भी दुःखी व्यक्ति रोता हुआ आता है, वह हंसता हुआ वापस लौटता है।देवमोगरा में जहां राजा पांठा-विनादेव का स्थानक है, वहां हर वर्ष महाशिवरात्रि पर एक भव्य गढ़ यात्रा आयोजित की जाती है। इस यात्रा में परंपरागत वाद्ययंत्रों तथा नृत्य के साथ माताजी को गढ़ में जंगलों-पर्वतों के बीच स्थित प्राकृतिक झरने में स्नान कराया जाता है। इतना ही नहीं, माताजी की पूजा करके आगामी वर्ष के लिए खेतीबाड़ी और बरसाती मौसम का (होलको ठोक कर) अनुमान लगाया जाता है। हजारों श्रद्धालु इस अनुमान के अनुसार खेतीबाड़ी का पूर्व आयोजन करते हैं। मेले के दौरान माता के प्रांगण में स्थित काकड़ के पेड़ पर एक ही रात में फूल आ जाते हैं। सुबह श्रद्धालु उसके दर्शन करते हैं और मानते हैं कि जिस दिशा में सबसे ज्यादा फूल हों, उस दिशा में वर्ष के दौरान खेतीबाड़ी का काम अच्छा होगा।प्रतिवर्ष माघ महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तथा महाशिवरात्रि के एक दिन पूर्व से लगातार पांच दिनों तक लगने वाला यह मेला आदिवासी लोक संस्कृति का अनूठा दर्शन कराता है। इस मेले में लाखों भक्त माताजी के दर्शन के लिए जुटते हैं, जो वास्तव में आह्लादक दृश्य होता है। इस मंदिर में बाईं ओर श्यामवर्णी महाकाली माता की मूर्ति के भी लोग दर्शन करते हैं। इस प्रकार, एक ही मंदिर में दो माताजी विराजमान हैं।आदिवासी समुदाय हजारों वर्षों से अपनी अनूठी परंपरा का पालन करता है, जिसमें वे संपूर्ण श्रद्धा के साथ नयी फसल को बांस की टोकरी में रखते हैं और सब्जी- भाजी, पूजा सामग्री की हिजारी (हिंगारी) बांधकर उसे सिर पर रखकर एवं रंगबिरंगी वस्त्र पहनकर तथा महिलाएं सोने-चांदी के आभषणों से सज्ज होकर गाजे- बाजे के साथ होब यात्रा पर निकलते हैं। आदिवासी लोग सवा महीने का व्रत-उपवास कर याहा पांडोरी देवमोगरा के चरणों में धान-अन्न श्रद्धापूर्वक समर्पित करते हैं और इसके बाद नये धान का सेवन किया जाता है।

देवमोगरा धाम केवल एक स्थानक ही नहीं है, बल्कि आदिवासी समाज की आस्था, परंपरा एवं संस्कृतिक का जीवंत प्रतीक है और स्थानीय प्रदेश के घेरिया (महिला पोशाक में पुरुषों की टोली) होली-धुलंडी के त्योहार के दौरान सवा महीने घर से बाहर निकल कर घर-घर घूमते हैं और घेरिया बनते हैं और नौ रस के श्रृंगार के साथ मुक्त मन से नाच-गान करते हैं। धुलंडी से पूर्व के दिन होली चौक में होलिका प्रज्ज्वलित की जाती है और महिलाएं भी परंपरागत वेशभूषा में सज्ज होकर कर वाद्ययंत्रों के साथ नाच-गान करते हुए होली के लोले (लोक गीत) गाकर आनंद-उत्सव मनाती हैं।

स्वतंत्रता आंदोलन में ...

आप सभी को विशेषकर के गुजरात और देश के जनजातीय परिवारों को बधाई देता हूं।पीएम मोदी ने कहा कि 2014 के पहले भगवान बिरसा मुंडा को कोई याद करने वाला नहीं था। सिर्फ उनके अगल-बगल के गांव तक ही पूछा जाता था। आज देशभर में कई ट्राइबल म्यूजियम बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्री गोविंद गुरु चेयर जनजातीय भाषा संवर्धन केंद्र की स्थापना भी हुई है। यहां भील, गामित, वसावा, गरासिया, कोकणी, संथाल, राठवा, नायक, डबला, चौधरी, कोकना, कुंभी, वर्ली, डोडिया ऐसी सभी जनजातियों की बोलियों पर अध्ययन होगा। उनसे जुड़ी कहानियों और गीतों को संरक्षित किया जाएगा।इससे पहले, जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नर्मदा में भगवान बिरसा मुंडा को पुष्पांजलि अर्पित की। डेडियापाडा में मजनजातीय गौरव दिवसफ कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भव्य स्वागत किया गया।

आतंकी धमकी देने ...

बता दे करीब 2 करोड़ की लागत से जीपीयू लैब बनाया जाएगा। इसके लिए 5 एक्सपर्ट भी तैनात किए जाएंगे जो साइबर के स्पेशलिस्ट होंगे। इसके लिए बीएचयू से भी सपोर्ट लिया जाएगा, क्योंकि ट्रिपल आईटी की टीम कुछ टेस्टिंग वहां पर भी करेंगी।

मैं अपने परिवार से...

दूसरे समर्थक ने लिखा कि अपनी किडनी अपने पिता को देकर आपने उन्हें जीवनदान दिया। रोहिणी ने पोस्ट के बाद राजद के सांसद, तेजस्वी यादव के करीबी संजय यादव ने रोहिणी आचार्य के आरोपों पर प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने साफ कहा कि रोहिणी दीदी ने जो कहा, उसका संदर्भ हम सब भली-भांति समझते हैं। पार्टी पूरी तरह से एकजुट है, और किसी प्रकार का कोई भ्रम या मतभेद नहीं है। राजद में किसी तरह की गलतफहमी नहीं है।

साथ उड़े सुखोई...

विमानन सुरक्षा और आधुनिक युद्ध तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। दोनों देशों के सैन्य विशेषज्ञ अपने-अपने अनुभव साझा करेंगे और यह मूल्यांकन करेंगे कि भविष्य के संयुक्त अभियानों को और अधिक प्रभावी कैसे बनाया जा सकता है। यह अभ्यास भारत की वैश्विक सैन्य साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। भारतीय वायुसेना ने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय अभ्यास दोस्ती और रक्षा सहयोग को नई ऊंचाई देते हैं। मगरुड़-25फ भारत की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह मित्र देशों के साथ मिलकर आधुनिक हवाई संचालन की क्षमता को विकसित और परिष्कृत करता रहेगा। यह अभ्यास दोनों देशों के बीच दशकों से चले आ रहे मजबूत रक्षा संबंधों को और प्रतिष्ठित करता है और आने वाले समय में संयुक्त अभियानों की क्षमता को बढ़ाने का भी आधार बनेगा।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

म्हारो भाग्यनगर
शुभ लाभ
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 16 नवंबर, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

उत्कृष्ट पत्रकारिता का सम्मान :
बंडारू वैष्णव मेमोरियल फाउंडेशन ने राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस मनाया

हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। बंडारू वैष्णव मेमोरियल फ़ाउंडेशन की ओर से श्री बंडारू दत्तात्रेय ने राष्ट्रीय पत्रकारिता दिवस समारोह के अवसर पर मीडिया और पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रमुख पत्रकारों को सम्मानित किया। यह समारोह 15 नवंबर 2025 को प्रेस क्लब, सोमजीगुड़ा, हैदराबाद में आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य पत्रकारिता की भावना का उत्सव मनाना और उन लोगों का सम्मान करना था जो सत्य, ईमानदारी (अखंडता) और प्रेस की स्वतंत्रता को बनाए रखते हैं।

इस अवसर पर श्री के. रामचंद्र मूर्ति, श्री मल्लेपल्ली लक्ष्मणय्या, श्री दासू केशव राव, श्री पी.ए. रामा राव, श्री गुंडू वल्लीश्वर, श्री बंडारू श्रीनिवासा, प्रेस क्लब हैदराबाद के अध्यक्ष श्री एस. विजय कुमार रेड्डी, श्री पशम यादगिरी, श्री कप्परा प्रसाद, श्री एफ.एम. सलीम और अन्य वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया।

सिकंदराबाद सभा ने साध्वी गवेषणा श्रीजी ठाणा-4 के दर्शन कर की मार्ग सेवा

हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। सिकंदराबाद सभा द्वारा रास्ते की सेवा के अंतर्गत साध्वी श्री डॉ. गवेषणा श्रीजी ठाणा-4 के पावन दर्शन करते हुए उनके विहार की सुख-साता पूछी गई। इस अवसर पर सभा सिकंदराबाद के अध्यक्ष सुशील संचेती, सहमंत्री हुक्मीचंद जी कोटेचा एवं राकेश जी सुराना उपस्थित रहे।

सेवा प्रभारी सम्पत जी गोलछा, सम्पत जी नौलखा, पूर्व सभाध्यक्ष राजकुमार जी सुराना, उम्मेद जी दुगड, उगमराज जी सुराना तथा अन्य समाजजन भी साध्वीश्री से आशीर्वाद लेने पहुंचे।

सभा के पदाधिकारियों ने मनोहराबाद से लाडनू तक होने वाली व्यवस्थाओं पर विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए मार्ग सेवा के सुचारू संचालन पर चर्चा की।सभी उपस्थित समाजजनों ने साध्वीश्री की सेवा और दर्शन का लाभ प्राप्त कर धार्मिक आनंद का अनुभव किया।

विप्र फाउंडेशन ने किया राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा का भव्य अभिनंदन
समाज की एकता, सेवा और संस्कार पर गुरुजी का आह्वान

हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। विप्र फाउडेशन जोन-16 तेलंगाना द्वारा आज राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा (गुरुजी ठण्डाई, इन्दौर) के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन राघव रत्ना टॉवर्स, आबिड्स स्थित अग्रवाल समाज भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम की पूजा अर्चना के साथ हुआ।

राधेश्याम शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विप्र समाज की सभी उपजातियां को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगर हम सब मिलकर संगठित हो जाएँगे, तो इतिहास रच सकते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाला कालखंड चिंतन से अधिक चिंता का है, इसलिए हम सभी को एकजुट होना होगा। उन्होंने विप्र फाउंडेशन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल ब्राह्मणों को एकजुट करने का नहीं, बल्कि सनातन और भारत माता के बाजू को मजबूत करने का कार्य कर रहा है।

राधेश्याम शर्मा ने कहा कि हमें एक-दूसरे के प्रति आलोचना का भाव न रखते हुए परस्पर उन्नति का कारक बनना चाहिए। सेवा भाव के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि अपने लिए किया गया काम कर्म होता है, लेकिन दूसरों के लिए किया गया कार्य धर्म होता है। इसलिए परोपकार करते हुए अपने धर्म की उन्नति करनी चाहिए। समाज के लोग जिस दिन संवेदनशील बनकर जरूरतमंद बंधु के उत्थान के लिए आगे आएँगे, विकास की नई तस्वीर सामने आएगी। इसलिए सभी समर्थ लोगों को समाज के कमजोर वर्ग के शैक्षिक तथा चिकित्सीय सशक्तिकरण के लिए आगे आना चाहिए। साथ ही समाज के कमजोर बंधुओं को ऊपर उठाने का संकल्प लेना चाहिए।

शिक्षा, रोजगार तथा संस्कार के महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कौशल विकास की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि इस दिशा में विप्र फाउंडेशन विशेष प्रयास कर रहा है। राधेश्याम शर्मा ने कहा कि जब हमारे चिंतन में समाज आ जाएगा, तब समाज और राष्ट्र के विकास को कोई नहीं रोक सकेगा। उन्होंने कहा कि समय करवट ले चुका है, बस हम सबको जागृत और संगठित होने की आवश्यकता है।

विप्र फाउंडेशन जोन-16 तेलंगाना के अध्यक्ष हरिकिशन ओझा ने स्वागत वक्तव्य देते हुए कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य और हर्ष का विषय है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष आज हम सबके बीच हैं। आध्यात्मिक और सेवा भावना से ओत-प्रोत राधेश्याम शर्मा के नेतृत्व में फाउंडेशन शिक्षा, सेवा, स्वावलंबन और जागृति के मिशन को लेकर सतत रूप से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले 15 वर्षों से यह फाउंडेशन तेलंगाना में शिक्षा तथा जागृति को बढ़ावा दे रहा है। समाज की भागीदारी विभित्र क्षेत्रों में बढ़ रही है और युवाओं से संगठन के आदर्शों को आत्मसात करते हुए देश की प्रगति में भागीदार बनने की अपील की गई।

राष्ट्रीय महामंत्री-प्रभारी दक्षिण भारत भगवान व्यास ने कहा कि दक्षिण भारत के सभी शहरों में फाउंडेशन के उद्देश्यों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य सभी ब्राह्मणों को एक मंच पर लाने का है।

अवसर पर राजस्थानी ब्राह्मण समाज, आदि विप्र गौड़ समाज, राजपुरोहित समाज, पारीक समाज, दाहिमा समाज, गुर्जर गौड़ समाज, सारस्वत समाज, सिखवाल समाज, पुष्करणा समाज, दधीचि ब्राह्मण समाज, परशुराम मंदिर संस्था, विप्र फाउंडेशन महिला समिति सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा राधेश्याम शर्मा का सम्मान किया गया।

अभिनंदन समारोह में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य केशव शर्मा, विप्र फाउंडेशन जोन-16 के पूर्व अध्यक्ष शिवसागर त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष मदन गोपाल व्यास, वीआईसीसी तेलंगाना के अध्यक्ष सोहनलाल दाहिमा, समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, समाज के गणमान्य तथा विप्र समाज बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन विप्र फाउंडेशन जोन-16 के महासचिव रामदेव नागला के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

बेगम बाजार में हुआ अन्नदान

हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में बेगम बाजार स्थित भू देवी माता मंदिर के पास गौशाला के सामने नियमित अन्नदान किया गया।

इस अवसर पर जगतनारायण अग्रवाल, गोविंदराम पचेरिया, विनोद तोषनीवाल, रवि अग्रवाल, मीना अग्रवाल, लता गोयल, शर्मिला सहित ग्रुप के कई लोग उपस्थित थे।

बाल दिवस पर माधव ऑटिज्म फाउंडेशन में विशेष बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा, विजेताओं को मिले पुरस्कार
ड्रॉइंग, चित्रकला और विभिन्न प्रतियोगिताओं में विशेष बच्चों ने दिखाया आत्मविश्वास

हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। बाल दिवस के अवसर पर माधव ऑटिज्म फाउंडेशन द्वारा कवाडीगुडा स्थित केंद्र में विशेष बच्चों के लिए ड्रॉइंग, चित्रकला और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता बच्चों को फाउंडेशन की संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. सुमन सराफ ने पुरस्कार और उपहार प्रदान किए।सुमन ऑटिज्म सेंटर और टर्टल प्ले स्कूल के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग 40 विशेष बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उनके साथ अभिभावक, आयोजक संस्थाओं की थेरेपीस्ट, शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। फाउंडेशन की ओर से सभी प्रतिभागी बच्चों को सम्मानित कर उनके मनोबल को बढ़ाया गया, जिससे बाल दिवस का यह उत्सव और भी विशेष बन गया।

अग्रवाल शिक्षा समिति में स्नातकोत्तर विद्यार्थियों का प्रेरणादायी ओरिएंटेशन कार्यक्रम सम्पन्न
विशेषज्ञ वक्ताओं ने प्रतिभा, लक्ष्य, समय प्रबंधन और कौशल विकास पर दिया मार्गदर्शन

हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा अपने स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए संयुक्त रूप से एमबीए, एमएससी और एमसीए का अभिविन्यास कार्यक्रम (ओरिएंटेशन कार्यक्रम) सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परंपरागत रूप से मातृभूमि वंदना, सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर एसडीएस कॉलेज के प्राचार्य कैप्टन डॉ. सीएच दल पदल ने सभी श्रोताओं का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। एमबीए की डायरेक्टर प्रो. पल्लवी रंगनाथन ने विद्यार्थियों को समिति के अकादमिक सदस्यों, प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों से परिचित करवाया।

कार्यक्रम में उस्मानिया यूनिवर्सिटी के कॉमर्स और मैनेजमेंट के मुख्य अधिवक्ता प्रो. ए. पैट्रिक मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में केवल कोर्स पास करने से अधिक महत्वपूर्ण है वास्तविक ज्ञान और उसकी उपयोगिता। उन्होंने जोर दिया कि प्रतिभा की पहचान, विचार शक्ति का क्रियान्वयन और लक्ष्य की स्पष्टता जीवन में सफलता का आधार है। बदलते समय और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग में विद्यार्थियों को अपने आप को हर परिवेश के योग्य बनाना होगा। वरिष्ठ पीढ़ी के अनुभव और ज्ञान को भी अपनाने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर एन.बी. साइन्स कॉलेज (पीजी) के कॉरेस्पॉन्डेंट डॉ. ओमप्रकाश ने समय प्रबंधन और लक्ष्य पर केंद्रित रहने की महत्ता बताई। एसडीएस कॉलेज (एमबीए) के कॉरेस्पॉन्डेंट मुकुंदलाल अग्रवाल ने कहा कि प्रतिभा और मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। संस्था के मानद मंत्री श्री नवीनकुमार अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी जीवन के कुछ वर्षों का समर्पण आने वाले पूरे जीवन को स्थिरता और सफलता प्रदान करता है।

शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार केडिया ने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित करने, निरंतर परिश्रम करने और ऐसे प्रेरणादायी कार्यक्रमों से सीख लेने का आग्रह किया।अतिथि वक्ता एमएससी की इंचार्ज डॉ. एम. मालती और एन.बी.साइन्स कॉलेज के प्रिंसिपल बाबूराव गुंडी ने अपने संदेश दिए। कार्यक्रम का संचालन एमसीए की डायरेक्टर श्रीमती के. अल. माधुरी ने किया। इस अवसर पर अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सरोज जैन, संयुक्त अकादमिक निदेशक डॉ. राजेश अग्रवाल, समिति के प्राध्यापक व शिक्षक गण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ।

लीलाबाई मोतीलाल तोंदेवाला हाईस्कूल में बाल दिवस सम्पन्न

हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित एलबीएमटीएचएस में बाल-दिवस आनंद एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

बाल दिवस के उपलक्ष्य में दि. 12 नवंबर को अंतर्विद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता छात्र एवं छात्राओं के लिए अलग-अलग आयोजित की गई। इसमें एलबीएमटी हाई स्कूल के छात्र और छात्राओं की दोनों टीमें विजयी रहीं। दि. 13 नवंबर को अंतर्विद्यालयीन खो-खो की प्रतियोगिता विद्यालय के प्रांगण में आयोजित की गई। इसमें अग्रवाल बालिका विद्यालय की छात्राएं विजयी रहीं। छात्रों के खो-खो मैच में एलबीएमटी हाई स्कूल की टीम विजयी रही।दि. 14 नवंबर को बाल-दिवस के अवसर पर मॉम एंड मी कार्यक्रम विद्यार्थियों और उनकी माताओं के लिए रखा गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों का उत्साह भी देखने लायक था। उन्होंने प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त करने के लिए बढ-चढकर तैयारियां की। इसमें थ्री लेग रेस, फैशन वॉक, फ़ायरलेस कुकिंग, मिरर ड्राइंग, इंस्टेंट कुकिंग, म्यूजिकल चेयर आदि प्रतियोगिताएं रखी गई । विजयी छात्रों और उनकी माताओं को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती प्रीतिबाला ने पुरस्कार प्रदान किये और उनका मनोबल बढाया । कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से श्रीमती मेघा कुलकर्णी और श्रीमती पल्लवी ने किया । विद्यालय के कारस्पॉन्डेंट राजेश कुमार अग्रवाल और को-ऑर्डिनेटर प्रदीप अग्रवाल ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की ।

डीआरएस इंटरनेशनल स्कूल के छात्र चिल्ड्रन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल

हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। बाल दिवस 2025 के अवसर पर, शिक्षा, कला और एथलेटिक्स में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पाँच छात्रों को इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से संबद्ध चिल्ड्रन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। इस उद्देश्य से, इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के निर्णायक डॉ. पावनी, डॉ. सरयू देवभक्तुनी जिन छात्रों ने चिल्ड्रन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बनाई है, उन्हें देहरादून में एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग ट्रॉफी 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करने और उत्कृष्ट प्रतिभा दिखाने के लिए मिश्का अग्रवाल को द ग्लाइडिंग ग्लोरी अवार्ड, सीबीएसई क्लस्टर गोल्ड मेडलिस्ट के रूप में एथलेटिक्स में उत्कृष्ट उपलब्धि और राष्ट्रीय शीर्ष 5 एथलीटों में स्थान हासिल करने के लिए बर्धवाल शिव शंकर को द स्प्रिंटिंग स्टार अवार्ड, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने और डिजाइन चैम्पियनशिप (दक्षिण क्षेत्र) में पहला स्थान हासिल करने के लिए अदिति सोमा को द विजनरी डिजाइनर अवार्ड, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भरतनाट्यम में उत्कृष्टता प्रदर्शित करने के लिए कीर्तना रेड्डी मदमदकला को सांस्कृतिक सद्भाव पुरस्कार, शनिवार को हैदराबाद के गुंडला पोचमपल्ली स्थित डीआरएस इंटरनेशनल स्कूल परिसर में आयोजित एक समारोह में पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर बोलते हुए, डीआरएस इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य प्रथम, वेणुगोपाल ने विजेताओं को बधाई दी और कहा कि यह समारोह छात्रों के आनंदमय स्वभाव, खेल, संगीत और रचनात्मकता को बढ़ाएगा, और छात्रों में छिपी रचनात्मक शक्ति और शोध भविष्य के भविष्य की नींव रखेंगे। डीआरएस इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा, कला और एथलेटिक्स के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है।

कार्यक्रम में डीआरएस इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक संजय अग्रवाल, आवासीय प्रमुख राजेंद्र प्रसाद, उप-प्रधानाचार्य पूजा सक्सेना, प्रशासनिक प्रमुख विनोद रंजन और अन्य ने भाग लिया।

श्रीमाली ब्राह्मण चेरिटेबल ट्रस्ट के महालक्ष्मी मंदिर निर्माण हेतु पंडित मनोजजी त्रिवेदी बने आजीवन ट्रस्टी

ट्रस्ट पदाधिकारियों ने हैदराबाद पहुंचकर किया सम्मान, प्राप्त की सहयोग राशि

हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। श्रीमाली ब्राह्मण चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बैंगलोर में बनने वाले श्री महालक्ष्मीजी के भव्य मंदिर हेतु गठित ट्रस्ट में आजीवन ट्रस्टी बनकर महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए श्रीमान पंडित मनोजजी त्रिवेदी-सुपुत्र स्वर्गीय पंडित मधुसूदन जी शास्त्री, हैदराबाद (मूल रूप से मरुधर-सोजत सिटी)-का हार्दिक सम्मान किया गया।

ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री कैलाशजी शर्मा, कोषाध्यक्ष श्री मुकेशजी दवे तथा मितेशजी जोशी हैदराबाद पहुंचे और पंडित मनोजजी त्रिवेदी का सम्मान कर मंदिर निर्माण हेतु सहयोग राशि प्राप्त की।

श्रीमाली ब्राह्मण चेरिटेबल ट्रस्ट ने उनके अमूल्य सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज सेवा में उनकी सक्रियता सराहनीय है।

ट्रस्ट ने माता महालक्ष्मीजी से प्रार्थना की कि वे पंडित मनोजजी त्रिवेदी के परिवार की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करें और उन्हें समाज सेवा में सदैव अग्रणी बनाए रखें।

अजमेर (राजस्थान) से नगर पधारी राजस्थान की सुप्रसिद्ध गायिका पिंकी गहलोत का गोशामहल, बालाजी डेकोर में स्वागत, सम्मान करते हुए आप और हम के अध्यक्ष धर्मीचन्द कुमावत, साथ में रामकिशोर भड़लीवाल, सुरेशकुमार माली एवं मोहित गहलोत।

विप्र फाउंडेशन जोन 16 द्वारा स्वागत समारोह का भव्य सफल आयोजन होने पर राजस्थानी फाउंडेशन तेलंगाना द्वारा जोन 16 के अध्यक्ष हरिकिशन ओझा, महामंत्री रामदेव नागला पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करने संदीप जायलवाल, भबुत सिंह राजपुरोहित, मुकेश शर्मा व साथ में भगवान व्यास बिलाल उपस्थित थे।

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया

अतिथि वक्ता डॉ. जे. बी. राजू ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान पर दिया प्रेरक व्याख्यान

हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। शनिवार दि. 15 नवंबर 2 को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), दक्षिणी क्षेत्र, बंदलागुडा, हैदराबाद में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) एवं एचओओ हरमोहन मिश्रा द्वारा सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के स्वागत से हुई। उन्होंने मुख्य अतिथि वक्ता डॉ. जे. बी. राजू-सेवानिवृत्त आईआईएस अधिकारी एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता-का परिचय भी कराया।

एसआर के एडीजी एवं विभागाध्यक्ष बसब मुखोपाध्याय ने अतिथि वक्ता का सम्मान किया। अपने व्याख्यान में डॉ. राजू ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने ब्रिटिश शासन के अत्याचारों और वर्चस्व के खिलाफ असाधारण साहस के साथ संघर्ष किया और जनजातीय समाज को एकजुट कर स्वतंत्रता के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में उप महानिदेशक एल.पी. सिंह, श्री एस.एम. महापात्र, के.वी. मारुति, अजय निरवान, एस.एम. सिएम,एम.एन. प्रवीण, निदेशक बनर्जी, संयुक्त निदेशक एस. तारकेश्वर राव, एससी-एसटी एसोसिएशन के अध्यक्ष अदारला महेश, जे. राज शेखर सहित जीएसआई, एसआर, हैदराबाद और जीएसआई, टीआई के कई अन्य निदेशक, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ गरिमामय वातावरण में हुआ।

टीपीएफ हैदराबाद द्वारा फ्यूजन एडिशन 10 का आयोजन

हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम हैदराबाद द्वारा फ्यूजन एडिशन 10 का आयोजन साध्वी श्री डॉक्टर गवेषणा श्री जी आदि ठाणा 4 के सान्निध्य में व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हिम्मत जी मांडोत की अध्यक्षता में रविवार 5 अक्तूबर को तेरापंथ भवन ,डी.वी. कॉलोनी में हुआ ।

कार्यक्रम की शुरुआत राकेश कठोतिया व टीम टीपीएफ द्वारा मंगलाचरण से हुई । टीपीएफ हैदराबाद अध्यक्ष विरेन्द्र घोषल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष , उनकी टीम व पधारे हुए सभी महानुभावों का स्वागत किया व साध्वी श्री जी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की ।

साध्वी श्री डॉ. गवेषणा श्री जी ने अपने मंगल उद्बोधन में फरमाया की ींषि ने वर्तमान समय की आवश्यकता को देखते हुए षीींळेप 10 के अंतर्गत यह नवोन्मेष वेदिका कार्यक्रम आयोजित किया है । साध्वी श्री जी ने परिवार नियोजन, समय नियोजन व आर्थिक नियोजन वर्तमान समय में कैसे करना है इसके बारे में विशेष जानकारी प्रदान की । साध्वी मेरु प्रभा जी, मयंक प्रभा जी व दक्ष प्रभा जी ने सुमधुर गीतिका प्रस्तुत की। साध्वी श्री मयंक प्रभा जी ने अपने प्रभावी वक्तव्य में परिवार में आनंदमय वातावरण कैसे बनाया जा सकता है इसे कुछ सरल उदाहरणों के माध्यम समझाया ।

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हिम्मत जी मांडोत ने टीपीएफ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आचार्य श्री महाप्रज्ञ जी द्वारा 16 वर्ष पूर्व टीपीएफ की स्थापना की गई थी। आज देशभर में टीपीएफ के 11000 से अधिक सदस्य हैं। टीपीएफ अध्यात्म, स्वास्थ्य, इंटेलेक्चुअल, नेटवर्किंग व शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कार्य करती हैं । कोई भी तेरापंथी बालक शिक्षा से वंचित ना रहे इसके लिए टीपीएफ प्रति वर्ष शिक्षा फीस में सहयोग प्रदान करती हैं । हेल्थ कैम्प आयोजित करती हैं व और भी कई कार्य समाज हित में टीपीएफ द्वारा किए जाते हैं । उन्होंने टीपीएफ हैदराबाद को पिछले 10 वर्षों से लगातार fusion कार्यक्रम आयोजन किए जाने के लिए साधुवाद दिया ।

कार्यक्रम में टीम फेमिना से वर्षा जी, श्वेता जी व पूजा जी ने मनमोहक प्रस्तुति दी । राष्ट्रीय महामंत्री मनीष जी कोठारी ने ऑनलाइन शुभकामनाएँ दीं। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नरेश जी कठोतिया ने टीपीएफ की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मोहित जी बैद ने ढझत्र शाइन के बारे में जानकारी दी । साउथ जोन अध्यक्ष विक्रम जी कोठारी ने टीपीएफ हैदराबाद को कार्यक्रम के आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने बताया कि दक्षिण क्षेत्र की सभी परिषदों के सहयोग से दक्षिण क्षेत्र इस वर्ष प्रथम आया है, जिसकी घोषणा राष्ट्रीय अधिवेशन में की गई । -चघउ चेयरपर्सन वंदना जी डांगी ने आचार्य महाप्रज्ञ नालेज सेंटर परियोजना के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय टीम सदस्य अभय जी चंडालिया ने नेटवर्किंग के बारे में जानकारी दी। सभा अध्यक्ष सुशील जी संचेती ने सभी संस्थाओं की और से शुभकामनाएं प्रेषित की ।

आज के इस fushion edition10 के प्रथम मुख्य वक्ता श्री अजय जी जैन ने startup के बारे में विशेष जानकारियां प्रदान की व द्वितीय मुख्य वक्ता

श्रीमती सूर्य प्रभा जी ने artificial intelli सशपलश के बारे में विशेष जानकारी प्रदान की ।

राष्ट्रीय टीम सदस्य दीपक जी संचेती ,रिषभ जी दुगड़, नवीन जी सुराणा,आईपीपी हैदराबाद पंकज जी संचेती ,सभा अध्यक्ष सुशील जी संचेती,महिला मंडल मंत्री निशा जी सेठिया , तेयुप अध्यक्ष राहुल जी गोलछा,गढछ प्रभारी मिनाक्षी सुराणा,ढझत्र हैदराबाद उपाध्यक्ष सुनील जी पगारिया ,वर्षा जी बैद, निखिल जी कोटेचा आदि गणमान्य व्यक्तियों व ींषि सदस्यों की अच्छी उपस्थिति रही । कार्यक्रम में राष्ट्रीय सहमंत्री मोहित जी बैद, निवर्तमान अध्यक्ष पंकज जी संचेती व जयंती जी गोलछा ने विशेष सहयोग प्रदान किया ।कार्यक्रम के संयोजक उपाध्यक्ष निखिल कोटेचा, उपाध्यक्ष वर्षा बैद, उपाध्यक्ष सुनील पगारिया, हितेश बोथरा, पीयूष भूतोरिया, वर्षा दुगड, डॉ. श्वेता मेहता , पुनीत दुगड, गौरव भूतोरिया आदि की अच्छी मेहनत से कार्यक्रम सफलतम हुआ । कार्यक्रम का सफल संचालन उपाध्यक्ष वर्षा बैद व डॉ. श्वेता मेहता जी ने किया । आभार ज्ञापन उपाध्यक्ष निखिल कोटेचा ने किया ।

चेन्नूर में मुफ्त नेत्र चिकित्सा शिविर के पोस्टर का अनावरण

चेन्नूर , 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। चेन्नूर लायंस क्लब द्वारा 18 नवंबर 2025 को आयोजित किए जाने वाले मुफ़्त नेत्र चिकित्सा शिविर के वॉल पोस्टर का अनावरण चेन्नूर टाउन के सीआई पोलिनेनी देवेंद्र राव द्वारा किया गया।

पोस्टर का अनावरण करते हुए सीआई देवेंद्र राव ने आमजन से इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष जाडी तिरुपति, सचिव सौडम श्रीनिवास, लायन सत्या नारायण, नागराजा गौड़, पोचन्ना, सतीश सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

गोदावरीखनी मेडिकल कॉलेज में एंटी-रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मंचेरियाल, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। रामगुंडम पुलिस कमिश्नरेट की ओर से सिंगरेणी मेडिकल कॉलेज, गोदावरीखनी में एंटी-रैगिंग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को रैगिंग के गंभीर कानूनी परिणामों-जेल सज़ा, कॉलेज निलंबन और अन्य दंडात्मक कार्रवाइयों-के बारे में विस्तार से जानकारी दी।एसीपी रमेश ने अपने संबोधन में सीनियर और जूनियर छात्रों के बीच सम्मान, सहयोग और सकारात्मक माहौल बनाए रखने पर विशेष बल दिया।पुलिस कमिश्नर अंबर किशोर झा ने सभी छात्रों से रैगिंग, ड्रग्स एवं साइबर अपराधों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने संदिग्ध ऑनलाइन लिंक्स से सावधान रहने तथा साइबर शिकायतों के लिए 1930 हेल्पलाइन का उपयोग करने की सलाह भी दी।कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, कॉलेज प्रबंधन के प्रतिनिधियों और लगभग 500 छात्रों ने सहभागिता की।

मदनूर में तीन दिन से सोया खरीदी केंद्र बंद

मदनूर, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। मार्क फेड अंतर्गत स्थानिक कृषि बाजार समिति कार्यालय मैदान में कुछ दिन पहले जुक्कल विधायक लक्ष्मी कांता राव ने सोया बीज खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया था। इसके बाद अधिकारियों ने केवल दो दिनों तक सोया की खरीदी की, फिर तीन दिन से सोया खरीदी केंद्र बंद रखा गया है। इससे स्थानिक जनता को ठंडी मौसम और मच्छरों के बीच दिन-रात निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है।

शुक्रवार को किसानों ने 161 मार्ग पर विरोध प्रदर्शन किया और तहसीलदार एमडी मुजीप को एक आवेदन दिया। शनिवार को तहसीलदार ने सोया खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया और बताया कि इस संबंध में कलेक्टर को जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि सोमवार से सोया खरीदी केंद्र पुनः प्रारंभ किया जाएगा।

यह स्थिति किसानों के लिए परेशानी उत्पन्न कर रही है क्योंकि खरीदी केंद्र बंद होने से उनकी उपज बेचने में बाधा आ रही है।

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

CHANGE OF NAME

I, SANKARI RANI BHUNIA is legal spouse of No- JC-782850A, Rank-NB SUB, Name-SIBSANKAR BHUNIA, Residing at Vill-Kendua, PO-Jamualachhimpur, Teh- Contai, Dist: Purba Medinipur, W.B, I have to change my Name from SANKARI PRADHAN to SANKARI RANI BHUNIAI, for all purpose vide affidavit dated: 14/11/2025

CHANGE OF NAME

I, G V S VALLI ANNAPOORNA Spouse of G V S SRINIVAS, Resident of H.No.7-1-105, Ferozguda, Bowenpally, Hyderabad-500011, Telangana have changed my name from G V S VALLI ANNAPOORNA to G V ANNAPURNA vide affidavit dt:10-11-2025 before X Spl Judicial Magistrate, Hyderabad.

जिले में पुस्तकालयों के विकास हेतु विशेष कदम : वेंकटेश धोत्रे

आसिफाबाद, 14 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि जिले में पुस्तकालयों के विकास के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं।शुक्रवार को 58वें राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के अवसर पर जिला अपर कलेक्टर (स्थानीय संस्थाएँ) दीपक तिवारी ने जिला केंद्र स्थित जिला केंद्रीय पुस्तकालय में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए, जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने बताया कि 14 से 19 नवंबर तक पूरे जिले में पुस्तकालय सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस दौरान पुस्तक प्रदर्शनी, कवि सम्मेलन, भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला, निबंध लेखन, ध्यान, व्यक्तित्व विकास, गीत, रंगोली और मेहंदी जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। उन्होंने छात्रों से इन कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर उन्हें सफल बनाने का आह्वान किया।कलेक्टर ने बताया कि जिले में पुस्तकालयों के विकास हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिला केंद्रीय पुस्तकालय भवन को सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए अध्ययन सामग्री और इतिहास विषयक पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं।

उन्होंने कहा कि पुस्तकालय में पाठकों के लिए दैनिक समाचार पत्रों सहित विभिन्न विषयों की उपयोगी पुस्तकें मौजूद हैं। पुस्तकालय ज्ञान का भंडार है, और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी यहाँ उपलब्ध संसाधनों का लाभ उठाकर अपने ज्ञान में वृद्धि कर सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर जिला पुस्तकालय संघ की सचिव सरिता, पुस्तकालयाध्यक्ष, पाठकगण और अन्य लोग उपस्थित रहे।

दो बेडरूम वाले मकानों में बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ : वेंकटेश धोत्रे

आसिफाबाद, 14 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों के लिए निर्मित दो बेडरूम वाले मकानों में सभी बुनियादी सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएँ।

शुक्रवार को उपजिलाधिकारी श्रद्धा शुक्ला ने सड़क, भवन, आवास और बिजली विभागों के साथ-साथ नगर निगम अधिकारियों के साथ जिले के कागजनगर मंडल के बोरीगाँव गाँव के बाहरी इलाके में बनकर तैयार हो चुके दो बेडरूम वाले मकानों का दौरा किया और वहाँ की सुविधाओं का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने कहा कि पात्र गरीबों के लिए बनाए गए इन मकानों में बिजली, खिड़कियाँ, दरवाजे, आंतरिक सड़कें, पेयजल और सीवरेज जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ जल्द से जल्द पूरी की जाएँ ताकि मकानों को उद्घाटन के लिए तैयार किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखें।

कलेक्टर ने यह भी कहा कि मकानों के आसपास लगी कंटीली झाड़ियों को तुरंत हटाया जाए और आवासीय क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखी जाए।

इस निरीक्षण कार्यक्रम में विद्युत विभाग के एसई शेष राव, आवास विभाग के डीईई वेणुगोपाल, सड़क एवं भवन विभाग तथा नगर निगम के अधिकारी, तहसीलदार मधुकर सहित संबंधित अधिकारी और अन्य लोग मौजूद रहे।

अस्पताल आने वाले लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए

आसिफाबाद, 14 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने निर्देश दिया कि जिला मुख्यालय स्थित सरकारी अस्पताल में मरीजों और आने वाले लोगों को स्वच्छ पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई जाए।शुक्रवार को जिला केंद्र स्थित सरकारी अस्पताल में स्थापित आर.ओ. प्लांट का उद्घाटन जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे ने अस्पताल पर्यवेक्षकों के साथ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार चिकित्सा क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दे रही है और जनसाधारण को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए लगातार प्रयत्नशील है।

कलेक्टर ने बताया कि इसी दिशा में जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अस्पताल परिसर में आर.ओ. प्लांट की स्थापना की गई है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग इलाज के लिए आते हैं, इसलिए स्वच्छ पेयजल सुविधा अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने अस्पताल प्रशासन व कर्मचारियों को आर.ओ. प्लांट की उचित देखरेख करने और इसकी नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस सुविधा का सदुपयोग करें।इस कार्यक्रम में चिकित्सकों, अस्पताल कर्मचारियों और अन्य संबंधित लोगों ने भाग लिया।

श्री वीरभद्र स्वामी महोत्सव में भक्तिभाव की उमंग, पालकी यात्रा के साथ हुआ समापन

मदनूर, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। श्री वीरभद्र स्वामी मंदिर के पुरोहित संगय्याअप्पा स्वामी ने बताया कि श्री वीरभद्र स्वामी महोत्सव स्थानिक भक्तों के सहयोग से मदनूर में तीन दिनों तक बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। यह पवित्र पर्व कार्तिक मास के मंगलमय दिनों में आयोजित किया गया।

पुरोहित संगय्याअप्पा स्वामी ने बताया कि 13 नवंबर, गुरुवार को भगवान को हल्दी चढ़ाई गई। इसके बाद 14 नवंबर, शुक्रवार की शाम ठीक सात बजे श्री वीरभद्र स्वामी का मंगल अष्टक के साथ विवाह समारोह संपन्न हुआ। महा आरती के पश्चात सुरुचि महा प्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात 15 नवंबर की सुबह 7 बजे मंदिर परिसर में अग्निकुंड कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस पावन अवसर पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे और वीरभद्र स्वामी का दर्शन कर अपनी मन्नतें पूरी कीं। तेलंगाना के अलावा महाराष्ट्र और कर्नाटक से भी अनेक भक्तों ने भक्ति भाव से समारोह में भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुरोहित संगय्याअप्पा स्वामी के नेतृत्व में शनिवार सुबह गाजे-बाजे के साथ श्री वीरभद्र स्वामी की भव्य पालकी शोभा यात्रा निकाली गई, जिसके साथ तीन दिवसीय महोत्सव का मंगल समापन हुआ।

आइये देश की प्रगति के लिए साथ चलें : गेदाम नागेश

आसिफाबाद , 14 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। आदिलाबाद सांसद गोदाम नागेश ने कहा कि हम महापुरुषों की आकांक्षाओं के अनुरूप देश की प्रगति के लिए साथ-साथ चलेंगे। शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला कलेक्टर वेंकटेश धोत्रे, सिरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पलवई हरीश बाबू, जिला अधिकारी, युवा संगठनों के प्रतिनिधि और छात्र केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित मेरा भारत एकता मार्च कार्यक्रम में शामिल हुए, ध्वजारोहण कर रैली की शुरुआत की और एकीकृत कलेक्ट्रेट भवन से कोमुराम भीम चौरास्ता होते हुए वापस एकीकृत कलेक्ट्रेट भवन तक आयोजित रैली में भाग लिया।

इस अवसर पर एकीकृत कलेक्ट्रेट भवन परिसर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया और सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। बाद में, आदिलाबाद के सांसदों ने कहा कि हम सब मिलकर देश की प्रगति के लिए काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि वल्लभभाई पटेल ने देश और देश की एकता के लिए अथक परिश्रम किया, स्वतंत्रता संग्राम में अपनी भूमिका निभाई और आज़ादी के बाद देश के सभी लोगों को एकजुट किया।

उन्होंने कहा कि रणनीतिक दृढ़ संकल्प और विलय के माध्यम से उन्होंने कई रियासतों का सफलतापूर्वक एकीकरण किया और भारत को एक एकीकृत और स्थिर देश बनाया। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर एक भारत - आत्मनिर्भर भारत के माध्यम से स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करके देश के आर्थिक क्षेत्र को मज़बूत करेंगे।

जिला कलेक्टर ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत के प्रथम गृह मंत्री और उप-प्रधानमंत्री के रूप में कई उच्च पदों पर कार्य किया और देश के सर्वांगीण विकास में योगदान दिया, और वल्लभभाई के शासनकाल में स्थापित संस्थाएँ आज भी जारी हैं।

सिरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायकों ने बोलते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन को उदाहरण मानकर आज के युवाओं को देश की एकता, मजबूती और विकास के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

बाद में, सभी ने शपथ ली।

इस कार्यक्रम में मेरा भारत कार्यक्रम प्रभारी, जिला युवा अधिकारी शैली बेलाल, नोडल अधिकारी रमा देवी, जिला खेल युवा अधिकारी अहमद, जिला अधिकारी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, युवा संघों के प्रतिनिधि आदि शामिल हुए।

खरीद केंद्र न खुलने से परेशान किसान, बिचौलियों का हो रहा बोलबाला

मंचेरियाल, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। लकड़ी की उपलब्धता न होने और भूमि अधिग्रहण में देरी के कारण कई क्षेत्रों में सरकारी धान खरीद केंद्र अभी तक शुरू नहीं हो पाए हैं। मंचेरियाल जिले में 301, निर्मल जिले में 317 और आसिफाबाद जिले में 18 केंद्र स्वीकृत किए गए हैं, लेकिन अनेक स्थानों पर ये केवल कागजों तक ही सीमित हैं।

कुमराम भीम आसिफाबाद जिले के दहेगाम मंडल में अभी तक सरकारी खरीद प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है। खरीफ सीजन के दौरान इस मंडल की 7900 एकड़ भूमि में धान की खेती की गई थी, जिससे लगभग 1,97,500 क्विंटल उपज होने का अनुमान है। सहकारी समिति के अंतर्गत 60 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए दहेगाम, लगगाम, ओड्डुगुड़ा, गेर्रे, गिरावेल्ली, खारजी, चंद्रपल्ली और कोंचवेल्ली गांवों में खरीद केंद्र स्थापित किए जाने थे, परंतु भूमि अधिग्रहण न होने से दहेगाम, लगगाम, गेर्रे और कोंचवेल्ली गांवों में अब तक केंद्र शुरू नहीं हो पाए हैं।

वर्तमान में केवल कलवाड़ा गांव में आईकेपी के माध्यम से सीमित खरीद कार्य जारी है। पिछले पखवाड़े से कटाई चल रही है, किंतु सरकारी खरीद केंद्र न होने के कारण किसान अपनी फसल खेतों या खुले स्थानों पर सुखाने को मजबूर हैं। सरकार ने ए-ग्रेड धान के लिए 2389 रुपये और बी-ग्रेड के लिए 2360 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया है, किंतु सुविधा के अभाव में किसान निजी व्यापारियों को 1900 से 2000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान बेचने को विवश हैं।

दलाल इस स्थिति का फ़ायदा उठाकर कम दाम पर धान खरीद रहे हैं। एक स्थानीय किसान ने बताया कि उसे सरकारी खरीद केंद्र न होने के कारण 55 क्विंटल धान निजी व्यापारियों को मात्र 1900 रुपये प्रति क्विंटल के मूल्य पर बेचना पड़ा, जिससे उसे 489 रुपये प्रति क्विंटल का नुकसान हुआ। कुल मिलाकर उसे लगभग 26,895 रुपये की हानि हुई। किसानों का कहना है कि यदि खरीद केंद्र शीघ्र शुरू नहीं किए गए, तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा।

मजदूरों की कमी से खेतों में गिर रहा 'सफेद सोना', कपास किसान परेशान

मंचेरियाल, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। भारी बारिश से जहां इस बार कपास की पैदावार प्रभावित हुई है, वहीं मजदूरों की भारी कमी ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। कई जगहों पर कपास चुनाई के लिए दूर-दराज से मज़दूर बुलाने में किसानों को ऊँची मज़दूरी और परिवहन लागत का सामना करना पड़ रहा है। किसान चिंता जता रहे हैं कि देर होने के कारण खेतों में पकी फसल गिर रही है, जिससे नुकसान बढ़ रहा है।

आदिलाबाद जिले में इस वर्ष 4.31 लाख एकड़ में कपास की बुवाई की गई थी। बारिश अधिक होने से फसल की पैदावार प्रभावित हुई। अब पिछले दस दिनों में मौसम खुलने से चुनाई का कार्य तेज़ हुआ है। नदी और जलग्रहण क्षेत्रों के किसानों को जहां कम उत्पादन मिल रहा है, वहीं कई किसानों को नगण्य पैदावार से संतोष करना पड़ रहा है।

किसानों का कहना है कि कपास को चुनने के बाद चार से पांच दिनों तक धूप में सुखाया जाता है, फिर उसे बिक्री के लिए मंडी में भेजा जाता है। इस बीच यासांगी (रबी) सीजन की तैयारी शुरू होने से किसान अपनी आर्थिक ज़रूरतें पूरी करने के लिए जल्दी कपास बेचने को मजबूर हैं।

मजदूरों की कमी से स्थिति और विकट हो गई है। स्थानीय मजदूरों की उपलब्धता न होने के कारण किसानों को अन्य गांवों और महाराष्ट्र से मजदूर बुलाने पड़ रहे हैं। सामान्यतः 10 रुपये प्रति किलो मज़दूरी दी जाती थी, जो अब बढ़कर 12 रुपये तक पहुंच गई है। किसानों को दूरदराज से आने वाले मजदूरों के परिवहन का खर्च भी खुद उठाना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि वे सीसीआई को कपास बेचने के लिए 'कपास किसान ऐप' पर स्लॉट बुक करते हैं, लेकिन मजदूरों की कमी के कारण तुड़ाई पूरी न हो पाने से उन्हें स्लॉट रद्द करने पड़ रहे हैं। समय पर श्रमिक न मिलने के कारण कपास की फसल खेतों में ही गिर रही है, जिससे उत्पादन और मुनाफा दोनों पर असर पड़ रहा है।

बीआरएस नेता आरएस प्रवीण कुमार ने की केंद्र से कपास किसान ऐप वापस लेने की मांग

मंचेरियाल, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। बीआरएस नेता डॉ. आरएस प्रवीण कुमार ने भारतीय कपास निगम (सीसीआई) की कड़ी आलोचना करते हुए केंद्र सरकार से मांग की है कि वे एंड्रॉइड आधारित कपास किसान ऐप को तुरंत वापस लें। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन और ऐप के इस्तेमाल की जानकारी न होने के कारण किसानों को इस ऐप के उपयोग में भारी कठिनाई हो रही है।

प्रवीण कुमार ने आसिफाबाद विधायक कोवा लक्ष्मी के साथ आसिफाबाद में विभिन्न किसान संगठनों के विरोध प्रदर्शन में अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि निगम ने जल्दबाजी में यह ऐप जारी कर किसानों को असुविधा में डाला है। इसके अलावा बीआरएस नेता ने केंद्र सरकार से नमी की मात्रा बढ़ाकर 12 प्रतिशत से 20 प्रतिशत करने की मांग की ताकि किसान घाटे में न रहें।

उन्होंने आरोप लगाया कि निगम नमी के अधिक होने का हवाला देकर कपास की खरीद से इनकार कर रहा है जिससे किसान आत्महत्या के कगार पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने आंध्र प्रदेश के कर्मचारियों की जगह तेलंगाना के कर्मचारियों को जिनिंग मिलों में नियुक्त करने की भी मांग की।प्रवीण कुमार ने कहा कि किसानों पर प्रति एकड़ 7 क्विंटल धान खरीद की सीमा लागू करना व्यापारियों के पक्ष में है, जिससे किसानों के पास बची हुई उपज बेचने का कोई विकल्प नहीं बचता। साथ ही उन्होंने वन अधिकारियों पर किसानों के खिलाफ जंगली जानवरों को मारने के आरोपों के तहत मुकदमे दर्ज कराने और बेमौसम बारिश से हुई फसल नुकसान में मुआवजे की गैर-प्राप्ति की भी निंदा की।

कलेक्टर कुमार दीपक ने कहा कि स्कूली शिक्षा ही उच्च शिक्षा की नींव है

मंचेरियाल, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। मंचेरियाल जिले के कलेक्टर कुमार दीपक ने कासिपेटा मंडल के पेद्दानापल्ली मंडल परिषद प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया और बाल दिवस समारोह में भाग लिया।

इस अवसर पर उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी एस. यादय्या के साथ दीप प्रज्वलित किया और शांति ध्वज फहराया।कलेक्टर कुमार दीपक ने छात्रों को एकाग्रता और अनुशासन की शिक्षा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अम्मा आदर्श विद्यालय समिति के तहत सरकारी स्कूलों में पेयजल, बिजली, शौचालय, चारदीवारी और अन्य बुनियादी सुविधाएँ प्रदान की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति की जा रही है जो विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। कलेक्टर ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई और व्यवहार पर विशेष ध्यान दें।कार्यक्रम में स्कूल के पूर्व छात्र गुर्रम राजेश गौड़ को चारदीवारी और पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एमईओ मुक्तावरम वेंकटेश्वर स्वामी, पूर्व पार्षद कोक्केरा चंद्रशेखर, स्कूल के शिक्षक और विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

एनटीपीसी रामागुंडम ने 48वां स्थापना दिवस मनाया

मंचेरियाल, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम-रामागुंडम ने अपने 48वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया। एनटीपीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रशासनिक भवन के लॉन में इस कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक मनाया।

कार्यक्रम का उद्घाटन एनटीपीसी (रामागुंडम एवं तेलंगाना) के कार्यकारी निदेशक चंदन कुमार सामंत द्वारा एनटीपीसी ध्वज फहराकर किया गया। उन्होंने रामागुंडम के कर्मचारियों के निरंतर प्रयासों की प्रशंसा करते हुए सभी को संगठन के सेवा, अनुशासन और उत्कृष्टता के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

चंदन कुमार सामंत ने कल्याणकारी पहलों की सराहना की और एनटीपीसी की कार्यबल तथा समाज को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दोहराया। इस अवसर पर साइबर सुरक्षा प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए तथा राष्ट्रीय कर्मयोगी जनसेवा वृहद प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रमुख एवं मास्टर प्रशिक्षकों को क्षमता निर्माण में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इस समारोह में एनटीपीसी के अधिकारी, होएचआर, यूनियन प्रतिनिधि, कार्यकारी संघ, एससी/एसटी कल्याण एसोसिएशन, सीआईएसएफ, डीएमएस सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

श्री खेमदास मठ में राम रसोई हेतु भूमि पूजा सम्पन्न प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 19 से 23 जनवरी तक

– सोनू महाराज एवं मनु स्वामी के सानिध्य में राम रसोई निर्माण की नींव रखी गई

– 15 भव्य मंदिरों के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारियाँ हुईं तेज, प्रतिदिन प्रसाद वितरण की होगी व्यवस्था

हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। श्री खेमदास मठ, चूड़ी बाजार (बेगम बाजार) में राम रसोई निर्माण हेतु भूमि पूजा का शुभारंभ सोनू महाराज तथा श्री मनु स्वामी के सानिध्य में विधिवत् संपन्न हुआ। मठ परिसर में महासर माता, पंडित गणेशनारायणजी महाराज, अग्रसेनजी महाराज, सिद्ध श्री हरि पुरुषजी महाराज, बाबा खेमदासजी महाराज और बाबा बालकदासजी महाराज के भव्य मंदिरों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, जिसे श्री महासर माता भक्त मंडल भाग्यनगर एवं श्री गणेश फाउंडेशन द्वारा पूर्ण किया जा रहा है।मठ में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 19 से 23 जनवरी, 2026 तक अत्यंत भव्य रूप में आयोजित होगा। 19 जनवरी को कलश एवं निशान यात्रा आगपुरा जैन मंदिर से प्रातः 10 बजे प्रारंभ होकर श्री खेमदास मठ तक पहुँचेगी। कार्यक्रम से जुड़ने के इच्छुक माता-बहनों के लिए शशिकांत अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, विकास मोदी तथा राजिंदर अग्रवाल के माध्यम से कलश हेतु पंजीकरण एवं जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

करीब 2,500 वर्ग फीट क्षेत्र में बन रही राम रसोई श्री महासर माता भक्त मंडल भाग्यनगर, बद्रीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट के शरद बी. पित्ती, आर. नानकराम सूरजकमल परिवार तथा सत्यम अग्रवाल के सहयोग से तैयार की जा रही है। यहाँ प्रतिदिन भोजन प्रसाद बनेगा तथा परिसर के सभी 15 मंदिरों में नित्य भोग लगाकर श्रद्धालुओं को अन्नदान एवं भोजन प्रसाद वितरित किया जाएगा।

सभी भक्तों से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पधारकर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया गया है।

इस पावन अवसर पर मनु स्वामी, शशिकांत अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, नवरत्न कनोड़िया, विकास मोदी, विवेक मोदी, दिनेश सिंघल, सोनू महाराज, धर्मदास स्वामी, मुकेश स्वामी, मनीष, राजू सहित अनेक भक्तजन उपस्थित रहे।

पीआरएसआई की नई पहल:

स्कूलों में जनसंपर्क कौशल को बढ़ावा देने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर

हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। पीआरएसआई हैदराबाद चैप्टर ने आज कॉर्पोरेट से स्कूलों तक जनसंपर्क पहल के तहत श्री भविष्य इंटरनेशनल स्कूल, हस्तिनापुरम के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (पर हस्ताक्षर किए।भारतीय जनसंपर्क सोसाइटी हैदराबाद चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. गिरी गौड़ और स्कूल की प्रधानाचार्या ममता द्वारा हस्ताक्षरित इस समझौते का उद्देश्य छात्रों को व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास हेतु आवश्यक संचार, नेतृत्व और जनसंपर्क कौशल से परिचित कराना है।डॉ. गिरी गौड़ ने कहा कि प्रभावी संचार, जनसंपर्क और संघर्ष समाधान आज के समय में छात्रों के लिए अनिवार्य जीवन कौशल हैं।

इसी क्रम में पीआरएसआई के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा बाजी, के. गोविंद राज और वाई. बाबजी ने भी शिक्षा के क्षेत्र में संचार नैतिकता और राष्ट्रीय स्तर पर चल रही पीआरएसआई की पहलों पर अपने विचार व्यक्त किए।प्रधानाचार्या ममता ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे छात्रों के आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।कार्यक्रम में पीआरए-सआई हैदराबाद चैप्टर के सचिव राजेश कल्याण, लायंस लीडर वी. माधव राव, अवुसुला श्रीनिवासुलु सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन छात्रों के साथ हुए संवाद सत्र से हुआ।पीआरएसआई हैदराबाद जल्द ही इस पहल का विस्तार अन्य स्कूलों में भी करने जा रहा है।

मजलिस के सहारे कांग्रेस ने जीता उप-चुनाव : किशन रेड्डी

हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। केंद्रीय कोयला व खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने जुबली हिल्स उप चुनाव में कांग्रेस की जीत पर कहा कि अमूमन सत्तारूढ़ दल को ही उप चुनावों में एडवांटेज होता है, फिर भी कांग्रेस ने मजलिस के सहारे उप चुनाव जीता। किशन रेड्डी ने जारी बयान में कहा कि जुबली हिल्स भाजपा की सिटिंग सीट नहीं है, न ही इस निर्वाचन क्षेत्र में कभी जीत हासिल की, बल्कि कॉर्पोरेशन चुनाव तक नहीं जीता।

किशन रेड्डी ने कहा कि जीत के लिए भाजपा ने पूरे प्रयास किए। उन्होंने कहा कि पहले ही कहा था कि जुबली हिल्स उप चुनाव रेवंत रेड्डी सरकार के लिए रेफरंडम नहीं होंगे। सत्तादल कांग्रेस और बीआरएस ने उप चुनाव जीतने के लिए करोड़ों रुपये बहे, जिसकी शिकायत चुनाव आयोग में की जाएगी। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में भाजपा के अनुकूल हवा चल रही है, इसमें कोई संदेह नहीं है।

भाजपा ने विधानसभा चुनाव व लोकसभा चुनाव में 8-8 सीटों पर जीत हासिल की। इसके अलावा हाल में राज्य विधान परिषद ग्रैजुएट्स निर्वाचन क्षेत्र के लिए 3 स्थानों पर हुए चुनाव में 2 पर जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के तौर पर विश्लेषण किया जाए, तो भाजपा ने 57 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अभूतपूर्व परिणाम हासिल किए। भविष्य में भाजपा का और विस्तार होगा।

ईवीएम पर सवाल उठाने वालों को किशन रेड्डी का करारा जवाब

किशन रेड्डी ने कहा कि राजनीतिक पार्टी के तौर पर जीतने के लिए हर प्रकार से प्रयास किए गए। परिणामों की समीक्षा कर आगे जीएचएमसी चुनाव में महापौर का पद हासिल करने के प्रयास किए जाएँगे। उन्होंने प्रश्न किया कि ईवीएम पर हमेशा सवाल उठाने वाले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अब जवाब दें क्या बिहार में ईवीएम ने सही काम नहीं किया या केवल जुबली हिल्स में ईवीएम ने सही काम किया।

किशन रेड्डी ने कहा कि बिहार की जनता ने फिर से जंगल राज न आए इसलिए बीजेपी नीत गठबंधन को जिताकर प्रगति पर मुहर लगाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की जनता ने विकास चाहा है, इसलिए इतनी बड़ी जीत का सेहरा भाजपा नीत गठबंधन के सिर पर बांधा है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा फिर महाराष्ट्र अब बिहार चुनाव में जिस प्रकार कांग्रेस को हार का स्वाद जनता ने चखाया है, उससे साफ है कि अब कांग्रेस को जनता ने विराम दे दिया है। यदि अब देश में चुनाव हुए, तो कांग्रेस पार्टी उसके बचे 3 राज्य भी खो देगी।

हैद्रा आयुक्त को तेलंगाना हाईकोर्ट ने दी चेतावनी



हैदराबाद, 15 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने हैद्रा आयुक्त ए.वी. रंगनाथ को चेतावनी दी कि उन्हें याद रखना चाहिए कि सत्ता ही सब कुछ नहीं है, अगर अदालत सत्ता का प्रयोग करना चाहती है तो और भी शक्तियाँ हैं। अदालत ने उन्हें ऐसी स्थिति पैदा न करने की सलाह देते हुए कहा कि अगर आप अपनी शक्ति दिखाते हैं, तो उन्हें अदालत की भी शक्ति देखनी होगी।उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस बी. विजयसेन रेड्डी ने खानामेट गाँव में तम्मिडीकुंटा तालाब के जीर्णोद्धार कार्य के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने के आदेशों का उल्लंघन करने के लिए दायर अदालत की अवमानना की याचिकाओं पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने आयुक्त रंगनाथ पर कठोर टिप्पणियाँ कीं, जो पिछले आदेश के अनुसार ऑनलाइन सुनवाई में शामिल हुए थे।न्यायाधीश विजयसेन रेड्डी ने कहा कि एक ओर तो सभी हैद्रा के अच्छे कार्यों की प्रशंसा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इस बात पर चिंता व्यक्त कर रहे हैं कि हैद्रा अपनी मनमर्जी से तोड़-फोड़ कर रहा है। उन्होंने कहा कि हैद्रा के खिलाफ सैकड़ों याचिकाएँ दायर की जा चुकी हैं और प्रतिदिन कम से कम 10 याचिकाएँ दायर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हैद्रा के खिलाफ कोई आदेश जारी नहीं किया गया है, अदालत केवल उन्हें कानून का पालन करने का आदेश दे रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि मौजूदा अधिकारियों का इस्तेमाल लोगों की भलाई के लिए किया जाना चाहिए।न्यायाधीश ने चिंता जताते हुए कहा कि अदालती आदेश केवल कागजी कार्रवाई तक ही सीमित किया जा रहा है और उनका पालन करने में उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने कहा कि अदालत के आदेशों के महत्व को जानते हुए भी उल्लंघन करने पर अदालत भी जानती है कि उल्लंघन होने पर कैसे जवाब देना है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता तरुण रेड्डी ने दलील देते हुए कहा कि हैद्रा ने गत अप्रैल माह में आदेश जारी किए जाने के बावजूद काम जारी रखा है।तरुण रेड्डी ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को बिना सूचना दिए तालाब के जीर्णोद्धार का काम शुरू किया गया था, जिससे जमीन जलमग्न हो गई। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी पिछले 10 वर्ष से इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं और उनकी जमीनों में दखलअंदाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हैद्रा के पास यह तय करने का अधिकार नहीं है कि जमीन पट्टा जमीन है या नहीं। इस दौरान हैद्रा आयुक्त रंगनाथ ने अपील करते हुए कहा कि उनका अदालत द्वारा जारी आदेशों का उल्लंघन करने का कोई इरादा नहीं है।

आयुक्त रंगनाथ ने कर्मचारियों को आदेश देकर काम रोका

रंगनाथ ने कहा कि अदालत के आदेश जारी होते ही अपने कर्मचारियों को काम रोकने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि तम्मिडीकुंटा में मेडिकल कचरा डालकर उसे डम्पिंग यार्ड में बदल दिया गया था और फेंके गए कचरे को हटा दिया गया, क्योंकि इससे स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। न्यायाधीश ने कहा कि जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इसे हटाया गया, लेकिन यह नहीं कहा कि अतिक्रमण नहीं हटाया जाना चाहिए।अदालत ने केवल इतना कहा कि कानून के अनुसार आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि अदालत ने कहा कि नोटिस जारी किए जाने चाहिए और उनका स्पष्टिकरण लिया जाना चाहिए, दस्तावेजों की जाँच की जानी चाहिए और निर्णय लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय परम्परा में लोग रियल इस्टेट में निवेश करते हैं और कभी न कभी उन्होंने जाने-अनजाने पंचायतों द्वारा अनुमोदित लेआउट में प्लॉट खरीदे होंगे।अगर उन्होंने केवल 50 से 100 गज जमीन खरीदी और छोटे-छोटे आशियाना बनाए और उन्हें बिना कोई नोटिस दिए सप्ताहांत में तोड़ दिया गया, तो वे कहाँ जाएँगे। यह सवाल उठाते हुए अदालत ने कहा कि सत्ता ही सब कुछ नहीं है। अगर आप इसके साथ सब कुछ करना चाहते हैं, तो आपको एक नीति तैयार कर आगे बढ़ना होगा। अदालत ने कहा कि ऐसी कोई स्थिति नहीं होनी चाहिए, जहाँ उन्हें फिर से बुलाया जाए। इस चेतावनी के साथ मामले की सुनवाई 27 नवंबर तक स्थगित कर दी।

शुभ लाभ का वार्षिक सब्सक्रिप्शन लें और उतने ही मूल्य का विज्ञापन छपवाएं

शुभ लाभ R. No. 5305
SPACE COUPON Rs. 2500/- | Worth of 1 Advertisement 10x10 Sq. Cm. in Shubh Labh
Validity : 1 Year from the time of Issue
SUBSCRIPTION FORM
Name : ....
Period of Subscription : Annual Rs. 2500/-
Mode of Payment : CHEQUE / D.D.
Cheque No. & Date .... Drawn ....
Name of the Executive............
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, T19 Towers, Ranigunj, Secunderabad-500 003 (T.S.)

सुधि पाठकों को यह सूचित करना है कि हिंदी दैनिक शुभ लाभ वार्षिक सब्सक्रिप्शन स्कीम में आंशिक फेरबदल के साथ नये सिरे से सदस्यता अभियान शुरू कर रहा है। रुपये 2500/- के सालाना सब्सक्रिप्शन पर आप निर्धारित अवधि में रुपये 2500/- मूल्य (10X10 वर्ग सेंटीमीटर) का विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशित करा सकते हैं। सब्सक्रिप्शन कूपन की प्रकाशित फोटो के अनुरूप आप अपनी प्राप्ति-रसीद प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 8688868345 पर संपर्क करें। - प्रबंधक

सूचना : सुधि पाठकों और विज्ञापनदाताओं से आग्रह है कि वे वार्षिक सब्सक्रिप्शन एवं विज्ञापन की राशि ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए सीधे संस्थान के बैंक खाते में डालें या बार-कोड द्वारा भेजें...

A/C Holder Name : Shree Siddivinayak publications
Bank Name : City Union Bank OD Account
A/c.No. : 512120020029300
Branch : Balanagar, Hyderabad
IFS Code : CIUB0000464

SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS Hyderabad Balanagar

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.